www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार,1 सितम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक -146 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



साइंस और टेक्नालाजी के साथ आध्यात्मिकता को... 02

■ न्यू नोएडा बसाने के लिए मांगी जाएंगी आपत्ति और...
■ गायब हुई किशोरी का हिजाब पहने फोटो वायरल 04

■ अब भारत, दुनिया के लिए सबसे ज्यादा मायने रखता...
■ ताइवान के लिए पहली बार संप्रभु राज्य वित्त कार्यक्रम... 07

दिलीप साहब और लता मंगेशकर के बीच ... 10

## सार संक्षेप

### जया वर्मा सिन्हा रेलवे की पहली महिला अध्यक्ष नियुक्त



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को जया वर्मा सिन्हा को भारतीय रेलवे की पहली महिला अध्यक्ष और सीईओ नियुक्त किया है। सरकार ने एक अधिसूचना में कहा, 'कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने जया वर्मा सिन्हा, सदस्य (संचालन और व्यवसाय विकास), को रेलवे बोर्ड अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद पर नियुक्ति को मंजूरी दी है। उनका कार्यकाल 31 अगस्त 2024 तक होगा।

### अरविंदर सिंह लवली बने दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता अरविंदर सिंह लवली को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने गुरुवार को बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उन्हें तत्काल प्रभाव से अध्यक्ष के रूप में अपना काम शुरू करने के लिए कहा है। पार्टी ने अब तक दिल्ली प्रदेश की कमान संभाल रहे श्री चौधरी अनिल कुमार के काम की तारीफ की।

### पूर्व सैनिकों को रोजगार के लिए निजी क्षेत्र के साथ समझौता



**नई दिल्ली।** सेना से सेवानिवृत होने पर पूर्व सैनिकों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निजी क्षेत्र के साथ एक समझौता किया गया है। रक्षा मंत्रालय के पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के तहत आने वाले पुनर्वास महानिदेशालय ने मेसर्स जेनपैक्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है।

### गुरुग्राम में नूंह में हिंसा का संदिग्ध पुलिस ने किया गिरफ्तार



**गुरुग्राम।** नूंह पुलिस की अपराध शाखा टीम ने 31 जुलाई को विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा के दौरान हुई नूंह हिंसा में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, गुप्त सूचना के बाद इंस्पेक्टर अमित के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुरुवार को नूंह के फिरोजपुर निवासी संदिग्ध वसीम उर्फ टीटा को पकड़ा है।

### ईडी ने केरल माकपा विधायक मोईदीन को किया तलब

**कोच्चि।** माकपा विधायक और केरल के पूर्व मंत्री ए.सी. मोइदीन द्वारा 31 अगस्त को प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश होने में असमर्थता व्यक्त करने के एक दिन बाद, जांच एजेंसी ने उन्हें सोमवार को अपने कार्यालय में तलब करते हुए एक और नोटिस दिया। त्रिशूर में करुवन्नूर सर्विस कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड से 150 करोड़ रुपए की हेराफेरी की गई थी।

## राहुल ने अडानी मामले पर प्रधानमंत्री मोदी से किया सवाल

# देश से बाहर भेजा गया 'एक अरब डॉलर' किसका

■ राजीव रंजन श्रीवास्तव

**मुंबई,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मुंबई में होने वाली विपक्षी गठबंधन की बैठक से पहले गौतम अडानी पर फिर बड़ा हमला बोला है। राहुल गांधी ने कहा कि अडानी के खिलाफ दुनिया के दो बड़े अखबारों ने खुलासा किया है। हम इस मामले को लेकर पहले भी सवाल उठा चुके हैं, लेकिन केंद्र सरकार इस तरफ ध्यान नहीं दे रही है। इस मामले में पूरा विपक्ष जेपीसी की मांग कर रहा है लेकिन पता नहीं क्यों सरकार यह जांच करा नहीं रही है। राहुल गांधी ने ग्रांड हयात होटल में संवाददाता सम्मेलन में दो वैश्विक फाइनेंशियल अखबारों में छपी खबरों के हवाले से आरोप लगाया है कि अडानी समूह ने देश का पैसा विदेश भेजकर उसके जरिए देश के शेयर बाजार को प्रभावित करके अत्यंत गंभीर आर्थिक अपराध किया है। 'जी-20' की बैठक से पहले यह मामला सामने आया है और यह देश की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ विषय है। यह साफ होना चाहिए कि 'देश से बाहर भेजा गया एक अरब डॉलर' किसका पैसा है।

**यह एक बड़ा घोटाला है**

उन्होंने कहा कि शेयर बाजार से खिलवाड़ करने के काम में दो विदेशी नागरिक शामिल रहे हैं जिनमें एक चीन का रहने वाला व्यक्ति भी है। यह देश की जनता का पैसा था जिसका इस्तेमाल विदेश से शेयर बाजार को प्रभावित करने के लिए किया गया है। कांग्रेस नेता ने इसे बड़ा घोटाला बताया। राहुल गांधी ने सवाल किया कि सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी एजेंसियां गौतम अडानी से पूछताछ क्यों नहीं कर रही हैं? दो प्रमुख वैश्विक अखबारों ने महत्वपूर्ण सवाल उठाए हैं।

■ अडानी मामले की जांच जेपीसी से कराएं प्रधानमंत्री मोदी
■ सीबीआई व ईडी अडानी से क्यों नहीं कर रही है पूछताछ

'जी-20' की बैठक से पहले यह मामला सामने आया है और यह देश की प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ विषय है। यह साफ होना चाहिए कि 'देश से बाहर भेजा गया एक अरब डॉलर' किसका पैसा है : **राहुल गाधी, कांग्रेस नेता**




### इस तरह गर्माया मामला

दरअसल 'ऑर्गेनाइजड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट' (ओसीसीआरपी) ने अडानी समूह पर निशाना साधते हुए गुरुवार को आरोप लगाया कि उसके प्रवर्तक परिवार के साझेदारों से जुड़ी विदेशी इकाइयों के जरिए अडानी समूह के शेयरों में करोड़ों डॉलर का निवेश किया गया। अडानी समूह ने इन सभी आरोपों को खारिज किया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को खुद को पाक-साफ साबित करना चाहिए। जेपीसी गठित होनी चाहिए। कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि आखिर प्रधानमंत्री मोदी अडानी समूह के खिलाफ लगे आरोपों की जांच क्यों नहीं होने दे रहे हैं?

**जांच करने वाले कर्मचारी बन गए**

राहुल ने कहा कि सेबी की जांच में अडानी समूह को क्लीनचिट दे दी गई और ऐसा करने वाले व्यक्ति फिर अडानी समूह के ही कर्मचारी बन गए। कांग्रेस नेता ने कहा सेबी को सबूत दिए गए और सेबी ने गौतम अडानी को क्लीन चिट दे दी। इससे साफ है कि यहां कुछ गड़बड़ है। भारत जैसी अर्थव्यवस्था में इस सज्जन को मुफ्त यात्रा क्यों दी जा रही है। राहुल गांधी ने पूछा कि पहला सवाल यह उठता है कि ये किसका पैसा है? ये अडानी का पैसा है या किसी और का है? इसके पीछे के मास्टरमाइंड विनोद अडानी नामक एक सज्जन हैं जो गौतम अडानी के भाई हैं। पैसे की इस हेरा-फेरी में दो अन्य लोग भी शामिल हैं। एक सज्जन हैं जिनका नाम नासिर अली शाबान अहली है और दूसरे एक चीनी सज्जन हैं जिनका नाम चांग चुंग लिंग है। तो, दूसरा सवाल उठता है कि इन दो विदेशी नागरिकों को उन कंपनियों में से एक के मूल्यांकन के साथ खेलने की अनुमति क्यों दी जा रही है जो लगभग सभी भारतीय बुनियादी ढांचे को नियंत्रित करती है।

### आज तैयार होगा 'इंडिया' का रोडमैप



मुंबई। एक सितंबर को यहां होने वाली विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की तीसरी बैठक के लिए मंच तैयार है। 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए रणनीति और रोड-मैप तैयार करने के लिए मुख्य सम्मेलन आज आयोजित किया जाएगा। शुक्रवार को 28 विपक्षी दल सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच विचार-विमर्श में भाग लेंगे। इन पार्टियों के लगभग 100 नेता, जिनमें 11 मुख्यमंत्री और अन्य शीर्ष पदाधिकारी शामिल हैं। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित अन्य कई नेता मुंबई पहुंच चुके हैं। शाम को शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने रात्रिभोज दिया।

### राहुल के नेतृत्व की ओर देख रहा देश : राउत



मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने गुरुवार को कहा कि देश ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व को स्वीकार कर लिया है और उनकी ओर देख रहा है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने जनता के बीच गहरी छाप छोड़ी है और वह पश्चिम-पूर्व दिशा में इसी तरह की एक और यात्रा शुरू करेंगे। राउत ने कहा, देश ने उन्हें एक गैर-विवादास्पद, सक्षम नेता के रूप में स्वीकार किया है। लोग राहुल गांधी से प्यार करते हैं, वे उनके नेतृत्व में काम करना चाहते हैं।' हालाकि, उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि सभी राष्ट्रीय विपक्षी दल एक साथ बैठेंगे और कुछ दलों के बीच मतभेदों को समाप्त करने के सभी पहलुओं पर चर्चा करेंगे।

## केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा

# जम्मू-कश्मीर में चुनाव के लिए हैं तैयार

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय के समक्ष केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में वह किसी भी समय चुनाव कराने को तैयार है, लेकिन पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए कोई निश्चित समय सीमा नहीं बता सकती।

पूर्ण राज्य बहाल करने में कुछ समय लगेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एस के कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के इस बयान को रिकॉर्ड पर लिया, लेकिन स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर योग्यताओं के आधार पर निर्णय लिया जाएगा। श्री मेहता ने जम्मू-कश्मीर के लिए पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने पर एक निश्चित समय सीमा बताने से परहेज किया।



■ पूर्ण राज्य बहाल करने में लगेगा कुछ समय

**मतदाता सूची पर हो रहा काम**

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 29 अगस्त को केंद्र सरकार को आधिकारिक बयान देने के लिए कहा था। शीर्ष अदालत द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए श्री मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार अब किसी भी समय जम्मू-कश्मीर में चुनाव के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को अपडेट करने का काम चल रहा है। अंतिम फैसला चुनाव आयोग और राज्य चुनाव पैनल को लेना है।

# मोदी सरकार ने बुलाया संसद का विशेष सत्र

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। पूरी तरह चुनावी मूड में आ चुकी केंद्र की मोदी सरकार ने पांच दिन का एक विशेष सत्र बुलाकर सबको चौका दिया है। 18 सितम्बर से 22 सितम्बर तक चलने वाले इस खास सत्र में पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों व अगले साल के लोकसभा चुनाव को देखते हुए कुछ महत्वपूर्ण विधेयक पारित कराए जा सकते हैं।

**प्रह्लाद जोशी ने दी जानकारी**

संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट लिखकर यह जानकारी दी। पांच दिन तक चलने वाला यह विशेष सत्र संसद के नए भवन में आयोजित किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक इस दौरान तकरीबन एक दर्जन विधेयक पेश किए जा सकते हैं। बताया गया कि इन विधेयकों को पारित कराने के लिए ही यह खास सत्र आहूत किया गया है। जोशी ने अपने पोस्ट में लिखा, 'अमृत काल के बीच संसद में सार्थक चर्चा और बहस का इंतजार कर रहा हूं। आमतौर पर हर साल संसद के तीन सत्र बजट सत्र,मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र को बुलाने की परम्परा है। लेकिन विशेष परिस्थितियों में जब सरकार को कुछ खास विधेयक को पारित करवाना या किसी विशेष विषय पर संसद में चर्चा कराना जरूरी लगता है तो वह इस तरह के विशेष सत्र को बुलाने की लोकसभा अध्यक्ष से सिफारिश करती है। ऐसे में माना जा रहा है कि केंद्र सरकार इस साल के अंत में होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव को देखते सदन से कुछ खास विधेयक पारित करा सकती है।

■ 18 से 22 सितम्बर के बीच होंगी पांच बैठकें
■ कुछ महत्वपूर्ण विधेयक कराए जा सकते हैं पारित




### क्या विपक्ष के दावों पर लगेगी मुहर

कुछ दिन पहले ही विपक्ष की तरफ से ऐसे दावे किए गए हैं कि मोदी सरकार इस बार आम चुनाव समय से पहले करा सकती है। दिल्ली के राजनीतिक गलियारों में इस बात को लेकर चर्चा तेज है कि केंद्र की मोदी सरकार जनवरी फरवरी में लोकसभा चुनाव करा सकती है। वहीं, अब पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के बाद बिहार के सीएम नीतीश कुमार के हालिया बयान से इन चर्चाओं में दम नजर आ रहा है। ममता बनर्जी और नीतीश कुमार ने कहा है कि यह लोग लोकसभा चुनाव समय से पहले भी करवा सकते हैं।

## इसरो ने एक वीडियो किया पोस्ट

# चंदा मामा पर अठखेलियां कर रहा प्रज्ञान रोवर



**चेन्नई,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा है कि प्रज्ञान रोवर चंदा मामा पर अठखेलियां कर रहा है। इसरो ने हाल ही में सुरक्षित नेविगेशन मार्ग के लिए चंद्रमा रोवर को घुमाया। इस गतिविधि को चंद्रमा लैंडर पर एक कैमरे द्वारा कैद किया गया और इसरो को भेज दिया गया। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया है। कैप्शन में लिखा, प्रज्ञान रोवर चंदा मामा पर अठखेलियां कर रहा है। लैंडर विक्रम उसे (प्रज्ञान को) ऐसे देख रहा है, ऐसा महसूस होता है मानो जैसे कोई मां अपने बच्चे को खेलते हुए प्यार से देखती है। आपको ऐसा नहीं लगता? इसरो के अनुसार, प्रज्ञान ने चांद पर दूसरी बार सल्फर (एस) की पुष्टि की है। अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोस्कोप (एपीएक्सएस) ने सल्फर के साथ ही अन्य छोटे तत्वों का पता लगाया है। इसरो ने कहा कि वैज्ञानिक अब इस बात खोज कर रहे हैं कि चांद पर सल्फर कहां से आया- आंतरिक, ज्वालामुखीय घटना से या किसी उल्कापिंड से हाल ही में इसरो ने कहा था कि रोवर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास ऑक्सीजन, एल्यूमीनियम, सल्फर और अन्य सामग्रियों की मौजूदगी मिली है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि हाइड्रोजन की मौजूदगी के संबंध में जांच चल रही है।

**लैंडर मां की तरह प्यार से देख रहा**

# पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत रही जीडीपी वृद्धि दर

## पिछले साल की इसी अवधि में दर्ज वृद्धि दर से है काफी कम

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश की आर्थिक विकास दर 7.8 फीसदी रही, जो पिछले साल की इसी अवधि में दर्ज की गई 13.1 फीसदी से काफी कम है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा गुरुवार को ये आंकड़े जारी किए गए। हालाँकि, 2022-23 की जनवरी-मार्च अवधि (चौथी तिमाही) में दर्ज की गई 6.1 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 2023-24 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर ज्यादा रही है। आधिकारिक बयान के अनुसार, वास्तविक जीडीपी या स्थिर (2011-12) कीमतों पर जीडीपी 2023-24 की पहली तिमाही में 40.37 लाख करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि 2022-23 की पहली तिमाही में यह 37.44 लाख करोड़ रुपये थी, जो 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है जबकि 2022-23 की पहली तिमाही में वृद्धि दर 13.1 प्रतिशत थी। आंकड़ों से पता चलता है कि कृषि, खनन, विनिर्माण, बिजली, निर्माण, होटल और परिवहन जैसी सभी गतिविधियों में 2022-23 की पहली तिमाही के मुकाबले 2023-24 की पहली तिमाही में विकास दर कम रही



## असम में बाढ़ से हालात बिगड़े

# 3.4 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित

**गुवाहाटी,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। ब्रह्मपुत्र और अन्य प्रमुख नदियों के बढ़ते जल स्तर के साथ असम में बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई है, जिससे राज्य के 22 जिलों में 3.4 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, माजुली सबसे गंभीर रूप से प्रभावित जिला है, जहां 65,035 लोग ताजा बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। इसके बाद गोलपारा और मोरीगांव जिलों में बाढ़ का असर दिख रहा है। कुल 1,308 लोगों ने 153 राहत शिविरों में शरण ली है, जबकि जिला प्रशासन 150 नामित केंद्रों के माध्यम से राहत वितरित कर रहा है।



## श्रद्धा | अमरनाथ यात्रा में 4.50 लाख श्रद्धालू हुए शामिल

# 'छड़ी मुबारक' की स्थापना के साथ ही यात्रा संपन्न

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 31 अगस्त (देशबन्धु)। 14500 फुट की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा में अमरनाथ यात्रा की प्रतीक 'छड़ी मुबारक' की स्थापना के साथ ही इस साल की अमरनाथ यात्रा का समापन हो गया। हालांकि सैद्धांतिक तौर पर इसका समापन कई दिन पहले उसी दिन हो गया था जब श्राइन बोर्ड ने श्रद्धालुओं की शिरकत पर पाबंदी लगा दी थी। अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह महंत दीपेंद्र गिरि के नेतृत्व में छड़ी मुबारक पवित्र गुफा पहुंची।**

सुबह सूर्य उदय के साथ श्रावण पूर्णिमा के मुहूर्त में पवित्र गुफा में दर्शन किए गए। इसके बाद पूजा अर्चना की गई। वार्षिक अमरनाथ यात्रा आज श्रावण पूर्णिमा के दिन 14500 फुट की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा के मुख्य दर्शनों के साथ ही संपन्न हो गई। आज करीब डेढ़ सौ श्रद्धालुओं, जिनमें अधिकतर सुरक्षाकर्मी ही थे, ने गुफा के दर्शन किए जबकि 29 जून को आरंभ हुई अमरनाथ यात्रा के 62 दिनों के भीतर 4.50 लाख श्रद्धालुओं ने हिमलिंग के दर्शन किए हैं। इस बार अमरनाथ यात्रा में 40 श्रद्धालुओं की मौत भी हो गई। पिछले साल यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 3.10 लाख थी और वर्ष 2012 में यह 6.21 लाख थी। इस यात्रा की प्रतीक पावन पवित्र 'छड़ी मुबारक' को आज पवित्र गुफा में भी स्थापित किया गया जिसे लेकर साधुओं का एक दल श्रीनगर के दशनामी अखाड़े से चला था और इस दल का नेतृत्व दशनामी अखाड़े के महंत दीपेंद्र गिरि ने किया था। पूजा प्रतिष्ठा के बाद इस 'छड़ी मुबारक' को पुन: उसी अखाड़े में स्थापित कर दिया जाएगा। ज्यादातर तीर्थयात्रियों ने 45 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग के बजाय 16 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से यात्रा की।



■ इस बार यात्रा में 40 श्रद्धालुओं की गई जान

**बड़ी संख्या में साधुओं ने लिया हिस्सा**

महंत दीपेन्द्र गिरि के नेतृत्व में आज सुबह पंजतरनी से शुरू हुई छड़ी मुबारक की यात्रा में बड़ी संख्या में सिर्फ साधुओं ने हिस्सा लिया। बम बम भोले और हर हर महादेव जैसे नारों की गूंज के साथ छड़ी मुबारक को पवित्र गुफा में लाया गया। छड़ी मुबारक के यहां पहुंचने के बाद शुरू हुई पूजा दिनभर चली व शाम को छडी मुबारक को रात्रि विश्राम के लिए पंजतरनी ले जाया गया।

# देश

**उवाच** "राहुल गांधी ने कई बार महान क्रांतिकारी विनायक सावरकर व शिवसेना के संस्थापक दिवंगत बाला साहेब ठाकरे का अपमान किया है, अब, शिवसेना (यूबीटी) उसी राहुल गांधी के पीछे भाग रही है, मैं संजय राउत को चुनौती देता हूं कि वह उन्हें प्रचारित करने के बजाय बालासाहेब ठाकरे के स्मारक पर ले जाएं और वहां उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करें:-**नितेश एन. राण, विधायक भाजपा**




| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.8 | 25.9 |
| मुंबई | 32.5 | 25.6 |
| कोलकाता | 36.1 | 29.1 |
| चेन्नई | 36.0 | 23.4 |

## राज्य का दर्जा खोने वाले लद्दाखी चार साल बाद मतदान केंद्रों पर जुटेंगें, विकास परिषद के चुनावों के लिए

■ सुरेश एस डुग्गर

- केंद्र शासित प्रदेश के दर्जे से नाखुश लद्दाखियों में खुशी का माहौल
- 26 सीटों के लिए कुल 89 उम्मीदवार मैदान में
- अधिकारियों ने निर्वाचन क्षेत्रों और मतदान केंद्रों का मूल्यांकन किया




**इन 89 उम्मीदवारों में से 17 नेशनल कान्फ्रेंस के, 9 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी), 17 भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), 4 आम आदमी पार्टी (एएपी) और 42 स्वतंत्र उम्मीदवार**

**जम्मू,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। चार साल पहले राज्य का दर्जा खोने वाले और अब केंद्र शासित प्रदेश के दर्जे से नाखुश लद्दाखियों में खुशी का माहौल इसलिए है क्योंकि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शिरकत करने जा रहे हैं, चाहे यह मतदान विकास परिषद के लिए हो रहे हैं। दरअसल लेह में 5वें सामान्य लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद चुनावों की तैयारी जारी है, 26 सीटों के लिए कुल 89 उम्मीदवार मैदान में हैं। अधिकारियों ने निर्वाचन क्षेत्रों और मतदान केंद्रों का मूल्यांकन किया है, उन्हें हार्ड, साफ्ट और सामान्य क्षेत्रों में वर्गीकृत किया है। लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद करगिल के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है, और केंद्र शासित प्रदेश नेशनल कान्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच सीधे मुकाबले के लिए तैयार है। तीनों पार्टियों ने अपने-अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। आंकड़ों के मुताबिक, हिल काउंसिल करगिल के 5वें आम चुनाव के लिए कुल 89 उम्मीदवार मैदान में हैं। अधिकारियों ने बताया कि इन 89 उम्मीदवारों में से 17 नेशनल कान्फ्रेंस के, 9 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी), 17 भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), 4 आम आदमी पार्टी (एएपी) और 42 स्वतंत्र उम्मीदवार हैं।

गौरतलब है कि करगिल चुनाव के लिए पहली बार इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन का इस्तेमाल किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि पिछले ऐसे चुनावों में, मतपेटियों का उपयोग किया गया था, लेकिन इस बार, मतदान के दिन ईवीएम का उपयोग किया जाएगा। राजनीतिक दलों की उपस्थिति में उनकी पूरी तरह से जांच की गई है, और मतदान के दौरान इंजीनियर भी मौजूद रहेंगे। निर्वाचन आयोग के बकौल, निर्वाचन क्षेत्रों का मूल्यांकन संबंधित विभागों द्वारा कठिन, नरम और सामान्य क्षेत्रों के भेद को ध्यान में रखते हुए किया गया था। इस मूल्यांकन के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। क्षेत्र में 10 सितंबर को होने वाले चुनाव के लिए प्रचार जोरों पर है। राजनीतिक दलों और स्वतंत्र उम्मीदवारों ने घर-घर जाकर प्रचार करना शुरू कर दिया है और चुनाव के लिए अपने-अपने एजेंडे का खुलासा किया है। करगिल में नेशनल कान्फ्रेंस जिला इकाई के अध्यक्ष हाजी हनीफा जान ने कहा कि चुनाव की तैयारी अच्छी तरह से चल रही है। वे कहते थे कि हमारे गठबंधन ने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है, जिसमें एनसी के 17 और कांग्रेस के 9 उम्मीदवार शामिल हैं। हमारे उम्मीदवार सभी 26 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं, और हम पूर्ण बहुमत हासिल करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस और एनसी दोनों अपने सभी उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से तैयारियों में लगे हुए हैं। कांग्रेस के प्रवक्ता और चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार नासिर मुंशी ने उल्लेख किया कि वे जमीन पर सक्रिय रूप से प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी जमीन पर हैं, घर-घर जाकर प्रचार कर रहे हैं और अपने सभी उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## साइंस और टेक्नालाजी के साथ आध्यात्मिकता को भी जोड़ने से जीवन होगा आसानः राष्ट्रपति



**रायपुर,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि बढ़ती प्रतिस्पर्धा के इस युग में साइंस और टेक्नालाजी के साथ आध्यात्मिकता को भी जोड़ने से जीवन आसान होगा। श्रीमती मुर्मु ने आज यहां ब्रम्ह कुमारी संस्थान के शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर में 'सकारात्मसक परिवर्तन का वर्ष' कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कहा कि एक ओर हमारा देश नित-नई ऊंचाइयों को छू रहा है,चांद पर तिरंगा लहरा रहा है या विश्वस्तर खेल में कीर्तिमान रच रहा है। हमारे देशवासी अनेक नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं,वहीं दूसरी ओर एक अत्यंत गम्भीर विषय है कुछ दिन पहले नीट की तैयारी कर रहे दो विद्यार्थियों ने अपने जीवन, अपने सपनों अपने भविष्य का अंत कर दिया। ऐसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए बल्कि हमें प्रतिस्पर्धा को सकारात्मक रूप से लेना चाहिए, हार-जीत तो होती रहती है। उन्होने कहा कि बच्चों पर प्रतिस्पर्धा का दबाव है,पर जितना जरूरी उनका करियर है उतना ही जरूरी है कि वे जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकें।उन्होने कहा कि मुझे लगता है कि ब्रम्हकुमारी संस्थान की सकारात्मक परिवर्तन की इस पाजिटिव थीम की सहायता से हम उन बच्चों की मदद कर सकते हैं जो बच्चे आधी-अधूरी जिंदगी जी कर चले जाते हैं।

> हर बच्चे में अपनी विशिष्ट प्रतिभा है। अपनी रुचि को जानकर इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। यह वैज्ञानिक युग है। अभी के बच्चे बहुत शार्प माइंड के होते हैं। थोड़ा धैर्य कम होता है:-**द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रपति**

राष्ट्रपति ने कहा कि हर बच्चे में अपनी विशिष्ट प्रतिभा है। अपनी रुचि को जानकर इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। यह वैज्ञानिक युग है। अभी के बच्चे बहुत शार्प माइंड के होते हैं। थोड़ा धैर्य कम होता है। ब्रह्मकुमारी परिवार के सदस्य कई बरसों से इस दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होने कहा कि उनकी आध्यात्मिक यात्रा में भी ब्रह्मकुमारी संस्था ने उनका बहुत साथ दिया है। जब मेरे जीवन में कठिनाई थी,तब मैं उनके पास जाती थी। उनका रास्ता कठिन है पर कष्ट सहने से ही कृष्ण मिलते हैं, इसलिए धैर्य का जीवन जीना चाहिए।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि कष्ट सहकर ही हम सफलता हासिल कर सकते हैं। ब्रह्मकुमारी का रास्ता मुझे बहुत अच्छा लगा। आप सहजता से काम करते हुए आप अपनी जिंदगी को बेहतर तरीके से जी सकते हैं। जिंदगी जीने की कला वो सिखाते हैं।पूरी मानवता के कल्याण के लिए ब्रह्मकुमारी परिवार बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। मैं इसके लिए बधाई देती हूँ। सकारात्मक परिवर्तन को लेकर ओडिशा में यह कार्यक्रम शुरू हुआ है और मैं आज यहाँ आप सभी के बीच में भी हूँ। मैं यहाँ पहले ही आ चुकी हूँ।

## सार संक्षेप

### मौत की सजा पर अंतिम फैसला सुप्रीम कोर्ट करे : पीएमके

चेन्नई। पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के संस्थापक नेता डॉ. एस रामदास ने गुरुवार को मांग की कि केंद्र दया याचिका के संबंध में आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) में संशोधन के प्रस्ताव को वापस ले। रामदास ने गुरुवार को बयान में कहा कि केंद्र सरकार ने घोषणा की है कि दया याचिका पर राष्ट्रपति का फैसला अंतिम है। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील नहीं की जा सकती। आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) में संशोधन किया गया है। इससे ग़लती से दोषी ठहराए गए और जीवन में सुधार की इच्छा रखने वाले दोषियों का अधिकार छीन जाएगा। पीएमके नेता ने यह भी कहा कि ऐसे उदाहरण हो सकते हैं, जिनमें सुप्रीम कोर्ट ने मौत की सजा रद्द कर दी हो और नया संशोधन, उस अवसर को छीन लेगा। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति न केवल दया याचिकाओं पर फैसले में देरी करेंगे और कभी-कभी यह फैसला राजनीति से प्रेरित भी हो सकता है।

### झारखंड के डुमरी उपचुनाव में तबाही मचाने का नक्सलियों का मंसूबा ध्वस्त, बंकर में रखा गया विस्फोटकों का जखीरा जब्त

रांची। झारखंड के गिरिडीह जिला के डुमरी विधानसभा सीट पर 5 सितंबर को होने वाले उपचुनाव के दौरान तबाही मचाने का नक्सलियों का बड़ा मंसूबा पुलिस और सुरक्षाबलों ने विफल कर दिया। गुरुवार को चलाए गए स्पेशल सर्च ऑपरेशन के दौरान जिले के खुखरा थाना क्षेत्र के पर्वतपुर इलाके में बंकर में छिपाकर रखा गया विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया गया। सीआरपीएफ के एक अधिकारी ने बताया कि जमीन के नीचे ड्रम और कार्टून में भारी मात्रा में रखे गए हाई एक्सप्लोसिव, कोडेक्स वायर, जिलेटिन, डेटोनेटर सहित कई विस्फोटक पदार्थ बरामद किए गए हैं। माना जा रहा है कि विस्फोटक चुनाव के दौरान पुलिस, सुरक्षा बलों और मतदान पार्टियों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से इकट्ठा करके रखे गए थे।

### ईडी ने केरल सीपीआई (एम) विधायक मोइदीन को किया तलब

कोच्चि। सीपीआई (एम) विधायक और केरल के पूर्व मंत्री ए.सी. मोइदीन द्वारा 31 अगस्त को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश होने में असमर्थता व्यक्त करने के एक दिन बाद, जांच एजेंसी ने उन्हें सोमवार को अपने कार्यालय में तलब करते हुए एक और नोटिस दिया। सूत्रों के मुताबिक, ईडी की जांच से पता चला है कि त्रिशूर में करुवन्नूर सर्विस कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड से 150 करोड़ रुपए की हेराफेरी की गई थी, जहां से मोइदीन ने कुछ साल पहले जिला पार्टी के सचिव के रूप में काम किया था।

## मुख्यमंत्री केसीआर ने महिला संघम सहाय का वेतन बढाकर 8000 रूपए करने का लिया निर्णय

**हैदराबाद,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षाबंधन के तोहफे के रूप में मुख्यमंत्री श्री के.चंद्रशेखर राव ने राज्य में महिला संघों (वीओए) का वेतन बढ़ाने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री के निर्णय के अनुसार इनका वेतन अभी 100 रुपये प्रति माह है, यह बढ़कर 8000 रूपए हो जाएगा। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से राज्य भर में कार्यरत 17,608 आईकेपी महिला संघ (वीओए) लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री केसीआर के निर्णय के अनुसार सरकार ने आदेश जारी कर दिए हैं। यह बढ़ा हुआ वेतन सितंबर महीने से लागू होगा। इस वेतन वृद्धि से सरकारी खजाने पर 106 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। मुख्यमंत्री केसीआर ने महिलाओं के कल्याण को मुख्य उद्देश्य को ध्यान में रखकर मानवीय दृष्टिकोण से वेतन बढ़ाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री केसीआर ने उनका वेतन बढ़ाने, उनकी वर्दी के लिए धन उपलब्ध कराने, नवीनीकरण प्रक्रिया को हर तीन से चार बार बढ़ाने और इसे एक वर्ष तक बढ़ाने और समस्याओं को तुरंत हल करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री केसीआर ने महिला संघ के सहायकों के उनके लिए जीवन बीमा लागू करने के अनुरोध पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।



महिला संघों की सहायिकाओं के अनुरोध के अनुसार वे समान पोशाक नीति का पालन करेंगे और इसके लिए धन जारी करेंगे। मुख्यमंत्री केसीआर ने इस मद में दो करोड़ रूपए का फंड देने का फैसला किया। महिला संघ सहायिकाओं के कर्तव्यों के संबंध में मुख्यमंत्री ने नवीनीकरण प्रक्रिया में अब से हर तीन माह से एक वर्ष तक एक बार संशोधन करने का निर्णय लिया है। वीएओ को जीवन बीमा प्रदान करने के अनुरोध पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री केसीआर ने पंचायत राज मंत्री एर्राबेल्ली दयाकर राव को संबंधित नियमों का अध्ययन करने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया। महिला संघ सहायकों (वीओए) ने घोषणा की कि उन्हें मासिक वेतन का आश्वासन मुख्यमंत्री केसीआर द्वारा स्वराष्ट्रम में लिए गए मानवीय निर्णय के कारण ही मिला है।

## झारखंड में ओवैसी की सभा में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे का वीडियो वायरल, केस दर्ज



**रांची,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड के डुमरी विधानसभा के लिए हो रहे उपचुनाव को लेकर एआईएमआईएम की ओर से आयोजित जनसभा में असदुद्दीन ओवैसी की मौजूदगी में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए जाने पर संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन ने जांच शुरू कराई है। डुमरी में एआईएमआईएम के प्रत्याशी अब्दुल मोबिन रिजवी, मुजफ्फर हसन नूरानी एवं अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। जनसभा के लिए इन्हीं लोगों ने प्रशासनिक अनुमति ली थी। इस जनसभा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जनसभा में ओवैसी जब मुसलमानों पर पुलिस जुल्म का आरोप लगाते हुए भाषण दे रहे थे, तब भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। हालांकि ओवैसी ने नारा लगाने वालों को रोकते हुए कहा कि तुम्हें जाकिर ने लाया है क्या ? गिरिडीह के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि वीडियो सामने आने पर इसकी जांच कराई गई। प्रथम दृष्ट्या यह पाया गया है कि यह न केवल आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है, बल्कि इसे सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने का प्रयास किया गया है।

## ममता बनर्जी ने राजबंशी समुदाय पर उनकी टिप्पणी को तोड़-मरोड़कर पेश करने के लिए भाजपा की आलोचना की



**कोलकाता,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राजबंशी समुदाय के बारे में उनकी टिप्पणी को कथित तौर पर तोड़-मरोड़कर पेश करने के लिए भाजपा की राज्य इकाई की आलोचना की है। वह इस समय विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन की गुरुवार से शुरू होने वाली दो दिवसीय बैठक में हिस्सा लेने के लिए मुंबई में हैं। भगवा पार्टी की आलोचना करते हुए, मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक लंबे पोस्ट में कहा, 'राजबंशी संस्कृति के लिए मेरा प्यार और सम्मान समुदाय के उत्थान के लिए हमारी दृष्टि और काम में प्रतिबिंबित होता है। बंगाल के गद्दारों को शर्म आनी चाहिए जो हमारे लोगों के प्रति प्रेम, एकता और गहरे सम्मान वाले मेरे बयानों में अपनी नफरत भरते हैं।' जानबूझकर मेरे भाषण की गलत व्याख्या करके, भाजपा ने अपनी जातिवादी मानसिकता और विभाजनकारी राजनीति को उजागर किया है। इंडिया उन्हें सबक सिखाएगा!' पार्टी की छात्र शाखा, तृणमूल छात्र परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर एक रैली को संबोधित करते हुए, बनर्जी ने कहा था कि जहां हिंदू और मुस्लिम उनके हाथ हैं, वहीं राजबंशी और मतुआ उनके पैर हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने बुधवार को मुख्यमंत्री के बयान को लेकर उन पर तीखा हमला बोला। अधिकारी के अनुसार, उनकी तुलना अपने पैरों से करके, बनर्जी ने राजबंशियों का अपमान किया है, जैसा कि नाम से पता चलता है कि वे शाही जाति से आते हैं।

उन्होंने कहा, 'वह राजबंशियों की तुलना अपने शरीर के अन्य अंगों जैसे हृदय या पलकों से कर सकती थीं। किसी भी समुदाय के लोगों की तुलना पैरों से करना कभी भी कोई पूरक भाषण नहीं हो सकता। उनकी टिप्पणियां लोगों के लिए बहुत अपमानजनक थीं।'

## मध्यप्रदेश में बीजेपी विधायक ने दिया इस्तीफा, सिंधिया पर लगाए गंभीर आरोप



**भोपाल,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ भाजपा को बड़ा झटका लगा है। भाजपा के मौजूदा विधायक बृजेंद्र सिंह रघुवंशी ने गुरुवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। बृजेंद्र सिंह रघुवंशी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा को लिखे पत्र में कहा, 'भारी मन से आज मैं भाजपा और प्रदेश कार्यसमिति की सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं। मैं पिछले पांच साल से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को अपनी चिंताएं व्यक्त कर रहा हूं। लेकिन, उन्होंने कुछ नहीं किया।' शिवपुरी जिले की कोलारस विधानसभा सीट से विधायक रघुवंशी ने अपने आधिकारिक लेटर-पैड में आरोप लगाया कि जब से ज्योतिरादित्य सिंधिया भाजपा में शामिल हुए हैं, उन्हें पार्टी से अलग कर दिया गया है। रघुवंशी ने अपने पत्र में लिखा, 'कोलारस और शिवपुरी में भ्रष्ट अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

## सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो मामले में दोषियों से उसकी मंजूरी के बिना जुर्माना जमा करने पर सवाल उठाया



**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बिलकिस बानो मामले में दोषियों से उनके अंतरिम आवेदन पर फैसले का इंतजार किए बिना जुर्माना जमा करने पर सवाल उठाया, खासकर तब, जब गुजरात सरकार के खिलाफ दायर याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई चल रही हो। गुजरात सरकार ने बिलकिस के साथ सामूहिक दुष्कर्म और उसके परिवार के सदस्यों की हत्या के मामले में दोषियों को समय से पहले रिहाई की अनुमति दी थी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ को अवगत कराया कि दोषियों ने मुंबई में ट्रॉयल कोर्ट से संपर्क किया है और उन पर लगाया गया जुर्माना जमा कर दिया है। उन्होंने तर्क दिया कि हालांकि जुर्माना जमा न करने से छूट के फैसले पर कोई असर नहीं पड़ता है, लेकिन उन्होंने अपने ग्राहकों को 'विवाद को कम करने' के लिए जुर्माना जमा करने की सलाह दी थी। हालांकि, पीठ ने अदालत के समक्ष दायर उनके आवेदन के नतीजे का इंतजार किए बिना जुर्माना जमा करने पर सवाल उठाया। इसने पूछा, 'आप अनुमति मांगते हैं और फिर अनुमति प्राप्त किए बिना ही जमा कर देते हैं? शीर्ष अदालत ने कहा कि जब गुजरात सरकार ने पिछले साल 15 अगस्त को अपनी माफी नीति के तहत इन 11 दोषियों को रिहा करने की अनुमति दी थी, तब जुर्माना नहीं भरा गया था।

लूथरा ने शीर्ष अदालत को बताया कि मुंबई की सत्र अदालत ने उनकी आशंकाओं के विपरीत जुर्माने को सामान्य रूप से स्वीकार कर लिया। उन्होंने बार-बार तर्क दिया कि जुर्माना जमा करने या न करने का किसी दोषी को छूट देने में कोई 'कानूनी महत्व' नहीं होता।

## शर्मिला की नजर कांग्रेस में प्रमुख पद और 15 विधानसभा टिकटों पर



**हैदराबाद,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। वाईएसआर तेलंगाना पार्टी (वाईएसआरटीपी) प्रमुख वाई.एस. शर्मिला, जिन्होंने गुरुवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी से मुलाकात की, उन्हें कांग्रेस में विलय के बदले में एक प्रमुख पद और 15 विधानसभा टिकटों की उम्मीद है। गांधी परिवार के साथ बैठक के दौरान उन्होंने तेलंगाना की राजनीति से संबंधित व्यापक मुद्दों पर चर्चा की और पार्टी नेतृत्व से उन्हें जो अपेक्षाएं थीं, उन्हें उनके सामने रखा। कांग्रेस नेता और अविभाजित आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत वाई.एस. राजशेखर रेड्डी (वाईएसआर) की बेटी शर्मिला कांग्रेस महासचिव का पद पाने की इच्छुक बताई जा रही हैं। शर्मिला, जो पहले ही तेलंगाना के खम्मम जिले के पलेयर निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुकी हैं, चाहती हैं कि पार्टी कम से कम 15 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उनके उम्मीदवारों को टिकट दे।

वाईएसआरटीपी के एक सूत्र ने बताया, 'वह अब कांग्रेस आलाकमान की प्रतिक्रिया का इंतजार करेंगी और आगे की बातचीत के आधार पर विलय के तौर-तरीकों पर काम किया जाएगा।' वाईएसआरटीपी नेता ने राहुल गांधी से तेलंगाना की राजनीति पर विस्तृत चर्चा की। बाद में सोनिया गांधी भी उनके साथ बैठक में शामिल हो गईं। मुलाकात के बाद शर्मिला ने मीडियाकर्मियों से कहा कि उन्होंने उनसे तेलंगाना से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा, 'वाईएसआर की बेटी के रूप में मैं तेलंगाना के लोगों की सेवा के लिए अथक प्रयास करना जारी रखूंगी।'

कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से मुलाकात को शर्मिला का खेमा बड़ी उपलब्धि के तौर पर देख रहा है। एक नेता ने पहचान उजागर न करने की शर्त पर आईएएनएस को बताया, 'उनके बीच बहुत अच्छी बातचीत हुई। बैठक बर्फ तोड़ने वाली रही।' शर्मिला आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी की बहन हैं, जिन्होंने गांधी परिवार के खिलाफ विद्रोह का झंडा उठाया था और अपने पिता वाईएसआर की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन के एक साल बाद 2010 में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) बनाई थी।


**योजना** *तमिलनाडु में लागू हुई प्रातः कालीन भोजन योजना*

## अब हर सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों को मिलेगा प्रातः कालीन भोजनः स्टालिन

**नई दिल्ली, 31 अगस्त (देशबन्धु)। तमिलनाडु राज्य में अब हर प्राइमरी सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों को प्रातः कालीन भोजन यानी सुबह का नाश्ता मिलेगा। यह योजना 25 अगस्त से पूरे तमिलनाडु में लागू हो गई है। इसका शुभारंभ तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के .स्टालिन ने किया।**

इस योजना का लाभ तमिलनाडु राज्य के 31000 स्कूलों के 17 लाख विद्यार्थियों को मिलेगा। मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि स्कूल में खाली पेट आने वाले बच्चों को भोजन देने के लिए यह योजना लागू की जा रही है। उन्होंने दोहराया कि किसी को भी इस योजना को मुफ्त या दान के रूप में नहीं लेना चाहिए।

यह सरकार का कर्तव्य और जिम्मेदारी है। शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को अधिक देखभाल और दयालुता के साथ भोजन प्रदान करने का निर्देश दिया गया है। सरकार का कहना है कि प्रिय छात्रों, हम आपको सुबह का नाश्ता और दोपहर का भोजन परोसा रहे हैं।



> स्कूल में खाली पेट आने वाले बच्चों को भोजन देने के लिए यह योजना लागू की जा रही है। उन्होंने दोहराया कि किसी को भी इस योजना को मुफ्त या दान के रूप में नहीं लेना चाहिए:-**एम.के .स्टालिन, मुख्यमंत्री तमिलनाडु**

- योजना का लाभ तमिनलाडु राज्य के 31000 स्कूलों के 17 लाख विद्यार्थियों को मिलेगा

पढ़ाई करो, पढ़ाई करो, बिना किसी चिंता के पढ़ाई करो और सिर्फ अपनी पढ़ाई पर ध्यान दो। किसी भी परिस्थिति में किसी भी कारण से शिक्षा मत छोडना।

मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के दिल में प्रातः कालीन भोजन योजना की सोच उस वक्त आई, जब वे चेन्नई के एक कॉर्पोरेशन स्कूल के एक कार्यक्रम में शिरकत करने के दौरान कुछ बच्चों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने देखा कि उनमें से कुछ थके नजर आ रहे थे। उन्होंने मातृवत् चिंता से उनसे पूछा, वे इतने थके क्यों है। उन्हें यह सुनकर आश्चर्य हुआ कि कई छात्र का सुबह का भोजन नहीं लेते हैं, खाली पेट स्कलू आते है।

अधिकारियों से मंत्रणा के बाद उन्होंने योजना को तत्काल लागू करने का आदेश दिया। इस तरह प्रातः कालीन भोजन योजना कुछ ही समय में अस्तित्व में आ गई।

उल्टा पुल्टा

अंग्रेज को मच्छर काट रहे थे
उसने सारी लाइट बंद कर दी,
तभी रूम में जुगनू आ गया...
अंग्रेज वो माई गॉड...
इंडिया का मच्छर कितना एडवांस है,
टार्च लेकर ढूढ़ रहा है।

# पार्षदों के भत्ते में बढ़ोतरी का प्रस्ताव पास 300 रुपए से बढ़ाकर 25 हजार किया

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम के पार्षदों को सदन की बैठक में शामिल होने के लिए मिलने वाले भत्ते में बढ़ोतरी का प्रस्ताव पास किया गया है। इसके तहत उन्हें मिलने वाले भत्ते में करीब 83 गुना से ज्यादा की बढ़ोतरी की गई है। सदन की बैठक में भत्ते को 300 रुपए से बढ़ाकर 25 हजार रुपए प्रति मीटिंग करने का प्रस्ताव पास किया गया है।

दिल्ली नगर निगम की गुरूवार को हुई बैठक में 9 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। जिसमें सबसे महत्वपूर्ण पार्षदों को मिलने वाले अलाउंस को 300 रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपए प्रति मीटिंग करने का प्रस्ताव पास किया गया। इसके अलावा निगम की 23 सेवाओं की डोर स्टेप डिलीवरी, हरदयाल मैनेजमेंट कमेटी के गठन का प्रस्ताव भी पास किया गया है। बैठक में आज 10 एजेंडे पेश किए गए, जिनमें से सर्वसम्मति के साथ 9 एजेंडे पास किए गए हैं। जबकि टोल टैक्स संबंधी एजेंडे को रैफर बैक किया गया है।

मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने बताया कि दिल्ली नगर निगम के सदन की



बैठक में आज 10 एजेंडे पेश किए गए, जिनमें से सर्वसम्मति के साथ 9 एजेंडे पास किए गए हैं। जबकि टोल टैक्स संबंधी एजेंडे को रैफर बैक किया गया है। उन्होंने कहा कि हमने सभी पार्षदों के लिए भी एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास किया है। पहले पार्षदों को अलाउंस के तौर पर प्रति मीटिंग 300 रुपए मिलते थे। आर्थिक सहायता नहीं होने से पार्षदों को काफी परेशानी होती है। अब उस 300 रुपए के अलाउंस को बढ़ाकर

**दिल्ली नगर निगम की बैठक में पास हुआ प्रस्ताव**

25 हजार रुपए प्रति मीटिंग करने का प्रस्ताव पास किया गया है। पार्षदों को अपनी जेब से काफी पैसे खर्च करने पड़ते थे, इसी को देखते हुए आज इस प्रस्ताव को पास किया गया।

उन्होंने आगे कहा कि हरदयाल लाइब्रेरी के कर्मचारी, महीनों से सैलरी के लिए धरने पर बैठे हैं। नगर निगम से हरदयाल लाइब्रेरी को जो ग्रांट दी गई थी, उसका सदुपयोग नहीं हो सका और कर्मचारियों को सैलरी नहीं दी गई। इसी को देखते हुए आज हमने कानूनी और आर्थिक सलाह लेने के बाद हरदयाल लाइब्रेरी मैनेजमेंट कमेटी के प्रस्ताव को पास किया है। मैं हरदयाल लाइब्रेरी के सभी कर्मचारियों को आश्वासन देती हूं कि आपको महीनों से जिन दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, उसे सुलझा दिया गया है। आपकी सभी पेंडिंग सैलरी आपके खाते में जल्द दे दी जाएगी। इसके लिए एक वेरिफिकेशन कमेटी का गठन किया था, उसी रिपोर्ट के हिसाब से कर्मचारियों को उसकी सैलरी देंगे।

**दिल्ली नगर निगम के सदन की बैठक में यह प्रस्ताव हुए पास**

1. डोर स्टेप डिलीवरी योजना को लागू करना 2. हरदयाल लाइब्रेरी की मैनेजमेंट कमेटी का गठन 3. पैट्स डॉग्स का रिजस्ट्रेशन 4. गुलाबी बाग में ड्रेन का निर्माण 5. डाटा एंट्री ऑपरेटर को एक्सटेंशन देना 6. मेडिकल गैस संबंधी प्रस्ताव 7. मलिकपुर आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी की शिफ्टिंग 8. पार्षदों के प्रति बैठक अलाउंस में बढ़ोतरी 9. एक काउंसलर की छुट्टी का प्रस्ताव।

## रक्षाबंधन के दिन निगम की बैठक बुलाना ठीक नहीं: नाजिया दानिश



**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षाबंधन के दिन दिल्ली नगर निगम की बैठक बुलाए जाने पर कांग्रेस ने आप शासित निगम पर निशाना साधा। निगम में कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश ने कहा जब पहले से यह पता था कि रक्षाबंधन 30 और 31 अगस्त को मनाया जाएगा तो हाउस बुलाने के लिए इन दो तारीखों के अलावा 27,28 और 29 अगस्त की तारीखें थी। लिहाजा इन तारीखों पर भी हाउस बुलाया जा सकता था। इसी कारण हमारे बीजेपी के साथी पाषर्द हाउस में नहीं आ सके। क्योंकि हम सभी जानते हैं कि त्यौहार की दिन हमारे घर मेहमान आते हैं। बहनें दूर से आती हैं भाइयों को एक शहर से दूसरे शहर अपनी बहनों के पास इस त्योहार को मनाने के लिए जाना पड़ता है। वहीं स्टाफ को तो पूरे-पूरे दिन कम करना पढता है। मैंने हाउस में भी इस मुद्दे को उठाते हुए कहा था कि ये त्यौहार प्रेम का आस्था का और विश्वस का है। पता चला की भाई राखी बधंवाने आए हैं और बहन काम पर गई है। इसलिए मैंने मेयर साहिबा और आयुक्त जी से इस बात का ध्यान रखने के लिए कहा है। वहीं दूसरी ओर नाजिया दानिश ने निगम की बैठक में अपने वार्ड से संबंधित विभिन्न मुद्दों को भी उठाया।

## पार्षदों के बैठक भत्ते में बढ़ोत्तरी की भाजपा ने निंदा की



**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि भाजपा दिलली आम आदमी पार्टी के प्रमुख मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उनकी पार्टी के सदस्यों को एमसीडी में एक प्रस्ताव लाने और मंजूरी देने की अनुमति देने के लिए कड़ी निंदा करती है। पार्षदों का बैठक भत्ता रुपए 300 प्रति बैठक से रु. 25000 प्रति बैठक करने का प्रस्ताव आम आदमी पार्टी ने आज पारित करवाया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि दिल्लीवासी यह देखकर हैरान हैं कि आम आदमी पार्टी अपने पार्षदों के भत्ते में 80 गुना बढ़ोतरी की मांग कर रही है। यह चौंकाने वाली बात है कि किसी भी स्तर पर सत्ता में आने के बाद आम आदमी पार्टी का पहला प्रयास अपने सदस्यों को वित्तीय लाभ देना होता है। इसी प्रकार पार्षदों के लिए मासिक भत्ते की अधिकतम कैपिंग 33 गुना वृद्धि के साथ 3000 से 1 लाख प्रति माह करना का प्रस्ताव पारित हुआ है। श्री सचदेवा ने कहा है कि चीजों को सीधा रखते हुए कहा जाये तो आम आदमी पार्टी एम.सी.डी. अपनी दिलली सरकार के नक्शेकदम पर चल रही है। दिलली के लोगों को याद है कि 2015-16 में आम आदमी पार्टी ने इसी तरह अपने विधायकों के मासिक वेतन में 40 गुना बढ़ोतरी करने की कोशिश की थी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि यह चौंकाने वाली बात है कि पार्षदों के बैठक भत्ते में आखिरी बढ़ोतरी 2004 में हुई थी जब कांग्रेस ने भत्ता दोगुना कर दिया था और आज आम आदमी पार्टी ने 80 गुना बढ़ोतरी की मांग कर सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। एमसीडी में विपक्ष के नेता सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आज का दिन एमसीडी के इतिहास में काला दिन है। दो कारणों से, पहला हमारे विरोध के बावजूद रक्षा बंधन के दिन सदन की बैठक हुई और दूसरे, सदन की बैठक में भाजपा की गैर-मौजूदगी का फायदा उठाते हुए मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने पार्षदों के बैठक भत्ते में असामान्य वृद्धि के लिए आम आदमी पार्टी के निजी सदस्य के प्रस्ताव को मेज पर अनुमति दे दी। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि निजी सदस्य का प्रस्ताव एजेंडे का हिस्सा नहीं था, फिर भी मेयर ने इसे समय दिया और आप पार्षदों ने इसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया, जिससे पता चलता है कि इसे खुद सी.एम. अरविंद केजरीवाल का आशीर्वाद प्राप्त है, लेकिन बीजेपी इसका विरोध करेगी।

## सार संक्षेप

### टर्टल वैक्स इंडिया ने डिटेलिंग ड्यूज़ के साथ साझेदारी की

नई दिल्ली। शिकागो स्थित कार केयर कंपनी टर्टल वैक्स ने डिटेलिंग ड्यूज़ के साथ साझेदारी में अपने और एक को -ब्रांडेड कार-केयर स्टूडियो के लॉन्च की घोषणा की है। जो खसरा नंबर 726/741, सेक्टर - 75, बादशाहपुर, में स्थित है। अल्ट्रा-मॉडर्न टर्टल वैक्स डिटेलिंग तकनीकों और अत्यधिक योग्य और प्रशिक्षित सेवा कर्मियों की एक टीम से लैस, यह टर्टल वैक्स कार केयर स्टूडियो विशेष रूप से कार उत्साही लोगों के व्यक्तिगत पसंद को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई कार डिटेलिंग सेवाओं और उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करता है। साजन मुरली पूर्वांगरा, मैनेजिंग डायरेक्टर, टर्टल वैक्स कार केयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने लॉन्च पर बात करते हुए कहा कि हमने हरियाणा में कार केयर में बढ़ती रुचि देखी है और यहां गुड़गांव में एक और कार केयर स्टूडियो खोलने का फैसला किया है। इस ऑल-न्यू स्टूडियो के साथ, हमारा लक्ष्य राज्य भर में सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास प्रीमियम गुणवत्ता वाली कार डिटेलिंग सेवा प्रदान करना है।

### दिल्ली मेट्रो में मास्टरबेट कर व्यक्ति ने नाबालिग पर स्पर्म गिराया, आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो में लड़कियों के साथ दुव्यवहार की खबरें अक्सर सामने आती रहती हैं। इसी तरह का अब एक और नया मामला सामने आया है। दिल्ली पुलिस ने मेट्रो में यात्रा कर रही एक नाबालिग के साथ आपत्तिजनक हरकत करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। आरोपी ने दिल्ली मेट्रो की रेड लाइन पर यात्रा के समय भीड़ का फायदा उठाकर मास्टरबेट (हस्तमैथुन) किया और नाबालिग लड़की पर वीर्य (स्पर्म) गिरा दिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि घटना बुधवार रात करीब 8:30 बजे हुई। रक्षा बंधन उत्सव के कारण मेट्रो में काफी भीड़ थी। व्यक्ति ने मास्टरबेट करके एक नाबालिग पर स्पर्म गिरा दिया था, लेकिन उसकी मां ने भीड़ से भरे कोच में आरोपी की इस गंदी हरकत को देख लिया था। जब महिला ने शोर मचाया तो साथी यात्रियों ने आरोपी को पकड़ लिया और दिल्ली मेट्रो अधिकारियों को सौंप दिया। अधिकारी ने बताया कि महिला अपनी बेटी के साथ सीलमपुर स्टेशन पर उतरी। वहीं, पश्चिम बंगाल के रहने वाले आरोपी को शाहदरा स्टेशन पर मेट्रो अधिकारियों को सौंप दिया गया।

## ट्रक ड्राइवरों की मदद के लिए आगे आया मोबिल

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। मोबिल ने अपना नया अभियान ट्रकिंग इज हार्ड चूजिंग इंजन ऑयल शूडन्ट बी लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य ट्रक ड्राइवरों को अपने ट्रक के लिए सही गुणवत्ता वाले इंजन ऑयल चुनने में मदद करना है। अपने ट्रक की जरूरतों एवं उसकी उम्र के आधार पर खरीदारी करने का निर्णय लेने में ट्रक ड्राइवरों को पहले स्थान पर रख कर मोबिल उनकी मदद कर रहा है। मोबिल ने इस अभियान के हिस्से के रूप में अपने उत्पादों का नाम बदलने के बाद उत्पाद के लेबल को बहुत सरल बनाया है, आइकन का उपयोग किया है, एवं दावा की भाषा को आसान किया है। अपने व्यवसाय को जवाबदेह और सतत तरीके से संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध मोबिल ने हाल ही में इंजन ऑयल के लिए अपने 50 प्रतिशत पोस्ट-कंज्यूमर रिसाइकिल्ड प्लास्टिक पेल के साथ टिकाऊ पैकेजिंग को प्रोत्साहित करने की एक पहल को शुरू किया है। भारत में यह पहली बार है और मोबिल डेलवैक के उत्पाद पेल पैक के लिए पीसीआर का उपयोग करने में पहले हैं। इस अवसर पर बोलते हुए एक्सॉन मोबिल ल्यूब्रिकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, विपिन राणा ने कहा कि अपने व्यापार भागीदारों और उपभोक्ताओं को विशेष ऑफर प्रदान करने के साथ ट्रक ड्राइवरों को अपने ट्रक के लिए सही गुणवत्ता वाले इंजन ऑयल चुनने का निर्णय लेने में मदद करने पर हम वास्तव में उत्साहित हैं। सभी परिस्थितियों में ट्रक के इंजन को खराब होने से बचाने और ट्रक ड्राइवरों एवं व्यवसायों को फलने-फूलने में मदद करने के लिए मोबिल डेलवैक 100 वर्षों से अग्रणी रह कर प्रयासरत है।

# लवली को मिली दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले गुरुवार को दिल्ली के अपने संगठन में बड़ा बदलाव करते हुए पूर्व मंत्री अरविंदर सिंह लवली को राज्य इकाई का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने 54 वर्षीय लवली को दिल्ली कांग्रेस का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। लवली ने चौधरी अनिल कुमार का स्थान लिया है। अनिल कुमार ने मार्च 2020 में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली थी। दिसंबर, 2022 में हुए दिल्ली नगर निगम के चुनाव में कांग्रेस को 250 सदस्यीय निगम में सिर्फ नौ सीटें मिली थीं, जबकि आम आदमी पार्टी 134 सीटों के साथ पहले और भाजपा 104 सीटें के साथ दूसरे स्थान पर रही थी। निगम चुनाव में कांग्रेस के इस निराशाजनक प्रदर्शन के बाद से ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के पद से अनिल कुमार के स्थान पर किसी अन्य नेता को नियुक्त किए जाने को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं। पार्टी नेतृत्व ने हाल ही में दीपक बाबरिया को दिल्ली का प्रभारी नियुक्त किया था। शीला दीक्षित

**खोए जनाधार को वापस हासिल करने की होगी चुनौती**




की सरकार में बतौर मंत्री कई महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभालने वाले लवली इससे पहले दिसंबर 2013 से फरवरी 2015 तक दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

**कांग्रेस को खड़ा करने के लिए सबको साथ लेकर चलेंगेः लवली**

दिल्ली कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने गुरुवार को कहा कि वह राजधानी में पार्टी को फिर से खड़ा करने के लिए अपने पूर्ववर्ती अध्यक्षों सहित सभी को साथ लेकर चलेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठनात्मक ढांचे को ठीक करने और दिल्ली के लोगों तक पहुंचने पर ध्यान केंद्रित करेगी। लवली ने कहा कि मेरी भूमिका अब दिल्ली में पूरे पार्टी संगठन को मजबूत करने की है। लोगों ने राहुल गांधी और कांग्रेस की ओर देखना शुरू कर दिया है। उनका कहना था, हम पिछले अध्यक्षों सहित प्रत्येक नेता को साथ लेंगे और पार्टी को फिर खड़ा करने के लिए एकजुट होकर काम करेंगे। नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह राहुल गांधी ने देश भर में भारत जोड़ो यात्रा के जरिए महंगाई का मुद्दा उठाया, उसी तरह हम भी प्रासंगिक मुद्दे उठाएंगे। हमें पहले संगठनात्मक ढांचे को ठीक करने की जरूरत है। अगले लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन की संभावना से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि गठबंधन को लेकर केंद्रीय नेतृत्व फैसला करेगा। लवली ने कहा कि आलाकमान जो भी फैसला करेगा, हम उसका पालन करेंगे। दिल्ली कांग्रेस के नेता पहले हुई बैठकों में अपनी राय रख चुके हैं। वहीं दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल चौधरी ने कांग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सोनिया गाँधी जी और राहुल गाँधी जी द्वारा अरविंदर सिंह लवली पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमिटी का अध्यक्ष बनाये जाने पर आभार व्यक्त किया है।उन्होंने कहा की अब पार्टी दिल्ली मे पुनः खोया जनाधार प्राप्त करेंगी।

## जन्माष्टमी उत्सव की हुई शुरुआत



**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। अमेज़ॅन फ्रेश ने जन्माष्टमी और त्यौहारी सीजन के लिए 1 से 7 सितंबर तक फेस्टिव सीजन की शुरुआत सुपर वैल्यू डेज़ के साथ कि है। अमेज़ॅन फ्रेश के अनुसार जन्माष्टमी के साथ उत्सव की शुरुआत करें और अमेज़ॅन फ्रेश पर विशेष रूप से तैयार किए गए जन्माष्टमी स्टोर के संग अपने प्रियजनों के साथ जश्न मनाएं और अच्छा समय बिताएं। सुपर वैल्यू डेज़ के दौरान, ताजे फल एवं सब्जियों, ग्रोसरी और रोजमर्रा की जरूरी चीजों से विशेष रूप से तैयार किए गए व्यंजनों से अपने मेहमानों का स्वागत करने के लिए तैयार हो जाइए। स्टेपल, पैकेटबंद खाद्य पदार्थ, पर्सनल केयर एवं बेबी तथा पेट केयर प्रोडक्ट सहित अन्य प्रोडक्ट पर 45 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठाएं। कस्टमर पूरे महीने का सामान जमा कर सकते हैं और एकल ऑनलाइन डेस्टीनेशन से सुविधाजनक डिलीवरी के विकल्पों के साथ फॉर्च्यून, कैच, डी लेक्टा, डाबर, टाटा सोलफुल, आशीर्वाद जैसे लोकप्रिय ब्रांडों के नए ऑफर का लाभ उठा सकते हैं।

## सामूहिक रीडिंग के लिए शुरू की गई पहल

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। रूम टू रीड इंडिया ने अपने 'इंडिया गेट्स रीडिंग' फ्लैगशिप रीडिंग अभियान के तहत आज 1 सितंबर, 2023 को सुबह 11 बजे से 11:30 बजे तक 'रीड-ए-थॉन' कार्यक्रम का आयोजन किया। रूम टू रीड इंडिया ने रीड-ए-थॉन 2023 कार्यक्रम के माध्यम से एक नया कीर्तिमान स्थापित करने का महत्वाकांक्षी प्रयास किया है, जिसमें इस संस्थान ने व्यक्तिगत रूप बैठकर पढ़ने की व्यवस्था वाले परिवेश में रिकॉर्ड संख्या में प्रतिभागियों को सम्मिलित करने का लक्ष्य रखा है। इस आयोजन के तहत देश भर के विभिन्न स्थानों पर प्रतिभागियों के पढ़ने के लिए व्यवस्था की गई है, जिनमें 11 राज्य शामिल हैं जहाँ यह संगठन सक्रिय रूप से कार्यरत है। इस मौके पर पूर्णिमा गर्ग, डिप्टी कंट्री डायरेक्टर, रूम टू रीड, कहती हैं, 'रूम टू रीड इंडिया ने रीड-ए-थॉन पहल के माध्यम से बच्चों की पढ़ने की आदतों को प्रोत्साहन देने के अपने संकल्प को दोहराया है। यह दिन अपने आप में बेहद अनोखा है, जब हम पूरे भारत से बच्चों को अलग-अलग स्थानों पर एक साथ पढ़ने के लिए एकजुट करते हैं।

## भाई-बहन ने मनाया स्नेह के बंधन का त्यौहार



**नई दिल्ली।** गढ़ी के रहने वाले दीपक राजपूत गौड़ के चार माह के पुत्र तुर्वसु और उनकी बहन पायल की ग्यारह माह की पुत्री डिम्पी ने अपना पहला रक्षाबंधन मनाया। स्नेह का धागा बंधवाते हुए दीपक ने कहा, जैसे हम दोनों भाई बहन का प्यार अटूट बना रहा है, मैं कामना करता हूं कि हमारे बच्चे भी अपनी ज़िंदगी में हमेशा एक-दूसरे की रक्षा करें और उनके बीच का प्यार बना रहे।

# 'शूट आउट एट भजनपुरा' कांड में माया गैंग के 'माया भाई' की कहानी एकदम फिल्मी है

## चार दिन पहले बालिग हुए उभरते डॉन ने रोड रेज में कर दी थी अमेजन कंपनी के मैनेजर की हत्या

■ जोगेंद्र सोलंकी

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के भजनजनपुरा में बीते मंगलवार को अमेजन कंपनी के मैनेजर हरप्रीत गिल की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस हत्याकांड में शामिल मुख्य आरोपी मोहम्मद समीर उर्फ माया और बिलाल गनी उर्फ मालू को गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली उत्तर-पूर्व के डीसीपी जॉय एन टिर्की ने बताया कि इस हत्याकांड में शामिल 18 साल के समीर उर्फ माया को डॉन बनने की सनक है। 29 अगस्त को गिरफ्तार आरोपी ने अपने चार अन्य साथियों के साथ रोड रेज में हरप्रीत गिल की हत्या व उसके साथी को घायल कर



दिया था। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी की कोशिश की जा रही है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने हत्याकांड के मास्टरमाइंड मोहम्मद समीर उर्फ माया को सीमापुरी इलाके से उसे गिरफ्तार किया गया है। इस पर पहले से चार मर्डर के केस हैं। हालांकि इससे पहले के मामलों में ये नाबालिग था। 27 अगस्त यानी चार दिन पहले ही ये 18 साल का हुआ है। इस पर शुरू से ही डॉन बनने का भूत सवार रहा है। पागलपन ऐसा है कि धौंस जमाने के लिए मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो पोस्ट करता है। मोहम्मद समीर उर्फ माया ने अपने इंस्टाग्राम बायो में 'नाम बदनाम, पता कब्रिस्तान, उमर जीने की शौक मरने का' लिखा हुआ है। वह अपने गैंग को माया गैंग कहता है। साथ ही खुद को 'माया भाई'। करीबी बताते हैं समीर ने कुछ साल पहले विवेक ओबेरॉय की फिल्म शूट आउट एट लोखंडवाला केबल टीवी पर देखी थी और तभी से उस पर विवेक ओबेरॉय के कैरेक्टर माया का जुनून सवार हो गया। वह खुद को माया भाई कहलवाने लगा। उसने अपने इंस्टाग्राम आईडी का नाम भी किंग 'माया' 302 कर लिया था। इसमें आखिर के तीन नंबर (302) की कहानी हत्या के मामले में लगने वाली आईपीसी की धारा है। ऐसे इलाके में जहां इरफान छेनू, नासिर और हाशिम बाबा जैसे अनुभवी गैंगस्टरों ने एक दशक से अधिक समय से किसी भी दूसरे गिरोह को इलाके में पनपने नहीं दिया है, ऐसे में पूर्वोत्तर दिल्ली के अपराध जगत में समीर के उदय ने कई लोगों को हैरान किया है। कुछ महीनों पहले तक किशोरों का यह गिरोह चलते-फिरते लोगों को लूटता थे। बात बिगड़ने पर फायरिंग करके फरार हो जाते थे। इनकी उम्र 18 साल से कम होने के कारण पुलिस भी कुछ खास कार्रवाई नहीं कर पाती थी और आज ये न केवल पुलिस बल्कि आम लोगों के लिए एक बड़े खतरे तौर पर उभर चुके हैं।

■ **एक फिल्म के किरदार ने समीर उर्फ माया का नायक से खलनायक बना दिया**


## विशेष रेलगाड़ी का संचालन

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा **रक्षा बंधन त्यौहार** के सम्बन्ध में निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ी का संचालन निम्न समय-सारणी के अनुसार किया जाएगाः-

**04111/04112 प्रयागराज जं. – आनन्द विहार (ट.)– प्रयागराज जं. सुपरफास्ट स्पेशल रेलगाड़ी (2 फेरे)**

| रेलगाड़ी सं. 04111 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04112 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 20:30 | प्रयागराज जं. | 19:00 | -- |
| 07:15 | -- | आनन्द विहार (ट.) | -- | 09:30 |

चलने की तिथि : 04111 प्रयागराज जं. से दिनांक 03.09.2023 (रविवार) को एवं 04112 आनन्द विहार (ट.) से दिनांक 04.09.2023 (सोमवार) को।
स्थानः प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।
ठहरावः फतेहपुर, कानपुर सेन्ट्रल, इटावा, टुंडला एवं अलीगढ़ स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App. देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन 139 रेलमदद वेबसाइटः https://enquiry.indianrail.gov.in देखें एवं रेलमदद ऐप डाउनलोड करें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2709-2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

"ट्रेड शो में 1 हजार वर्गमीटर का एरिया हमे मिला है। इसमें 600 वर्गमीटर का एरिया भर चुका है। अभी 400 वर्गमीटर का एरिया बचा हुआ है। ये भी फिल हो जाएगा। यहां सेमसंग और आइकिया जैसे कंपनियों के स्टॉल लगेंगे। इसके अलावा ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण को करीब 1200 वर्गमीटर स्पेस दिया गया है। वहीं उद्यमियों में एनईए ने अलग से 150 वर्गमीटर स्पेस की मांग जिला उद्योग बंधु बैठक में की।

**लोकेश एम, सीईओ**

## आईआईटी की टीम प्राधिकरण इंजीनियरों को करेगी ट्रेंड

**दो दिन की वर्कशॉप में नई तकनीक से कराया जाएगा वाकिफ**

**नोएडा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा का विकास तेजी से हो रहा है। 1976 में बसा नोएडा अब यूपी का शो विंडो है। निवेशक नोएडा में अपनी इकाई लगाना चाहते है। यहीं वजह है यहां आबादी और एनसीआर के अन्य शहरों से फुटफॉल बढ़ा है। इसे संभालने के लिए नई डिजाइन और नए इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता है। इसे समझने और प्राधिकरण कर्मियों को ट्रैनिंग देने के लिए दो दिन की वर्कशॉप का आयोजन होने जा रहा है। इस वर्कशॉप में दिल्ली आईआईटी की एक्सपर्ट टीम नोएडा प्राधिकरण के सिविल, हॉर्टिकल्चर, जल खंड, इएंडएम के अधिकारियों को ट्रेंड करेंगे। वर्कशॉप 4 और 5 सितम्बर को नोएडा प्राधिकरण के कार्यालय में आयोजित होगी। इस दौरान पीपीटी के जरिए नोएडा की जरुरत, इंफ्रास्ट्रक्चर जिसमें ट्रांसपोटेशन, ग्रीनरी, मार्केट, जल, सीवर आदि के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। जिसके बाद यहां के अधिकारियों को नई-नई तकनीकियों से वाकिफ कराया जाएगा। जिससे आने वाले समय में कम बजट और कम समय में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा सके।

# नया नोएडा बसाने के लिए मांगी जाएंगी आपत्ति और सुझाव

- एक महीने का दिया जाएगा समय
- 80 गांवों को मिलाकर बनाया गया डीएनजीआईआर
- 13 प्रतिशत पर आवासीय और 18 प्रतिशत हरा-भरा

**नोएडा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। वेस्ट यूपी में निवेश का केंद्र डीएनजीआईआर (दादरी नोएडा गाजियाबाद इनवेस्टमेंट रीजन) के लिए प्राधिकरण ने एक कदम और बढ़ा दिया है। एक सप्ताह में पब्लिक नोटिस जारी कर इसके लिए आपत्ति और सुझाव मांगे जाएंगे। इसके लिए एक महीने का समय दिया जाएगा। इसके बाद 15 दिनों में आपत्ति और सुझावों का निस्तारण करते हुए बोर्ड में इसे प्रस्तुत किया जाएगा। फिर शासन को भेजा जाएगा। शासन से एप्रूव होते ही यहां सर्किल बनाए जाएंगे। ताकि अधिसूचित जमीन की निगरानी की जा सके और वित्तीय मॉडल बनाया जाएगा। इसी वित्तीय मॉडल के जरिए न्यू नोएडा में जमीन अधिग्रहित की जाएगी। जिसे निवेश के लिए डिवलेप किया जाएगा। प्राधिकरण के एसीईओ मानवेंद्र सिंह ने बताया कि मास्टर प्लान अप्रूव होने के बाद अब आपत्ति मांगी जाएंगी। जिनका निस्तारण के बाद ही आगे की प्रक्रिया होगी।

डीएनजीआईआर गौतमबुद्ध नगर के 80 गांवों की जमीन अधिग्रहीत कर बसाया जाएगा। प्राधिकरण की 210वीं बोर्ड ने न्यू नोएडा के मास्टर प्लान 2041 को अप्रूव कर दिया है। इसे नोएडा प्राधिकरण और एसपीए (स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्ट) ने बनाया है। डीएनजीआईआर करीब 21 हजार हेक्टेयर (203 वर्गकिमी) में बसाया जाएगा।

21 हजार हेक्टेयर का ब्रेकअप किया गया है। डीएनजीआईआर मास्टर प्लान 2041 में 40 प्रतिशत भू उपयोग औद्योगिक, 13 प्रतिशत आवासीय और ग्रीन एरिया व




रिक्रेशनल एक्टिविटी के लिए 18 प्रतिशत प्रावधान किया गया है। डीएनजीआईआर को गौतमबुद्ध नगर के 20 और बुलदंशहर के 60 गांवों को मिलकार बनाया गया है।

### 6 लाख की होगी आबादी

इसके अलावा कॉमर्शियल, पीएसपी इंस्टीट्यूशनल, फैसिलिटी/यूटिलिटी, वाटर बॉडी, ट्रैफिक और ट्रांसपोटेशन भी यहां होगा। इसकी कुल आबादी 6 लाख मानी जा रही है। जिसमें 3.5 लाख की आबादी माइग्रेट होगी। जिनके लिए ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी प्रकार की यूनिट बनाई जाएंगी। इसके अलावा कुल रेजिडेंस एशल एरिया 2 हजार हेक्टेयर से ज्यादा होगा।

### वित्तीय बजट बैठक में 1000 करोड़ रुपए किए रिजर्व

डीएनजीआईआर में भूमि अधिग्रहण और आंतरिक विकास के लिए 1,000 करोड़ रुपए बजट आवंटित किया हैं। यह राशि इस साल फरवरी में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान साइन किए गए एमओयू के लिए नोएडा प्राधिकरण की भूमि आवश्यकताओं को पूरा करेगी। अधिकारियों के अनुसार, मांग करने वाली कंपनियों को 'स्मार्ट' भौतिक बुनियादी ढांचे वाले शहर डीएनजीआईआर में आवंटन दिया जाएगा।

# द बिगेस्ट सोर्सिंग शो आफ उत्तर प्रदेश थीम पर ट्रेड शो

- चार सौ विदेशी लोगों का प्रतिनिधिमंडल शामिल
- कार्यक्रमों में 12 लोक कलाकार प्रस्तुति देंगे

**नोएडा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश के 75 जिलों में तैयार होने वाले उत्पाद को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए प्रगति मैदान की तर्ज पर 'द बिगेस्ट सोर्सिंग शो आफ उत्तर प्रदेश' थीम पर यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन करने जा रही है। यह आयोजन ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एवं मार्ट में 21 से 25 सितम्बर में होगा। इसमें 50 हजार वर्ग मीटर जगह पर 40 से अधिक ट्रेड के 1800 स्टाल लगाए जाएंगे। इसमें नोएडा ग्रेटर ग्रेटरनोएडा के उद्यमियों के अलावा नोएडा व ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण के स्टॉल लगेंगे।

सीईओ लोकेश एम ने बताया कि ट्रेड शो में 1 हजार वर्गमीटर का एरिया हमें मिला है। इसमें 600 वर्गमीटर का एरिया भर चुका है। अभी 400 वर्गमीटर का एरिया बचा हुआ है। ये भी फिल हो जाएगा। यहां सेमसंग और आइकिया जैसे कंपनियों के स्टॉल लगेंगे। इसके अलावा ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण को करीब 1200 वर्गमीटर स्पेस दिया गया है। वहीं उद्यमियों में एनईए ने अलग से 150 वर्गमीटर स्पेस की मांग जिला उद्योग बंधु बैठक में की।

बता दें कि पिछले वर्ष प्रगति मैदान में आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड शो में यूपी पार्टनर की भूमिका में था, लेकिन सिर्फ 2000 वर्ग मीटर जगह उत्तर प्रदेश के लिए उपलब्ध कराई गई। इसके बाद मुख्यमंत्री ने इसी प्रकार का इंटरनेशनल ट्रेड शो प्रदेश में आयोजित करने की मंशा जताई। जिसको अधिकारियों की ओर से धरातल पर उतारने का प्रयास किया है।

जिला उद्योग केंद्र एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग उपायुक्त अनिल कुमार ने बताया कि ट्रेड शो में फेडरेशन आफ एक्सपोर्टर आर्गेनाइजेशन (फियो) की तरफ से चार सौ विदेशी लोगों का प्रतिनिधिमंडल भी शामिल होगा।

### 15 देशों के बायर्स ने कराया रजिस्ट्रेशन

यूरोप के ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, डेनमार्क, फ्रांस, जर्मनी, इटली, माल्टा, नीदरलैंड्स, पोलैंड, पुर्तगाल, यूके, रोमानिया, बुल्गारिया, स्वीडन और रिपब्लिक ऑफ मोलडोवा समेत 15 देशों के बायर्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इसके अलावा अजरबैजान, बेलारूस, कर्गिस्तिान, रूस, ताजिकस्तिान और उज्बेकस्तिान, अर्जेंटीना, ब्राजील, चिली, डोमिनिकन रिपब्लिक, एल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला, पेरू और उरूग्वे जैसे देशों के खरीदार भी मेले में शामिल होंगे। यूएसए, कनाडा, मेक्सिको के बायर्स ने आने की पुष्टि की है तो साउथ कोरिया, जापान और चीन के बायर्स भी आने को तैयार हैं।

### राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू करेंगी ट्रेड शो का उद्घाटन

इस मेले का शुभारंभ 21 सितम्बर को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू करेंगी। मेले में मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। उनके यहां पर प्रवास की भी संभावना व्यक्त की जा रही है। हालांकि, इसका कोई कार्यक्रम अभी तक जारी नहीं हुआ है। इसके अलावा 20 से अधिक केंद्रीयमंत्री और प्रदेश सरकार के सभी प्रमुख मंत्रियों समेत अन्य नामचीन हस्तियों के मेले में शामिल होने की संभावना है।

### प्रदेश की संस्कृति और विरासत दिखेगी

इस व्यापारिक मेले में उत्तर प्रदेश की संस्कृति और विरासत की झलक भी देखने को मिलेगी। यहां 75 जिलों के खास व्यंजन के अलावा विभिन्न प्रकार के रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी यहां पर आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों में 12 लोक कलाकार प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा ड्रामा की भी प्रस्तुति होगी। ट्रेड शो में सुबह से शाम तक मनोरंजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

## सार संक्षेप

### डंपर ने साफ्टवेयर इंजीनियर को कुचला मौत

**नोएडा।** सेक्टर-125 स्थित कंपनी में जा रहे सॉफ्टवेयर इंजीनियर को तेज गति में आ रहे डंपर ने कुचल दिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको गंभीर हालत में इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आरोपी डंपर चालक मौके से फरार हो गया है। इंजीनियर के परिजनों ने सेक्टर-126 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी है। पुलिस को दी गई शिकायत में मोहम्मद अतीक अहमद खान ने बताया कि बीते 29 अगस्त की शाम छह बजे के करीब उनके बहनोई 36 वर्षीय नबी रहम निवासी शहीन बाग दिल्ली अपनी स्कूटी से नोएडा के सेक्टर-125 स्थित अपनी कंपनी में नाइट शिफ्ट की ड्यूटी पर जा रहे थे। वह मूलरूप से बस्ती के डेइडिहा गांव के रहने वाले थे, जो अपनी पत्नी वाजिदा खार्तून और अपनी दो बेटियों के साथ शहीन बाग दिल्ली में किराए के मकान में रहते थे। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में इंजीनियर के परिजनों की दी गई शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस को डंपर का नंबर मिल गया है, जिसके आधार पर आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

### पुलिस ने 10 हजार के इनामी को मारी गोली

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में कमिश्नरेट पुलिस ने अपराधियों पर ताबड़तोड़ एक्शन शुरु कर दिया है। गुरुवार देर शाम नोएडा स्थित थाना सेक्टर 63 पुलिस ने द्वारा लूट और चोरी के मामले में एक बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। बदमाश 02 साल से वांछित चल रहा था। पुलिस ने बदमाश पर 10 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया था। पुलिस को सूचना मिली कि एक वांछित बदमाश थाना सेक्टर-63 क्षेत्र में वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस ने यहां चेकिंग बढ़ा दी। भागने लगा। साथ ही पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में बदमाश सोनू उर्फ सुहैल के पैर में गोली लगी। वो सी ब्लॉक सर्विस रोड ग्रीन बेल्ट एफएनजी रोड के पास गिर गया। सोनू को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

### किडज़ानिया इंडिया ने किया विस्तार

**नोएडा।** लक्ष्य दुनिया में सबसे बड़ा बाज़ार बनने का - पांच अतिरिक्त शहरों में विस्तार के लिए 50 मीलियन डॉलर निवेश किए



जाएंगे मुंबई, 31 अगस्त 2023 प्रसिद्ध पुरस्कार विजेता वैश्विक इंडोर थीम पार्क किडज़ानिया इंडिया ने गौरव के साथ अपनी 10वीं सालगिरह की घोषणा की है। यह कंपनी पिछले 10 वर्षों से नन्हे आगंतुकों और उनके परिवारों को इनोवेटिव ऐजुटेनमेंट अनुभव प्रदान करती आ रही है। बीते एक दशक के दौरान किडज़ानिया इंडिया 'ऐजुटेनमेंट' कॉन्सेप्ट के साथ उल्लेखनीय काम करती रही है। किडज़ानिया के प्रेसिडेंट और सीईओ ज़ेवियर लोपेज़ ऐन्कॉना ने कहा कि दुनिया भर के बच्चों का अवलोकन करके मैंने उनके व्यवहार और खेल में समानताओं की पहचान की। बच्चों में मौजूद कभी न समाप्त होने वाली जिज्ञासा और खुद कर के, अनुभव से सीखने वाली उत्सुकता से किडज़ानिया का विचार प्रकट हुआ।

# गायब हुई किशोरी का हिजाब पहने फोटो वायरल

## 25 अगस्त को घर से गई थी, 29 को अपहरण की धारा में दर्ज हुआ मुकदमा

**नोएडा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा के थाना फेज-2 में एक नाबालिग लड़की 25 अगस्त से गायब है। गुरुवार को उसकी कुछ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई। फोटो में नाबालिग युवती हिजाब पहने हुए है। लोगों ने ट्विट कर इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग नोएडा पुलिस से की है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में 29 अगस्त को अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। सर्विलांस और साइबर टीम को भी इस मामले

### पुलिस की तीन टीम गठित



में लगाया गया है। जल्द ही किशोरी को बरामद किया जाएगा। सेंट्रल नोएडा के एसीपी राम कृष्ण तिवारी ने बताया कि किशोरी की तलाश जारी है। जितने भी संदिग्ध है उनसे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि हिजाब पहने ये फोटो किशोरी के पिता ने ही दी है। दरअसल जिस स्थान पर किशोरी अपने परिवार के साथ रहती है। उस इमारत में कई सरे मुस्लिम परिवार भी रहते है। गायब हुई किशोरी की सहेलियो ने बताया कि वो अक्सर हिजाब पहनकर रील या फोटो खिचवा लेती थी। पीड़ित परिवार ने जिस युवक पर शक जताया था पुलिस ने उसे भी हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि हमारा मक्सद किशोरी को सही सलामत उसके घर पहुंचाना है। धर्मांतरण से संबंधित मामला नहीं है। फिर भी सभी एंगलों पर जांच की जा रही है। पीड़ित परिवार के चालक है।

# अधिवक्ता मनोज चौधरी की जीजा ने अपने भाई व दोस्त के साथ की थी हत्या

**गाजियाबाद,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। तहसील सदर गाजियाबाद परिसर में अधिवक्ता की दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या करने के मामले का गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर दबिश में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में मरने वाले अधिवक्ता के जीजा उसके छोटे भाई व दोस्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हत्या का कारण पूरी तरह से पारिवारिक रंजिश के कारण सुनियोजित ढंग से हत्या करना बताया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तमंचा तथा जिस गाड़ी में यह लोग पुलिस से बचने के लिए घूम रहे थे उसको बरामद कर लिया है। वह गाड़ी भी बरामद कर ली गई है जिसमे ये तहसील पहुंचे थे। आरोपी जीजा भी अधिवक्ता है जो गौतमबुद्धनगर में प्रैक्टिस करता है।



**हत्या में प्रयुक्त तमंचा व कार बरामद**

पुलिस संयुक्त आयुक्त दिनेश कुमार पी. ने गुरुवार को पुलिस लाइन में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि बुधवार को करीब 1.45 बजे अधिवक्ता मोनू उर्फ मोनू चौधरी के उसे समय गोलीमार का हत्या कर दी गई थी जब वह खाना खा रहे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने हत्याकांड के बाद और रिपोर्ट दर्ज होने के बाद मामले की जांच पड़ताल की और आज मोनू उर्फ मनोज चौधरी के जीजा अमित डागर उसके छोटे भाई नितिन डागर और दोस्त अनुज उर्फ पालू को गिरफ्तार कर लिया। नितिन और अमित चिरंजीव विहार में रहते हैं जब के तीसरा अभियुक्त अनुज उर्फ पालू मधुबन बापूधाम में रहता है। उन्होंने बताया कि कल दोपहर अमित व नितिन व अनुज ब्रेजा गाड़ी से तहसील पहुंचे और दो लोग मोनू चौधरी के चेंबर के बाहर खड़े रहे जबकि तीसरी नितिन कुमार ने कनपटी से सटकर मोनू उसे मनोज की गोली मारकर हत्या कर दी और फरार हो गए। पुलिस संयुक्त आयुक्त ने बताया कि इस हत्याकांड का कारण पूरी तरह से पारिवारिक रंजिश रहा है। उन्होंने बताया कि मोनू और मनोज चौधरी के पिता यूपी पुलिस में सब इंस्पेक्टर थे और गाजियाबाद में भी तैनात रहे हैं। मनोज उनका इकलौता बेटा था। मोनू की बहन सरिता की शादी 2001 में चिरंजीव विहार निवासी अमित डागर के साथ हुई थी। सरिता को उसे एक बेटा और बेटी भी हुए।

# मनाया गया भाई बहन का अटूट बंधन रक्षाबंधन बहनों ने भाईयों को बांधी राखी

**बुलंदशहर,** 31 अगस्त (देशबंधु)। रक्षाबंधन भाई-बहन के स्नेह का पर्व है. बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए सालभर इस त्योहार का इंतजार करती हैं. यह पवित्र त्योहार सावन माह शुक्ल की पूर्णिमा को मनाया जाता है। जो लोग भद्रा काल के डर से 30 अगस्त को रक्षाबंधन नहीं मना सके, वो आज त्योहार मना सकते हैं। आज देशभर में रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जा रहा है। रक्षाबंधन भाई-बहन के स्नेह का पर्व है। बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए सालभर इस त्योहार का इंतजार करती हैं। यह पवित्र त्योहार सावन शुक्ल की पूर्णिमा को मनाया जाता है. जो लोग भद्रा काल के डर से 30 अगस्त को रक्षाबंधन नहीं मना सके, वो आज त्योहार मना सकते हैं। आइए आपको रक्षाबंधन का महत्व और राखी बांधने का शुभ मुहूर्त बताते हैं। रक्षाबंधन का महत्व रक्षाबंधन का त्योहार श्रावण शुक्ल पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती हैं और भाई बहनों को जीवनभर उनकी रक्षा करने का वचन देते हैं। राजसूय यज्ञ के समय भगवान कृष्ण को द्रौपदी ने रक्षा सूत्र के रूप में अपने आंचल का टुकड़ा बांधा था। तभी से बहनों द्वारा भाई को राखी बांधने की परंपरा चली आ रही है।



### रक्षाबंधन का शुभ मुहूर्त

31 अगस्त को 7 बजकर 5 मिनट पर पूर्णिमा तिथि समाप्त हो जाएगी। इसलिए आपको यह तिथि समाप्त होने से पहले ही भाई को राखी बांधनी होगी। 31 अगस्त की सुबह ब्रह्म मुहूर्त में राखी बांधने का श्रेष्ठ मुहूर्त है। इस दिन सुबह 4 बजकर 26 मिनट से लेकर से लेकर सुबह 5 बजकर 14 मिनट तक ब्रह्म मुहूर्त रहेगा. यानी ब्रह्म मुहूर्त में भाई को राखी बांधने के लिए आपको पूरे 48 मिनट का समय मिल रहा है. सनातन परंपरा में ब्रह्म मुहूर्त को बहुत ही शुभ माना गया है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

## नगर आयुक्त को महिला 6 सफाई मित्रों व पीएसी जवानों को वैदिक रक्षासूत्र बांधा गया



**गाजियाबाद,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली से सटे गाजियाबाद में बहन-भाई के प्यार जा प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व परम्परागत तरीके से मनाया गया। नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ को महिला सफाई मित्रों ने नगर आयुक्त को राखी बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। वहीं 47वीं वाहिनी पीएसी गोविंदपुरम में परिवार से अलग रहते हुए देश रक्षा में निहित जवानों का मनोबल ऊंचा करने के लिए उन्हें वैदिक रक्षा सूत्र बांधा गया व इसका पौराणिक महत्व समझाया गया। कार्यक्रम में 350 जवान शामिल हुए।

नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ के कैंप कार्यालय पर स्वास्थ्य विभाग की महिला स्वास्थ्य मित्रों ने रक्षाबंधन मनाई। जिसमें नगर आयुक्त को तिलक कर उनकी कलाई पर राखी बांधी नगर आयुक्त ने महिला सफाई मित्रों को सदैव साथ निभाना का भरोसा दिलाया, उनको उपहार भी भेंट किया।

गाजियाबाद नगर निगम की सफाई मित्रों ने अधिकारियों को राखी बांधकर एकता का संदेश दिया एकजुट होकर शहर में बेहतर कार्य करने के लिए एक दूसरे से वादा भी किया। रक्षाबंधन के इस पर्व पर नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ ने सभी को ढेर सारी शुभकामनाएं प्रेषित की, साथ ही उन्होंने महिला सफाई मित्रों के अधिकारों की रक्षा करने का वादा किया गया गाजियाबाद नगर निगम के लिए महिला सफाई मित्रों के अधिकार का विशेष सर्वोपरि है ऐसा कहकर उपस्थित जनों का मनोबल बढ़ाया। मौके पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश उपस्थित रहे।

वाहिनी पीएसी,गोविंदपुरम गाजियाबाद में जनजागृति सृजन वेलफेयर फाउंडेशन व रोट्रेक्ट क्लब गाजियाबाद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वाहिनी शिविरपाल, अखिलेश कुमार, सूबेदार मेजर श्री मोमराज सिंह, सहायक शिविरपाल राजपाल सिंह, निर्मला पांडे व अन्य सदस्य जेपी श्रीवास्तव, पूर्णिमा ग्रोवर, रीता मक्कड़, छवी बंसल, कामना शर्मा, प्रतिभा शर्मा, करुणा चौधरी तथा रमा पुंज एवं पीएसी के अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे। उधर रालोद नेता सरदार इंदरजीत सिंह टीटू ने परिवार के साथ मिलकर रक्षा बंधन का पर्व मनाया।

# रक्षासूत्र यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री व रक्षामंत्री को बांधी राखी

## अटारी बार्डर पर समिति की 42 बहनों ने सीमा सुरक्षा बल के जवानों को बांधी राखी

**नोएडा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षाबंधन के अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति, मेरठ प्रांत की पांच बहनों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधी। जिनमें प्रांत कार्यवाहिका सुकंज, नोएडा से महानगर कार्यवाहिका इंद्राणी मुखर्जी एवं महानगर संपर्क प्रमुख अनीता जोशी, गाजियाबाद विभाग से प्रांत सह शारीरिक प्रमुख दीप्ति एवं महानगर कार्यवाहिका कविता शामिल थी। इसके बाद नोएडा और गाजियाबाद की 20 बहनों ने केंद्र टोली सदस्य सुरींद्रा के सान्निध्य में रक्षा मंत्री राजनाथ को रक्षा सूत्र बांधा। राष्ट्र सेविका समिति की कार्यवाहिका इंद्राणी मुखर्जी ने बताया कि रक्षा सूत्र यात्रा 26 अगस्त को इंडिया गेट से आरंभ हुआ। समिति की 42 बहनों ने हरमंदिर साहिब, जलियांवाला बाग, दुर्गियाना मंदिर के दर्शन किए। इसके बाद अटारी वाघा बॉर्डर पर जाकर बहनों ने 28 अगस्त को देश की सुरक्षा में सतत तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवानों को रक्षा सूत्र बांधा। भाई बहन के प्यार और स्नेह का त्योहार रक्षा बंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाई की कलाई पर राखी बांध लंबी उम्र की कामना की। वहीं भाइयों ने बहन की रक्षा का संकल्प भी दुहराया। बुधवार रात और गुरुवार सुबह से रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जा रहा है। बच्चे से लेकर बड़ों तक ने भाई बहन के पर्व को उत्साह के साथ मनाया। दरअसल भद्रा के चलते तिथियों के उलट फेर से यह पर्व 30 एवं 31 अगस्त दोनों दिन मनाया जा रहा है। रक्षा बंधन का त्योहार श्रावण पूर्णिमा को मनाया जाता है, 30 को पूर्णिमा तिथि शुरू होने के साथ ही भद्रा भी रहा जो रात तक रही। ऐसे में लोगों ने रात 9 बजे से बाद रक्षाबंधन का पर्व मनाया। बहनों ने राखी की थाली सजाई। इसमें रोली, चंदन, अक्षत, दही, राखी और मिठाई रखी गई और घी का दीपक जलाया। पूजा की थाली को सबसे पहले भगवान को समर्पित किया गया। इसके बाद बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक करने के बाद कलाई पर राखी बांधी और उनकी आरती उतारी। फिर भाई को मिठाई खिलाई गई। छोटे से बड़े लोगों में को लेकर बेहद उत्साह दिखा। बहनों ने रक्षासूत्र बांधकर लंबी आयु की कामना की। भाइयों ने रक्षा का संकल्प लिया। रक्षाबंधन को लेकर बहन और भाई नए नए कपड़े पहनकर सज-धज के तैयार हुए और पर्व मनाया।



उवाच

मुझे भारत और सिंगापुर के बीच डिजिटल मीडिया, मनोरंजन और ई-स्पोर्ट्स क्षेत्रों में बड़ी भागीदारी होने की उम्मीद है। गरेना के सह-संस्थापक, गांग ये ने कहा कि हम भारत के ई-स्पोर्ट्स और स्टार्टअप परितंत्र के विकास में मदद करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।

**साइमन वोंग, उच्चायुक्त, सिंगापुर**

# कैपिटल ज़ोन

## जापनी व कोरियाई उद्यमियों ने यमुना में इंडस्ट्रियल टाउनशिप के लिए काम किया शुरु

**ग्रेटर नोएडा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। लखनऊ में फरवरी माग में इन्वेस्टर सम्मिट हुआ था, जिसको जमीन पर उतारने की प्रक्रिया तेजी से शुरु हो चुका है, यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में कोरियाई और जापानी सिटी विकसित करने के लिए गतिविधियां बढ़ गई हैं। दोनों देशों के दूतावास इस दिशा में काम शुरू कर दिया है।

इन्वेस्टर सम्मिट में जापान और कोरिया के उद्यमियों ने यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में इंडस्ट्रियल टाउनशिप विकसित करने की इच्छा जताई थी। प्राधिकरण ने भी इनके साथ वार्ता की। अब इस दिशा में काम शुरू हुआ है। ?

जापान और कोरिया के दूतावासों के अधिकारी इसमें काम कर रहे हैं। यमुना प्राधिकरण ने इन्वेस्टर सम्मिट में जो उद्यमी आए थे उनकी सूची दूतावास के अधिकारियों को सौंप दी है। दूतावास के अधिकारी उद्यमियों के साथ वार्ता कर रहे हैं।

जल्द ही दोनों देशों के उद्यमी आएंगे और जापानी और कोरिया सिटी विकसित करने के लिए दिशा में काम करेंगे। दूतावासों के संपर्क करने के बाद यमुना प्राधिकरण ने दोनों औद्योगिक सिटी के लिए सेक्टर तय करेंगे और उसके हिसाब से भूखंडों का विकास होगा।

### यमुना प्राधिकरण में संपत्ति ट्रांसफर की केवाईसी प्रक्रिया होगी समाप्त

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना प्राधिकरण में अब संपत्ति ट्रांसफर कराने से पहले केवाईसी कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी। संपत्ति ट्रांसफर में आ रही अड़चनों को दूर करने के लिए प्राधिकरण ने यह कदम उठाया है। यमुना प्राधिकरण में संपत्ति का ट्रांसफर कराने से पहले आवंटी को अपना केवाईसी (नो योर कस्टमर) करना पड़ता है। इसमें पहचान पत्र, एड्रेस प्रूफ समेत तमाम कागजात जमा कराने पड़ते हैं। केवाईसी होने के बाद ही संपत्ति ट्रांसफर की प्रक्रिया आगे बढ़ती है। इस केवाईसी की आड़ में आवंटियों को परेशान करने की शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों को दूर करने के लिए यमुना प्राधिकरण ने बड़ा फैसला लिया है। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि संपत्ति ट्रांसफर से पहले केवाईसी करने की अनिवार्यता को खत्म किया जाएगा। इससे आवंटी परेशान होने से बच सकेंगे।

## सिंगापुर की कंपनी गरेना ने फ्री फायर इंडिया को किया लॉन्च

**ग्रेटर नोएडा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। सिंगापुर के वैश्विक ऑनलाइन गेम डेवलपर एवं पब्लिशर, गरेना ने गुरुवार फ्री फायर इंडिया के लॉन्च की घोषणा की, जो 5 सितम्बर से भारत में विशेष रूप से डाउनलोड के लिए उपलब्ध होगा। फ्री फायर इंडिया में सुरक्षित स्वस्थ और मजेदार गेमप्ले अनुभव को प्रोत्साहित करने के लिए बेहतरीन कंटेंट और फीचर हैं। यह घोषणा आज एक लॉन्च इवेंट में गरेना के सह-संस्थापक गांग ये और योटा इंफ्रास्ट्रक्चर (योटा) के सह-संस्थापक एवं अध्यक्ष दर्शन हीरानंदानी ने भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त, महामहिम साइमन वोंग की उपस्थिति में की।




- फ्री फायर इंडिया को भारत में योटा के क्लाउड होस्टिंग बुनियादी ढांचे की सहायता मिलेगी
- गरेना ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ अपने समझौते के तहत नई फ्री फायर इंडिया चैंपियनशिप का किया अनावरण

यूजर एक्सपीरियंस बढ़ाने के लिए योटा के लोकल क्लाउड बुनियादी ढांचे का लाभ उठाना। हीरानंदानी समूह की कंपनी योटा, फ्री फायर इंडिया के लिए लोकल क्लाउड होस्टिंग और स्टोरेज इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करेगी। गरेना के उत्पाद की पेशकश की मदद के लिए स्थानीय सर्वर और नेटवर्क कनेक्टिविटी सेवाओं पर भारतीय यूजर के व्यक्तिगत डाटा का बेहतरीन प्रबंधन सुनिश्चित करेगी। गरेना ने फ्री फायर इंडिया के नए ब्रांड एंबेसडर के रूप में भारतीय क्रिकेट आइकन एमएस धोनी के साथ फुटबॉल के कप्तान सुनील छेत्री, बैडमिंटन चैंपियन साइना नेहवाल, टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी लिएंडर पेस और कबड्डी चैंपियन राहुल चौधरी जैसे अन्य प्रमुख खिलाड़ी भी जुड़ेंगे। गरेना और योटा ने भारत में ई-स्पोर्ट्स के विकास को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया था। गरेना ने घोषणा की कि प्रमुख फ्री फायर इंडिया चैंपियनशिप (एफएफआईसी) इस महीने के अंत में आयोजित की जाएगी।

भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वोंग ने कहा कि मुझे भारत और सिंगापुर के बीच डिजिटल मीडिया, मनोरंजन और ई-स्पोर्ट्स क्षेत्रों में बड़ी भागीदारी होने की उम्मीद है। गरेना के सह-संस्थापक, गांग ये ने कहा कि हम भारत के ई-स्पोर्ट्स और स्टार्टअप परितंत्र के विकास में मदद करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।

दर्शन हीरानंदानी, सह-संस्थापक एवं अध्यक्ष, योटा ने कहा कि गरेना के साथ हमारी भागीदारी भारतीय डाटा सेंटर उद्योग में महत्वपूर्ण प्रगति की बड़ी मिसाल है। हमें भारतीय यूजर के फायदे के लिए अपनी अनूठी डेटा होस्टिंग और साइबर सुरक्षा विशेषज्ञता पेश करने की खुशी है। इस भागीदारी से भारत-सिंगापुर प्रौद्योगिकी सहयोग को और बढ़ावा मिलेगा।

### सार संक्षेप

#### जीएनसीसी ग्रेटर नोएडा ने 74 रन से जीता मैच




**ग्रेटर नोएडा।** कौशल्या वर्ल्ड स्कूल के मैदान पर गुरुवार को द्विपक्षीय सीरीज का दूसरा मैच जीएनसीसी दादरी और जीएनसीसी ग्रेटर नोएडा के बीच मैच खेला गया। जिसमें जीएनसीसी ग्रेटर नोएडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 33.3 ओवर में 236 रन बनाकर आउट हो गई। जिसमें जैद 59, अयमन 58, कार्तिक शर्मा ने 26 और कुश बिधूरी 23 रन बनाए। जीएनसीसी दादरी की और से बॉलिंग में अनमोल 3 कृष्ण 2 अनिकेत साद और शौर्य ने एक एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीएनसीसी दादरी ने 29.3 ओवर में 162 रन बनाकर ऑउट हो गई। जिसमें कुश मिश्रा ने 43 और मसरूल ने 36 रन बनाए। जीएनसीसी ग्रेटर नोएडा की और से बॉलिंग में कैफ आयुष और लक्ष्य ने दो-दो विकेट लिए। इस प्रकार जीएनसीसी ग्रेटर नोएडा ने 74 रन से यह मैच जीता और जैद को प्लेयर ऑफद मैच और अनमोल को फाइटर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया।

#### गरीब बच्चों ने बनायी खूबसूरत राखियां, मनाया रक्षाबंधन

**ग्रेटर नोएडा।** नन्हक फाउंडेशन द्वारा संचालित 'बिगनिंग' मिशन एजुकेशन सेंटर के गरीब बच्चों ने पेपर क्विलिंग आर्ट के माध्यम से बहुत ही खूबसूरत राखियां बनाई।



रक्षाबंधन आने से पूर्व ही सभी बच्चों को क्विलिंग आर्ट का सामान फाउंडेशन द्वारा उपलब्ध कराया गया। साथ ही कैसे इसे इस्तेमाल करते हैं इसकी ट्रेनिंग फाउंडेशन की अध्यक्ष साधना सिन्हा ने बच्चों को दी। इतने प्रतिभावान बच्चों को सिर्फ बेसिक ज्ञान दी गई और बच्चों ने उम्मीद से ज्यादा सुंदर एवं बेहतरीन राखियां बना डाली। इन प्यारे बच्चों के माध्यम से हम आप सबको रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं। आशा है भविष्य में यह और भी बेहतर कार्य कर पाएंगे।

## शहीद की शवयात्रा में उमड़ा जनसैलाब भारत माता के जयकारों से गूंजा

**जेवर,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। राजस्थान के बीकानेर में बार्डर पर तैनात बीएसएफका जवान बीमारी के चलते शहीद हो गया। बीएसएफ के जवान शहीद के शव को बुधवार रात को गाडी में लेकर जेवर पहुंचे जहां उसके शव को कैलाश अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया। गुरुवार सुबह क्षेत्र के हजारों युवा कैलाश अस्पताल पहुचे जहां से अलीगढ़ के गांव वैना तक शहीद की शव यात्रा निकाली गई। इस दौरान जेवर की सड़कें भारत माता के जयकरों से गूंज उठी। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार जेवर के समीपवर्ती व अलीगढ़ जिले के टप्पल कोतवाली क्षेत्र के गांव वैना के रहने वाले शेरपाल सिंह का पुत्र सूरत तालान 38 बीएसएफ की 114वीं बटालियन में तैनात थे तथा बीकानेर के काजूवाला बार्डर पर उनकी तैनाती थी। ड्यूटी के दौरान तबियत बिगड़ने पर उन्हें बीकानेर पीबीएम में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। बुधवार रात को बीएसएफ के जवान शहीद सूरत तालान के शव को लेकर जेवर स्थित कैलाश अस्पताल पहुंचे जहां पर उसके शव को अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया। गुरुवार को दिन निकलते ही क्षेत्र के हजारों युवा कैलाश अस्पताल पर पहुंच गए। जहां से पांच किमी दूर स्थित वैना गांव तक शहीद की शवयात्रा निकाली गई।






- बीकानेर में ड्यूटी के दौरान बीमार होने से शहीद हुआ था बीएसएफ का जवान

## पेटीएम के संस्थापक ने छात्रों को बताया कि भारत की अर्थव्यवस्था कैसे हुई मजबूत

**ग्रेटर नोएडा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। भारत में भुगतान के तरीके में क्रांति लाने वाले पेटीएम के संस्थापक और सीईओ विजय शेखर शर्मा के साथ एक रोमांचक इंटरैक्टिव सत्र में उन्होंने दर्शकों को उस दिलचस्प यात्रा से रूबरू कराया कि कैसे भारत दुनिया के पांच नाजुक देशों से निकलकर शीर्ष पांच देशों में पहुंच गया। भारत के आर्थिक विकास की तीव्र गति और इसके वैश्विक डिजिटल पावरहाउस के रूप में उभरने पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 76 वर्षों में जितना विकास हुआ था, उससे अधिक विकास पिछले 7 वर्षों में हुआ है।

छात्रों से राष्ट्र को वापस लौटाने और भारत के उत्थान में योगदान देने का आग्रह करते हुए उन्होंने बताया कि केवल एक उपभोक्ता होना एक निर्माता होने जितना संतुष्टिदायक नहीं है। ब्रह्मा को निर्माता, विष्णु को प्रबंधक और महेश को संहारक की उपमा देते हुए उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि उन्हें बुराई का संहारक, नए भारत का निर्माता और भारत के संसाधनों का संरक्षक और प्रबंधक बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य भारत का है और कुछ ही वर्षों में 'महान भारतीय सपने' को साकार करने के लिए दुनिया भर से लोग भारत आएंगे। हम अब तीसरी दुनिया नहीं हैं बल्कि अपने देश की डिजिटल प्रगति के कारण पहली दुनिया का हिस्सा हैं। उन्होंने सभी को समाज में परिवर्तन का वाहक बनने के लिए प्रोत्साहित किया। जब हम सब बदलेंगे तो देश बदल जाएगा, उन्होंने कहा कि एक ऐसा बयान जिस पर तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी।



आज उच्च राजकोषीय घाटे वाले कर्ज में डूबे देश से हम एक राजकोषीय अधिशेष अर्थव्यवस्था बन गए हैं, जिसकी पुष्टि इस तथ्य से होती है कि भारत का आईटी निर्यात पूरे मध्य पूर्व के पेट्रोलियम निर्यात से बड़ा है।

## निषाद पार्टी ने मनाया विमुक्ति दिवस, पिछड़े वर्ग की लड़ाई रहेगी जारी

**ग्रेटर नोएडा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। निर्बल इंडियन शोषित हमारा आमदल, निषाद पार्टी ने विमुक्ति दिवस मनाया। इस मौके पर मुख्य अतिथि गुर्जर वीरेंद्र डाढा प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश निषाद पार्टी ने कहा कि आज पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हर जिले स्तर पर विमुक्ति दिवस मनाया जा रहा है। मुगलों और अंग्रेजों से आजाद करने वाले 12 अक्टूबर 1871 को क्रिमिनल एक्ट से प्रभावित उजड़ी जातियां पर यागयार एथासमर क्रिमिनल एक्ट इंक्वारी कमिटी 1949-50 के रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में निवास करने वाली 193 जातियों को 74 प्रकार के व्यवस्थाएं देकर इन्हें हर क्षेत्र में बराबरी का दर्जा दिया जाए, इसे लागू करने के लिए




निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी पूरे उत्तर प्रदेश में हर जिले स्तर पर विमुक्ति दिवस मना रही है। अंग्रेजों ने देश की आजादी की आंधी को रोकने के लिए 1857 की कुर्बानियों को देखकर जो आज विमुक्ति जनजातियों के बाप दादाओं ने अपने लाखों सपूतों को बलि पर चढ़ाकर जानदी थी, इन जातियों के लोगों ने कठिन से कठिन क्रिमिनल ट्राइब एक्ट के अनुसार दंड को झेला। आज पिछड़ा दलित वर्ग 85 प्रतिशत सामाजिक तौर पर पीछे गया 1950 तक इन विमुक्त जातियों में दो वर्ग थे एक को आज दलित कहते हैं जो 1950 तक अछूत वर्ग कहलाता था, दूसरा विमुक्ति जनजाति बनाम पिछड़ा जो छूत वर्ग है। यह विमुक्त जनजातियां आज दलित पिछड़ा तथा अन्य वर्ग में रखी गई है पर जो अंग्रेजों से 100 वर्ष से अधिक लड़े हो क्या उनकी संताने इस वर्ग में रहकर कुछ प्राप्त कर सकते हैं कभी नहीं इन सब की लड़ाई निषाद पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद लड़ रहे हैं। इनको राजनीतिक ताकत और उनके अधिकार दिलाने का काम निषाद पार्टी करेगी। इस मौके पर नामित भाटी जिला अध्यक्ष निषाद पार्टी युवा मोर्चा, विक्रम कश्यप जिला अध्यक्ष निषाद पार्टी, सूरन कश्यप, धर्मेंद्र निषाद, घ्सूरज कश्यप, योगेंद्र विकल, कपिल कपासिया, सत्येंद्र भाटी, नरेंद्र नागर, कपिल नागर, योगेंद्र भाटी, राजेश भाटी, राजेश्वर भाटी आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आरपीएस स्कूल के बच्चे पे राष्ट्रपति को राखी बांधकर हुए गौरवान्वित

**ग्रेटर नोएडा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल, ग्रेटर नोएडा, ओमेगा-दो, के छात्रों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दीं। रक्षा बंधन की पूर्व संध्या पर, स्कूल की प्रधानाचार्या ज्योति सिंह के साथ छात्रा आरोही, आराध्या, मान्या, कनिष्का और धन्वी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को बड़े ही उत्साह के साथ राखी बांधी। इस दौरान राष्ट्रपति से मिलकर बच्चे बहुत खुश थे। स्कूल की प्रधानाचार्या ने बताया कि किसी भी बच्चे के लिए यह गौरव का क्षण होता है कि देश प्रथम व्यक्ति से मिला। इससे बच्चों को प्रेरणा मिलती है कि हम भी देश के लिए काम करें और देश के सर्वोच्च शिखर पर पहुंचने का प्रयास करें।



## जेल में बंद कैदियों को बहनों ने बांधी राखी

**ग्रेटर नोएडा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। भाई बहन के अटूट प्यार का त्योहार रक्षाबंधन जिला कारागार में भी मनाया गया, जेल अधीक्षक अरुण प्रताप सिंह को डिप्टी जेलर मनोरमा सिंह ने राखी बांधी उसके बाद बाहर से जेल में आई बहनों ने जेल में बंद अपने कैदी भाइयों को राखी बांधी। जेल में बंद कैदी भाइयों को राखी बंधने बाहर से आईं बहनों के लिए जेल प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ खास इंतजाम किए। जेल के अंदर टेंट और जलपान की व्यवस्था की गई है। बाहर से आई बहनों ने जेल में बंद अपने कैदी भाइयों से मुलाकात की। इसके बाद पूरे रीति रिवाज से बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। रक्षाबंधन के अवसर पर प्रशासन की तरफ से अनुमान जताया गया था कि राखी बांधने के लिए करीब 2000 महिलाएं जेल में पहुंचेंगी। लेकिन यह आंकड़ा उससे भी ऊपर पहुंच गया और ढाई हजार से भी ज्यादा बहाने अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए जेल में पहुंची। जेल अधीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि इस समय हमारी जेल में 3164 बंदी है। हमें अंदाजा था कि करीब 2000 महिलाएं राखी बांधने के लिए पहुंचेंगी। जिसको लेकर पहले से ही सुरक्षा व्यवस्था के पूरे इंतजाम किए गए। जिसमें 25 महिला पुलिसकर्मी और 25 पुरुष पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि महिलाओं को राखी और रक्षा सूत्र ही अंदर लाने की इजाजत है। जेल प्रशासन की तरफसे मिठाई का अंदर ही इंतजाम किया गया था।



## पुलिस मुठभेड़ में शातिर चोर गिरफ्तार रेकी कर घटना को देते थे अंजाम



**ग्रेटर नोएडा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क कोतवाली की पुलिस की जांच के दौरान बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई, जिसमें शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। यह लोग रात्रि में दुकानों का शटर तोड़कर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया करते थे। थाने की पुलिस शारदा गोलचक्कर के पास जांच कर रही थी तभी पुलिस को एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी आती दिखाई दी। इसमें कुछ संदिग्ध सवार थे। पुलिस ने उस गाड़ी को जांच के लिए रोका, लेकिन उन लोगों ने अपनी गाड़ी को दौड़ा दिया। पुलिस ने जब उन लोगों का पीछा किया तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी उन लोगों पर जवाबी फायरिंग की। इस दौरान घबराकर वह गाड़ी छोड़कर भागने लगे। इसके बाद पुलिस ने उन लोगों को पकड़ लिया। पुलिस मुठभेड़ के दौरान किसी भी बदमाश बोली नहीं लगी। पुलिस ने इस दौरान धर्मेन्द्र, सन्तोष, मुकेश और फैयाज को गिरफ्तार कर लिया। इन लोगों के कब्जे से एक स्विफ्ट कार, तमंचा-कारतूस और चोरी किया गया सामान बरामद किया। नॉलेज पार्क थाना प्रभारी ने बताया कि जांच के दौरान मुठभेड़ में चार चोरों को गिरफ्तार किया गया है। यह आरोपी रेकी करने के बाद चोरी की वारदातों को अंजाम दिया करते थे। ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र में इन्होंने कई घटनाओं को अंजाम दिया है। यह लोग दिन में रेकी करते थे और रात में शटर काटकर दुकानों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया करते थे। कुछ दिन पहले की इलेक्ट्रिक शॉप पर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था, जिसमें सीसीटीवी कैमरे में भी यह लोग चोरी करते कैद हुए थे। इन चोरों पर कई मुकदमें दर्ज हैं।

### डकैती का इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

बीटा-टू कोतवाली पुलिस और बाइक सवार बदमाश के बीच बुधवार देर रात मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से दस हजार का एक इनामी बदमाश घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी डकैती की घटना में छह साल से फरार चल रहा था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने बताया बुधवार देर रात पुलिस टीम पी-थ्री गोलचक्कर की तरफ चेकिंग कर रही थी। इस बीच पुलिस ने बाइक सवार युवक को रुकने का इशारा किया। युवक पुलिस को देखकर सर्विस रोड की तरफ बाइक लेकर भागने लगा। पुलिस के पीछा करने पर आरोपी ने बाइक से नीचे उतरकर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया, जिसकी पहचान राजकुमार नेपाली निवासी महरौली दिल्ली के रूप में हुई है। अभियुक्त ने छह साल पहले अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर कोतवाली क्षेत्र में डकैती की घटना को अंजाम दिया था। घटना के बाद से फरार चल रहा था।

कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पकड़ा गया बदमाश शातिर लुटेरा है। इस पर दिल्ली एनसीआर में 10 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस इसके गैंग में शामिल अन्य बदमाशों के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक बाइक व तमंचा बरामद किया है।

## धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व, बहनों ने भाई को बांधा रक्षासूत्र

**ग्रेटर नोएडा,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षाबंधन का त्योहार प्रेम के साथ स्नेह बंधन व रक्षा के संकल्प भाव को लेकर आता है। यह त्योहार राखी यानी रक्षा सूत्र बिना पूरा नहीं होता। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर व गांवों में रक्षा बंधन का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाई के हाथ में रक्षा सूत्र बांधकर भाई के लम्बी उम्र की कामना की तो वहीं भाई ने बहन की रक्षा करने का संकल्प दोहराया। पंडित रवि कांत दीक्षित ने बताया कि इस साल सावन मास की पूर्णिमा 30 अगस्त को 10 बजकर 59 मिनट पर शुरू हुई। इसी समय से भद्रा भी लग रही है जो रात 09 बजकर 01 मिनट पर समाप्त हुई। भद्रा में रक्षाबंधन नहीं होता है। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार,सूर्यास्त के बाद राखी बांधना वर्जित है।







पूर्णिमा तिथि 31 अगस्त को प्रात:काल 7 बजकर 5 मिनट तक था, इस कारण से 31 अगस्त गुरुवार को राखी का त्योहार शुभ था। अक्सर हिन्दू त्योहार में यही शंका रहती हैं कि कब मनाएं क्योंकि तिथि दो दिन पड़ गई। विद्वानों में मतभेद भी हो जाते हैं। बहन अपने भाई को जो रक्षासूत्र बांधती है, तो इसके माध्यम से भाई उसे अभय प्रदान करता है और इससे बहन स्वतंत्रता का अनुभव करती है। देश के हमारे सैनिक भी देश की रक्षा का संकल्प लेकर उसे अभय प्रदान करते हैं। हमारे पौराणिक आख्यानों में रक्षाबंधन का संबंध रक्षा करने से ही है।

रक्षा बंधन त्योहार पर सेक्टर के मार्केट में पूरे दिन भीड़ रही लोग मिठाईयां खरीदने में मशगूल रहे। ग्रेटर नोएडा से नोएडा जाने के लिए परिचौक पर वाहनों पर भीड़ रही है। महिलाएं राखी बांधने के लिए घर से निकली और प्राइवेट सरकारी वाहनों का सहारा लिया। प्रदेश सरकार ने महिलाओं के लिए यात्रा नि:शुल्क कर दिया था, जिसका महिलाओं लाभ भी उठाया।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, शुक्रवार 1 सितंबर 2023

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

# मुम्बई बैठक से बढ़ी 'इंडिया' की ताकत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पहले से अड़चन में लाने वाले विवादास्पद कारोबारी गौतम अदानी को लेकर हुए नये खुलासों, चीन द्वारा जारी नये नक्शे से पीएम द्वारा झूठ बोला जाना साबित हो जाने, संसद के 18 से 22 सितम्बर तक अचानक बुलाए गये विशेष सत्र, नज़दीक आती जी-20 की बैठक जैसे मुद्दों के बीच 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार को चुनौती देने के लिये बने विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूज़िव एलाएंस) की दो दिवसीय बैठक गुरुवार को जिस सकारात्मक नोट के साथ प्रारम्भ हुई है, वह आशा बंधाती है कि भारत को जिस आर्थिक बदहाली, सामाजिक विखंडन और कुप्रबन्धन के गर्त में इस सरकार ने डाल रखा है, उससे उबारने के लिये देशवासियों के सामने एक मजबूत विकल्प साकार हो सकेगा। इस दो दिवसीय बैठक में इंडिया का शुभंकर यानी लोगो, संयोजकों का मनोनयन, सीटों का बंटवारा, भावी कार्यक्रम जैसे विषयों पर फैसले होने हैं जिसके बाद इंडिया के घटक दल चुनावी तैयारियों में लग जायेंगे।

इसी वर्ष जून में बिहार की राजधानी पटना तत्पश्चात जुलाई में कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में हुई बैठकों की कड़ी में यह तीसरा महाजुटान है। पटना बैठक में 16 विपक्षी दल इसमें शामिल हुए थे, जबकि बेंगलुरु में 26 दल आ जुड़े थे। अबकी बार दो नये दल भी इंडिया से आ मिले हैं जो बतलाता है कि सामूहिक प्रतिपक्ष सघन और विस्तृत दोनों ही हो रहा है। जिन दलों को लेकर संशय था, वे भी संयुक्त विपक्ष का हिस्सा बनते गये (जैसे आम आदमी पार्टी) या जिन नेताओं की निष्ठा पर शक जाहिर किया जा रहा था, वे भी साथ हैं। ऐसों में एनसीपी के सुप्रीमो शरद पवार मुख्य हैं जिनके बारे में कहा जा रहा था कि वे कभी भी पाला बदल सकते हैं। उनके बारे में ऐसा सोचने का कारण यह था कि उनके भतीजे और कुछ प्रमुख समर्थक उनसे अलग होकर महाराष्ट्र की उस मिली-जुली सरकार का हिस्सा हैं जिसके अन्य घटक दल भाजपा तथा शिवसेना का एकनाथ शिंदे वाला धड़ा है। वही पवार इस वक्त इंडिया के प्रमुख नेताओं में से एक हैं और शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे के पुत्र व उद्धव धड़े के प्रमुख हैं। वे पवार के ऐसे सहयोगी हैं जिनके बल पर भाजपा-शिंदे-अजित पवार (शरद पवार के भतीजे, जो अलग हुए नेताओं में से एक हैं) की सरकार वाले महाराष्ट्र की राजधानी मुम्बई में इंडिया की बैठक कर रहे हैं। इसके पहले हुई बैठकें उन राज्यों में हुई थीं जिनमें इंडिया में शामिल दलों की सरकारें हैं। बिहार में जनता दल यूनाईटेड (जेडीयू) व राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की, तो कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है।

यह बैठक ऐसे वक्त में हो रही है जब नये खुलासों के रूप में अंतरराष्ट्रीय ख्याति की संगठन ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) ने नया धमाका किया है जिसमें बतलाया गया है कि गौतम अदानी एवं उनके भाई विनोद अदानी ने अपनी ही राशि से खुद की कम्पनियों के शेयर खरीदकर उस नियम का उल्लंघन किया है जिसके तहत कोई भी कम्पनी का प्रमोटर इनसाइड ट्रेडिंग नहीं कर सकता। निर्धारित संख्या में कुछ शेयर छोटे निवेशकों द्वारा खरीदे जाते हैं। इस रिपोर्ट को दो प्रसिद्ध अखबार 'गार्डियन' और 'दी फाइनेंशियल टाइम्स' ने भी प्रकाशित कर बतलाया है कि मोदी के साथ ही निवेशकों के हितों की रक्षा करने के जिम्मेदार सेबी, जांच एजेंसियों आदि ने भी अदानी को बचाने में भूमिका निभाई। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले हिंडनबर्ग रिपोर्ट आई थी जिसमें कहा गया था कि मोदी ने गौतम अदानी को फायदा पहुंचाया था। राहुल गांधी बार-बार यह मामला उठाते आए हैं। उन्होंने पिछले साल निकाली अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' में इस मुद्दे को उठाया था तथा मोदी-अदानी के रिश्तों के बारे में लोकसभा में सवाल उठाये थे। इसके चलते उन्हें एक अवमानना मामले का सहारा लेकर राहुल को लोकसभा से निलम्बित कर दिया गया था। मामला सुप्रीम कोर्ट में भी है और सेबी भी अड़चन में दिख रहा है जिसने अदानी को क्लीन चिट दी थी। इसी मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों में संयुक्त संसदीय समिति बनाने की मांग की गई थी जिसे सरकार ने नकार दिया था।

मुम्बई के बैठक स्थल पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी ने इस मामले को उठाते हुए कहा कि जी-20 की बैठक भारत में होने जा रही है। ऐसे में यह रिपोर्ट सामने आना देश की प्रतिष्ठा के प्रतिकूल है क्योंकि इस रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि अदानी परिवार मोदी के करीबी हैं। राहुल ने कहा कि इस लेन-देन में दो विदेशी नागरिक नासेर अली शबान अली तथा चेंग चुंग चिंग भी सम्बद्ध हैं जो भारत की सुरक्षा को लेकर बड़ा खतरा है। उन्होंने अपना पुराना सवाल दोहराया कि जो पैसा लगाया गया है, वह किसका है। राहुल के अनुसार 10 लाख डॉलर भारत से बाहर गया और फिर घूमकर भारत की अदानी की कम्पनियों में निवेश हुआ जिससे उनके शेयरों में उछाल आया एवं सरकारी परिसम्पत्तियों को इसी राशि से खरीदा गया।

कहना न होगा कि इन कारणों से पहले से परेशान मोदी तथा भाजपा इंडिया की बढ़ती ताकत से और संकट से घिरते जा रहे हैं। वैसे तो इंडिया के जवाब के रूप में एनडीए की भी बैठक बुलाई गई है जिसमें 38 सदस्य हैं। यह अलग बात है कि इनमें से 24 पार्टियां ऐसी हैं जिनका किसी भी राज्य की विधानसभा या लोकसभा में कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। बेशक, इंडिया की मुम्बई बैठक संयुक्त प्रतिपक्ष की बढ़ती ताकत का गवाह पहले ही दिन बन गई है।

# आपातकालीन खाद्यान्न आपूर्ति के लिए भारत की ओर देख रहे हैं बांग्लादेश और नेपाल

■ आशीष विश्वास

भारत और बांग्लादेश दोनों अगले साल की शुरुआत में आम चुनाव कराने की तैयारी कर रहे हैं, परन्तु संबंधित अधिकारियों को प्रभावी खाद्यान्न आपूर्ति श्रृंखला बनाये रखने और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में बेहद कठिनाई हो रही है।

नेपाल आने वाले त्यौहार के मौसम में बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए भारत से बड़ी मात्रा में चावल, गेहूं और धान बेचने का आग्रह कर रहा है, और उम्मीद की जा रही है कि दिल्ली एक विशेष उपाय के रूप में खाद्यान्न निर्यात पर अपने वर्तमान प्रतिबंध में ढील देगी। नेपाली प्रशासन, जिसने हाल ही में फसल की कीमतों को स्थिर करने या कम करने में भारत की मदद करने के लिए टमाटर की पर्याप्त मात्रा बेची है, ऐसे समय जब देश के अधिकांश राज्यों में 140 - 200 रुपये के बीच था, उम्मीद की जा रही है कि भारत भी उसके लिए कुछ करेगा।

खाद्य पदार्थों के साथ-साथ ईंधन की बढ़ती कीमतें, मौजूदा मुद्रास्फीति के रुझान में योगदान दे रही हैं, जो अभी भी भारत के क्षेत्रीय पड़ोसियों के बीच प्रमुख चिंता बनी हुई है। अत्यधिक गर्मी और अनियमित तथा घटती बारिश के साथ वैश्विक तापमान वृद्धि के विनाशकारी प्रभावों ने अधिकांश स्थानों में फसल उत्पादन को प्रभावित किया है।

यूक्रेन युद्ध के कारण दुनिया भर में खाद्य आपूर्ति श्रृंखला पहले ही बाधित हो चुकी है, जिसके जल्द ख़त्म होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। भारत से प्रमुख अनाज और संबंधित आयात के बिना, नेपाल और बांग्लादेश को पहले से ही ऊंची कीमतों के और बढ़ने की गंभीर संभावना का सामना करना पड़ रहा है, जिससे बड़े पैमाने पर मुद्रास्फीति बढ़ेगी।

बांग्लादेश लघु और मध्यम अवधि के लिए चावल और गेहूं की गारंटीकृत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए रूस और म्यांमार के साथ तत्काल बातचीत कर रहा है। ढाका की रिपोर्टों से पता चलता है कि देश की मौजूदा स्टॉक स्थिति स्वस्थ है। लेकिन 2024 की शुरुआत में, जब चुनाव होंगे, मौजूदा भंडार ख़त्म हो जायेगा। रूस और म्यांमार दोनों ने बिक्री मूल्यों का उल्लेख किया है जो बांग्लादेश को बहुत अधिक लगता है। यह भी निश्चित नहीं है कि म्यांमार ढाका की अनाज मांगों को पूरी तरह से पूरा कर सकता है।

दुनिया भर में व्याप्त कठिन आर्थिक स्थिति को देखते हुए, यह स्पष्ट है कि अधिक बातचीत की आवश्यकता होगी और नीति निर्माताओं के लिए आगे कुछ कठोर सौदेबाजी करना बुद्धिमानी होगी, जिसमें बेचने वाले देश अपने लाभप्रद स्थिति का आनंद ले रहे हैं। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि नेपाल के साथ-साथ बांग्लादेश भी एक कठिन परिस्थिति में बड़ी मदद के लिए भारत पर भरोसा कर रहा है। इन देशों के बीच अच्छे पड़ोसी संबंध एक निश्चित लाभ हैं। श्रीलंका और चीन के साथ, बांग्लादेश और नेपाल सामान्य समय में भारत में उत्पादित चावल के नियमित आयातक रहे हैं। उदाहरण के लिए, नेपाल ने 2021 में 1.4 मिलियन टन भारतीय चावल का आयात किया, जिसकी लागत 473 मिलियन डॉलर से अधिक थी। बांग्लादेश ने 2022 में अपने कुल चावल आयात का 37 प्रतिशत भारत से खरीदा, और 2.81 मिलियन डालर से अधिक खर्च किया।

भारत ने हमेशा की तरह, अपने पड़ोसियों की ज़रूरत की घड़ी में उनके साथ खड़े रहने की प्रतिबद्धता दोहराई। हालिया वार्ता के बाद बांग्लादेश ने पहले ही भारत से आवश्यकताओं की एक संशोधित सूची जमा कर दी है। लेकिन नेपाल के साथ-साथ उसे अभी भी भारत पर भरोसा है कि वह प्रमुख रूप से उसकी मदद करेगा।

हालांकि, 2023 के अंत और 2024 की पहली तिमाही तक, भारत को अपनी विशेष मजबूरियों से जूझना होगा। संकेतों के मुताबिक लोकसभा चुनाव 2024 के मध्य में होंगे। खाद्य कीमतें एक बड़ा मुद्दा होंगी। बहुत कुछ चावल, गेहूं, धान और दाल की किस्मों के घरेलू उत्पादन पर निर्भर करेगा। वर्तमान फसल-पूर्व संकेत शायद ही उत्साहवर्धक हों।

दक्षिणी राज्यों से शुरुआत करते हुए, अलनीनो कारक के कारण पूर्व और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में मानसून वर्षा में गिरावट की उम्मीद है। इसलिए अधिकांश अर्थशास्त्रियों और योजनाकारों को समग्र खाद्य/सब्जी उत्पादन में कमी की आशंका है। मात्रा में कमी के परिणामस्वरूप उच्च कीमतें होने की संभावना है, जिसे मौजूदा भंडार का उपयोग करके केवल आंशिक रूप से पूरा किया जा सकता है। 2024 के चुनावों से पहले लंबी तैयारी अवधि के दौरान यह मुद्दा राजनीतिक रूप से संवेदनशील होने के साथ-साथ निर्णायक भी हो सकता है। बेरोजगारी, गिरते निर्यात और औद्योगिक उत्पादन के वर्तमान स्तर के साथ भारत की अपनी अर्थव्यवस्था बहुत अच्छी नहीं चल रही है। कोई आश्चर्य नहीं कि भारत सरकार ने चावल और चीनी आदि के अपने सामान्य निर्यात पर फिलहाल प्रतिबंध लगा दिया है।

सवाल उठता है कि प्रभावी घरेलू शासन को बनाये रखने और अपने आर्थिक रूप से संकटग्रस्त पड़ोसियों की मदद की बेताब अपीलों को पूरा करने के बीच भारत सरकार कितनी कुशलता से एक नाजुक संतुलन बना सकती है? दक्षिण एशियाई क्षेत्र में एक सर्वमान्य नेता होने की भारत की पारंपरिक भूमिका को देखते हुए, विश्वव्यापी आर्थिक संकट के दौरान पड़ोसियों की मदद करना कोई हल्के में लिया जाने वाला कार्य नहीं है। इस बीच, काठमांडू और ढाका की मीडिया रिपोर्टों को देखते हुए, नीति निर्माता यह नहीं छिपाते कि उन्हें गर्मी के साथ-साथ आम लोगों के बीच बढ़ते तनाव का भी एहसास है। बांग्लादेश के वाणिज्य मंत्री टीपू मुंशी ने उन वस्तुओं की तत्काल आवश्यकताओं की एक सूची के साथ हाल ही में भारत का दौरा किया, जिनकी ढाका को सख्त जरूरत थी। इससे पहले दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने एक द्विपक्षीय समझौते पर काम करने पर सहमति व्यक्त की थी जो भारत से निश्चित मात्रा में आपूर्ति की गारंटी देगा।

बांग्लादेश की मजबूरी का आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है, यह देखते हुए कि सत्तारूढ़ अवामीलीग (एएल) पहले से ही अपने सबसे कट्टर प्रतिद्वंद्वी बीएनपी (बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी) के खिलाफ चुनाव पूर्व अभियान में लगी हुई है। इस प्रकार, चुनाव से पहले बांग्लादेश के लिए किसी प्रकार की खाद्य सुरक्षा हासिल करना, शत्रुतापूर्ण पश्चिम की नज़र में, सत्तारूढ़ एएल के लिए पहली प्राथमिकता है। वे पहले से ही घटनाक्रम पर बहुत बारीकी से नज़र रख रहे हैं!

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, नेपाल ने भारत पर कम से कम 100,000 टन चावल, 10 लाख टन धान और 50,000 टन चीनी की आपूर्ति करने का दबाव डाला है। जहां तक बांग्लादेश की बात है, वह 15,00,000 टन से अधिक चावल, 10,00,000 टन चीनी और 26,00,000 टन गेहूं का आयात करना चाहेगा। निकट भविष्य में इसके लिए पर्याप्त मात्रा में लहसुन, अदरक, प्याज और दाल की भी आवश्यकता होगी।

मंत्रियों और भारत सरकार के अधिकारियों ने संकेत दिया है कि भारत की अपनी मजबूरियों को देखते हुए वर्तमान स्थिति में इतनी मात्रा में खाद्यान्न आदि का निर्यात संभव नहीं हो सकता है। दोनों देशों से कहा गया है कि वे अपने प्रारंभिक आदेशों की मात्रा को यथासंभव कम करें। हालांकि, भारत ने हमेशा की तरह, अपने पड़ोसियों की ज़रूरत की घड़ी में उनके साथ खड़े रहने की प्रतिबद्धता दोहराई। हालिया वार्ता के बाद बांग्लादेश ने पहले ही भारत से आवश्यकताओं की एक संशोधित सूची जमा कर दी है। लेकिन नेपाल के साथ-साथ उसे अभी भी भारत पर भरोसा है कि वह प्रमुख रूप से उसकी मदद करेगा।

# हबीब तनवीर : जो अपने जीते जी गाथा पुरुष बन गए

■ ज़ाहिद ख़ान

बीसवीं सदी के चौथे दशक में मुल्क के अंदर तरक्क़ी पसंद तहरीक अपने उरूज पर थी। इप्टा के नाटक अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता और सरोकारों के चलते पूरे मुल्क में मक़बूल हो रहे थे। इप्टा से जुड़े हुये अदाकार-निर्देशकों ने हिंदोस्तान में पहली बार लोक नाट्य स्वरूपों को समकालीन सार्थक रूप में प्रस्तुत किया। हबीब तनवीर भी आज़ादी की जद्दोजहद के उस दौर में इप्टा के अभिन्न हिस्सा थे। एक वक्त तो ऐसा भी आया कि उन्हें इप्टा को पूरी तरह संभालना पड़ा। जन आंदोलन के दौरान साथियों की गिरफ़्तारी के बाद, कुछ ऐसे हालात बने कि इप्टा की सारी ज़िम्मेदारी तनवीर के ऊपर आ गई। साल 1948-50 के बीच उन्होंने नाटक लिखने के साथ-साथ उनका निर्देशन भी किया। अपने आत्मकथ्य 'ए लाईफ़ इन थियेटर' में हबीब तनवीर लिखते हैं, ''दरअसल निर्देशन मुझ पर आरोपित किया गया। वह मेरा चुनाव नहीं था, मेरा चुनाव तो अभिनय था।'' मुंबई में प्रगतिशील लेखक संघ के संस्थापक सज्जाद ज़हीर के घर होने वाली साप्ताहिक बैठकों में हबीब तनवीर नियमित तौर पर जाते थे। इन साहित्यिक बैठकों में तनवीर अपनी पुर—कशिश आवाज़ में शायरी पढ़ते, जो बहुत पसंद की जाती। उनकी ग़ज़लों का पहला सेट जिसमें छह ग़ज़लें शामिल थीं, अली सरदार जाफ़री द्वारा संपादित उर्दू के मक़बूल रिसाले 'नया अदब' में एक साथ शाए हुईं।

हबीब तनवीर के हर नाटक में एक मक़सद है, जो नाटक के अंदर अंतर्धारा की तरह बहता है। मसलन नाटक 'आगरा बाज़ार' में भाषा और अदब के जानिब कुलीन और जनवादी नज़रियों के बीच कशमकश है, तो 'चरनदास चोर' सत्ता, प्रशासन और व्यवस्था पर सवाल उठाता है। 'हिरमा की अमर कहानी' और स्टीफ़न ज्वाईग की कहानी पर आधारित 'देख रहे हैं नयन' सियासी नाटक हैं, जो हर दौर में सामायिक रहेंगे।

1 सितंबर, 1923 में अविभाजित मध्यप्रदेश के रायपुर में जन्मे हबीब अहमद ख़ान की शुरुआती तालीम रायपुर में हुई। शायरी से लगाव के चलते, उन्होंने 'तनवीर' अपना तख़ल्लुस चुना। नाटक में पूरी तरह उतर जाने के बाद, शायरी तो उनसे काफ़ी पीछे छूट गई। अलबत्ता 'तनवीर' उनके नाम के आगे हमेशा के लिए जुड़ा रहा। नागपुर के मॉरिस कॉलेज से उन्होंने बी.ए. किया। बाद में एम.ए. उर्दू के लिए अलीगढ़ गए और फ़िल्मों का शौक़ उन्हें आखिरकार, मुंबई ले आया। मुंबई में पैर जमाने के लिए उन्होंने जमकर संघर्ष किया। कई छोटे-मोटे काम किए। मसलन आकाशवाणी में संगीतात्मक रूपक, पत्र-पत्रिकाओं में फ़िल्मी समीक्षा, विज्ञापन फ़िल्मों की स्क्रिप्ट वगैरह लिखीं। तनवीर की जी तोड़ मेहनत ज़ल्द ही रंग लाई। थोड़े ही अरसे के बाद, उन्हें अपनी मंजिल-ए-मक़सूद यानी फ़िल्मों में भी मौक़ा मिल गया। लिहाज़ा उन्होंने फ़िल्मों में अदाकारी की और कई फ़िल्मों के गाने और संवाद भी लिखे।

बंबई में फ़िल्मों और पत्रकारिता में मसरूफ़ियत के बावजूद हबीब तनवीर प्रगतिशील लेखक संघ और इप्टा से जुड़े रहे। इप्टा से जुड़कर, उन्होंने कई नुक्कड़ नाटक लिखे और निर्देशित किए। 'शांतिदूत कामगार' उनका लिखा और निर्देशित पहला नाटक था। बीसवीं सदी के पांचवें दशक में हबीब तनवीर मुंबई से दिल्ली आ गए। यहां आकर उन्होंने अपना नाटक 'शतरंज के मोहरे' दोबारा लिखा और इसमें ख़ालिस लखनवी उर्दू ज़बान का इस्तेमाल किया। नाटक इस बार ज़्यादा कामयाब साबित हुआ। साल 1954 में लिखा 'आगरा बाज़ार' वह नाटक था, जिसने हबीब तनवीर को शोहरत की बुलंदियों पर पहुंचा दिया। अठारहवीं सदी के मशहूर अवामी शायर नज़ीर अकबरावादी की ज़िंदगी और रचनाओं पर आधारित नाटक 'आगरा बाज़ार' में उन्होंने न सिर्फ़ आम आदमी की ज़िंदगी और उसके रोज़मर्रा के सरोकारों को अपना विषय बनाया, बल्कि लेखन में भी वह मुहावरा और तरीक़ा बरता, जो पारंपरिक अभिजन कविता के आदाब और मौज़ूअ के बिल्कुल ख़िलाफ़ था।

हबीब तनवीर ने थिएटर की आला तालीम लंदन के प्रसिद्ध थिएटर स्कूल 'रॉयल अकादमी ऑफ ड्रामेटिक आर्ट्स' यानी 'राडा' से हासिल की। इस दरमियान उन्होंने यूरोप में तीन साल बिताए। इन तीन सालों में उन्होंने यूरोपीय रंगमंच को क़रीब से देखा। ख़ासकर बर्लिन में तो तनवीर ने आठ महीने गुज़ारे, जहां जर्मन नाटककार बर्तोल्त ब्रेख्त की नाट्य प्रस्तुतियां देखीं। बर्तोल्त ब्रेख्त के नाटकों से हबीब तनवीर ने काफ़ी कुछ सीखा। उनके नाटकों में हमें जो जनपक्षधरता दिखाई देती है, उसमें ब्रेख्त के नाटकों का बड़ा योगदान है। हिंदुस्तान वापसी पर तनवीर की पहली प्रस्तुति हिंदुस्तानी थिएटर के बैनर पर हुई। शूद्रक के संस्कृत नाटक 'मृच्छकटिकम्' के हिंदी अनुवाद 'मिट्टी की गाड़ी' को उन्होंने छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों के साथ रंगमंच पर उतारा। इस नाटक में उन्होंने पूरी तरह से लोक रंगमंच की पारंपरिक शैली और तकनीक का प्रयोग किया। नाटक को एक ख़ास हिंदोस्तानियत में ढाला। ज़ाहिर है, नाटक बेहद मक़बूल हुआ।

लोक अदब और लोक रिवायतों से हबीब तनवीर को बेहद लगाव था। उन्होंने कई लोक कथाओं को विकसित कर नाटक में तब्दील किया। मसलन 'जालीदार पर्दे'-रूसी लोक कथा पर आधारित है, तो 'सात पैसे'-चेकोस्लोवाकिया की लोककथा, 'अर्जुन का सारथी'-छत्तीसगढ़ी कहानी, 'गांव के नाव ससुराल, मोर नाव दामाद'-छत्तीसगढ़ी लोककथा, 'ठाकुर पृथ्वीपाल सिंह'-राजस्थानी लोककथा, 'चरनदास चोर'-राजस्थानी लोककथा, 'बहादुर कलारिन'-छत्तीसगढ़ी लोककथा, 'सोनसागर'-बिहारी लोककथा, 'हिरमा की अमर कहानी'-आदिवासी लोककथा पर आधारित नाटक हैं। इन नाटकों की ख़ासियत ये है कि तनवीर ने इन लोक कथाओं को सीधे-सीधे ड्रामा रूप में तब्दील नहीं किया है, बल्कि लोककथा के केन्द्रीय विचार को लेकर अपने हिसाब से नाटक में विस्तारित किया। इम्प्रोवाइज किया। यही नहीं इन नाटकों को उन्होंने मौजूदा परिवेश से भी जोड़ा, जो लोगों को ख़ूब पसंद आया।

साल 1959 में हबीब तनवीर ने नाटक के एक नये ग्रुप 'नया थिएटर' की नींव रखी। 'सात पैसे', 'रुस्तम सोहराब', मोलियर का 'द बुर्जुआ जेंटलमैन', 'मेरे बाद' वगैरह उनके इस ग्रुप के शुरुआती नाटक थे। दिल्ली में जीविकायापन के लिये हबीब तनवीर ने नाटक के साथ-साथ स्वतंत्र पत्रकारिता भी की। 'लिंक', 'स्टेट्समेन', 'पेट्रिएट' के लिये उन्होंने फ़िल्म समीक्षा, नाट्य समीक्षा आदि लिखीं। इस दरमियान 'संगीत नाटक अकादमी' ने तनवीर से उनके मशहूर नाटक 'आगरा बाज़ार' का पुनर्सृजन करने के लिए कहा। इस बार तनवीर ने 'आगरा बाज़ार' के संगीत में छत्तीसगढ़ी लोकधुनों के अलावा दीगर प्रयोग किए, जो काफ़ी हिट रहे। नाटक बेहद मक़बूल हुआ। नाटक के सैकड़ों शो हुए। गोयाकि 'आगरा बाज़ार' और हबीब तनवीर एक दूसरे के पर्याय हो गए। नाटक 'चरनदास चोर' तक आते-आते हबीर तनवीर ने अपनी एक अलग पहचान बना ली थी। उनके नाटक ख़ालिस छत्तीसगढ़ी मुहावरे में खेले जाते। 'अर्जुन का सारथी', 'गौरी-गौरा', 'चपरासी', 'गांव के नाव ससुराल, मोर नाम दामाद' आदि नाटक पूरी तरह से छत्तीसगढ़ी लोकनाट्य शैली नाचा में खेले गए। इन नाटकों को महानगरीय दर्शकों ने भी ख़ूब सराहा।

साल 1975 में 'चरनदास चोर' के साथ ही तनवीर की शैली और प्रस्तुति ने अपनी पूर्णता पा ली। इसके बाद उन्होंने अपनी शैली को बिल्कुल नहीं बदला और आख़िर तक इसी शैली में नाटक खेलते रहे। नाटक 'चरनदास चोर' के कथ्य की ताज़गी और दिलचस्प व आकर्षक पेशकश ने पूरे मुल्क में तहलका मचा दिया। एक शुद्ध लोक कहानी को बिल्कुल नया रूप देकर, मौजूदा हालात से जोड़कर कैसे सामायिक बनाया जा सकता है ?, इसकी एक शानदार मिसाल है 'चरनदास चोर'। साल 1982 में एडिनबरा के विश्व ड्रामा फेस्टिवल में बावन मुल्कों के ड्रामों के बीच 'चरनदास चोर' की कामयाबी ने हबीर तनवीर और नया थिएटर को दुनियावी स्तर पर मक़बूल कर दिया। 'चरनदास चोर' के ज़रिए तनवीर ने ये साबित कर दिखाया कि लोक परंपराओं के मेल और देशज रंग पद्धति से कैसे आधुनिक नाटक खेला जा सकता है।

हबीब तनवीर द्वारा विकसित रंगमंच सिर्फ़ लोक रंगमंच ही नहीं था, बल्कि वह आधुनिक रंगमंच भी था। तनवीर आधुनिक दृष्टि वाले नाट्य निर्देशक थे। उनके पास इतिहास और सियासत की गहरी समझ थी। उनका लोककला में दिलचस्पी लेना और लोक मुहावरों में काम करना, वैचारिक फ़ैसला था। और अपने इस फ़ैसले पर वे आखिर तक क़ायम रहे। नाटक 'आगरा बाज़ार' से लेकर 'एक औरत हिपेशिया भी थी' तक उन्होंने दर्जन भर से ज़्यादा अर्थपूर्ण नाटक लिखे और निर्देशित किये। अपने नाटकों के ज़रिए वे दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ-साथ, उन्हें सम-सामयिक मुद्दों से भी जोड़ते रहे। हबीब तनवीर के हर नाटक में एक मक़सद है, जो नाटक के अंदर अंतर्धारा की तरह बहता है। मसलन नाटक 'आगरा बाज़ार' में भाषा और अदब के जानिब कुलीन और जनवादी नज़रियों के बीच कशमकश है, तो 'चरनदास चोर' सत्ता, प्रशासन और व्यवस्था पर सवाल उठाता है। 'हिरमा की अमर कहानी' और स्टीफ़न ज्वाईग की कहानी पर आधारित 'देख रहे हैं नयन' सियासी नाटक हैं, जो हर दौर में सामायिक रहेंगे। 'बहादुर कलारिन' में वे सामंतवाद पर वार करते हैं। नाटक 'जिन लाहौर नहीं देख्या, वो जन्मा ही नईं' हिन्दू-मुस्लिम सौहार्द्र पर और 'पोंगा पंडित' समाज में व्याप्त छुआ-छूत को उजागर करता है। 'मिट्टी की गाड़ी' में वे समाज को लोकसत्ता से जोड़ने की ठोस कोशिश करते हैं। ऐसा नाटक जिसका कोई मक़सद न हो उसके हबीब तनवीर खिलाफ़ थे। अपने जीते जी गाथा पुरुष बन जाने वाले हबीब तनवीर का रंगकर्म एक जुदा रंगकर्म था, जो हमेशा याद किया जाएगा।

## पावन प्रसंग

# मौन एक रक्षा कवच है

भारतीय मनुष्यों ने हमारी वाणी को वाक शक्ति बताया है। कहा जाता है जब कोई बोलता है तो वह मनुष्य और जब मौन हो जाता है तो देवता ज्ञानी है। यानी वाणी मनुष्य की भाषा है और मौन ज्ञानियों की भाषा है। वाणी में असीम शक्ति है परंतु मौन में उससे भी प्रचंड शक्ति है। मनुष्य अपने अंत:करण की शक्ति, प्राणों की शक्ति को बोलकर बिखेर देता है किंतु साधक मौन रहकर उस शक्ति को संवर्धन में उपयोग करता है। आत्म शक्ति को संवर्धन में उपयोग करते हैं और मौन द्वारा अपने भावों को अत्यधिक प्रभावकारी बना देता है। मूल व्यक्तित्व को अधिक प्रभावशाली और लोकप्रिय बनाता है। जो जितना कम बोलता है, उसकी वाणी उतनी ही प्रभावशाली होती है। मौन मनुष्य की सर्वप्रियता का एक अचूक साधन है। मौन रहने वाला कलह से, कटुता से बचता रहता है।

मौन एक रक्षा कवच है ज्ञानियों का भी और मूर्खों का भी, ज्ञानी मौन रहता है तो उसका वह गुण हो, आभूषण है और सत्य व्रत की रक्षा कर सकता है। लोकप्रियता को बनाए रख सकता है। लोग उसे समझदार समझते हैं। मूर्खता का ढक्कन है मौन। मौन कभी भी दूसरों को हानि नहीं पहुंचाता है, जबकि मनुष्य बोलकर कलह, विग्रह, विद्वेष, फूट और हिंसा को भड़काता है। दूसरों के दिलों में तीर चुभो सकता है जिससे खून खराबा होता है। उनमें भड़कीले भाषण उत्तेजक शब्द ही ज्यादा काम करते हैं। पहले बोली चलती है फिर गोली चलती है। अंडे देने के बाद मुर्गी यह मूर्खता करती है कि वह चहचहाने लग जाती है। उसकी चहचहाट सुनकर कौआ आ जाता है, वह उसके अंडे छीन लेता है जो वस्तुएं अपनी भावी संतान के खाने के लिए रखी थी उन्हें भी वह चट कर जाता है। अगर वह चुप रहती तो वह इन दोनों आफतों से बच सकती थी। यह बोलने का ही परिणाम है। संसार का इतिहास उठाकर देख लो, जितने भी अनर्थ हुए हैं, युद्ध हुए हैं, नरसंहार हुए हैं, उनके पीछे सबसे बड़ा कारण वाणी ही रही है। द्रौपदी अगर एक कटु वचन नहीं बोलती तो महाभारत की विनाश लीला नहीं होती, कुरुक्षेत्र में खून की नदियां नहीं बहती, विशाल सेना का नरसंहार क्यो हुआ? दशरथ अगर कैकयी को वचन नहीं देते तो न राम की जगह भरत का राजतिलक होता, न ही राम वनवास जाते और न ही रावण के साथ युद्ध होता। आज भी परिवार, राष्ट्र और किसी भी क्षेत्र में चले जाइये, जितने विग्रह, संघर्ष होते हैं, परिवार टूटते हैं, उनके मूल में कहीं न कहीं बोलना ही मुख्य कारण रहा है। सास-बहू के कलह अगर बहू मौन रख ले तो सास कितनी देर बोल सकेगी? अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता। बिना घास की चिंगारी किसको जलायेगी? सूखी जगह पर गिरी आग अपने आप बुझ जायेगी। अकेला व्यक्ति कलह नहीं कर सकता है।

**कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

# भारत की आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति देश के आर्थिक विकास का पैमाना

भारत के कृषि, चिकित्सा, संचार और स्पेस अनुसंधान के वैज्ञानिकों ने यह प्रमाणित कर दिया है कि वैज्ञानिक उन्नत पद्धति देश की आर्थिक विकास की आधारशिला है और चंद्रयान तीन की चंद्रमा पर पहुंचने की महान सफलता ने न सिर्फ स्पेस रिसर्च में विश्व में भारत को अग्रणी पंक्ति में प्रथम स्थान दिलाया है बल्कि देश के आर्थिक विकास में भी महती योगदान दिया है। इसरो के साथ सभी क्षेत्र के वैज्ञानिकों को अनंत बधाइयां। सदियों से हर समाज गरीबी की कठिन परिस्थिति का सामना करता रहा है। गरीबी किसी मनुष्य को इस कदर मजबूर कर देती है कि वह अपने जीवन की जरूरी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाता है। इसके कारण भुखमरी, कुपोषण और साक्षरता, बेरोजगारी जैसी न जाने कितनी समस्याओं से गरीब इंसान झेलता है।

भारत जैसा विशाल जनसंख्या वाला देश कभी भूख से कराह रहा था, पर आज अनाज का निर्यातक बन कर 140 करोड़ जनता का पेट भी भर रहा है और अनाज निर्यात भी कर रहा है। भारत ने कृषि में नवीन यंत्रों को विकसित कर जो बेहतर तौर-तरीकों जैसे वैज्ञानिक प्रयोगों से ग्रीन रिवॉल्यूशन को लाकर खड़ा कर दिया। अब भारत में पर्याप्त अन्न का भंडार भारतीय जनमानस के लिए उपलब्ध है। यह निस्संदेह वैज्ञानिक तकनीक और दृढ़ संकल्प का ही परिणाम है, जो हमारे लिए गौरव का विषय भी है। इसी तरह मानव के विकास की अहम आवश्यकता शिक्षा और कौशल तकनीक भी गरीबी निवारण के लिए अपरिहार्य बन गई है। यहां भी वैज्ञानिक तरीकों से लॉजिकल पाठ्यक्रम ऑनलाइन पढ़ाई आदि से गरीबी के कई आधार स्तंभ हटाए गए हैं। विज्ञान आधारित विकास से अब समाज में उद्योग सेवा क्षेत्र में कई नौकरियां तथा रोजगार के अनेक अवसर पैदा हो रहे हैं। विकास यानी गरीबी हटाने के घरेलू उपाय का अच्छा रोजगार देने में विज्ञान का योगदान बहुत ज्यादा रहा है, लगातार बढ़ती अर्थव्यवस्था में शिक्षा कौशल प्राप्त कर गरीब युवा भी बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकता है। सामाजिक आर्थिक क्षेत्र ही नहीं बल्कि प्रशासनिक राजनीतिक क्षेत्र भी वैज्ञानिक तकनीकी से गरीबी मिटाने के प्रयास में लगातार अनवरत प्रयत्नशील है। ई गवर्नेंस व स्मार्ट गवर्नेंस में व्यापक तौर पर पारदर्शिता जवाबदेही लाकर प्रशासन को बेहतर बनाने में मदद की है। यह भी गरीबी निवारण के लिए जरूरी सुशांत सुशासन का एक अहम हिस्सा है। विज्ञान तकनीकी आधारित विकास ने हमारी गरीबी का स्तर घटाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रभाव महसूस किया जा रहा है। अब इस बात की जरूरत है कि दुनिया के विकास के मॉडलों में सामाजिक मूल्य कमजोर वर्गों के प्रति करुणा विविध धर्म, संप्रदाय आदि क्षेत्र का सम्मान जैसी बातें भी शामिल हो। अब विकास का ऐसा मॉडल विकसित हो जाना चाहिए जो समाज को पर्यावरण प्रेम, नागरिक मानवीय कर्तव्य, नैतिक मूल्य का भी पाठ पढ़ाए ताकि समस्त सामाजिक वर्ग का विकास एक साथ सबके साथ हो सके। दुनिया के हर महत्वपूर्ण अर्थशास्त्री विकास के मॉडल में विज्ञान की तकनीकी का प्रयोग अत्यंत एवं आवश्यक मानते हैं। अब विकास के साथ विज्ञान और मूल्य का सही संयोजन जरूरी है ताकि असमानता के स्थान पर सभी का विकास संभव हो सके।

विज्ञान की अथाह क्षमता तथा शक्ति का सदुपयोग विकास के पथ को तीव्र सरल तथा उच्च उत्पादकता वाला बनाना होगा। गरीबी की दर्दनाक पीड़ा पर यह मरहम लगाकर उसे हटाने का बेहतर साधन भी बन सकता है। वैज्ञानिक तकनीक के साथ यदि मानवीय संवेदनाओं का समावेश हो तो यह कई गुना अधिक सफल बन सकती है। ऐसे में येन केन प्रकारेण धन कमाने की लिप्सा और शोषण की सोच की जगह सर्वे भवंतु सुखिन: जैसी सकारात्मक भावनाएं समाज में व्याप्त हो तभी विकास की सही दिशा को कोई भी राष्ट्र प्राप्त कर उस देश की गरीबी को हटाने में सफल हो सकता है।

**संजीव ठाकुर**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## वेस्ट बैंक में विस्फोट, अधिकारी और तीन सैनिक घायल

**रामल्ला।** वेस्ट बैंक के नब्लस में हुए विस्फोट में इज़राइली रक्षा बल (आईडीएफ) के एक अधिकारी और तीन सैनिक घायल हो गए। यह जानकारी आईडीएफ ने टेलीग्राम पर एक बयान के माध्यम से दी। आईडीएफ ने कहा नब्लस शहर में जोसेफ के मकबरे में इजरायली नागरिकों का समन्वित प्रवेश सुरक्षित करने के दौरान हुए एक विस्फोट में एक आईडीएफ अधिकारी और तीन सैनिक घायल हो गए। उन्हें चिकित्सा उपचार प्रदान करने के लिए एक अस्पताल में भर्ती किया गया और उनके परिवारों को इस दुर्घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है।

# देश विदेश

# अब भारत, दुनिया के लिए सबसे ज्यादा मायने रखता है : एस. जयशंकर

## दुनिया के लिए बढ़ता जा रहा है भारत का महत्व

**नई दिल्ली**, 31 अगस्त (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि भारत ने ऐसे समय में जी20 की अध्यक्षता संभाली है जब भारत, दुनिया के लिए सबसे ज्यादा मायने रखता है। विदेश मंत्री ने दिल्ली विश्वविद्यालय में हिंदू कॉलेज के छात्रों के साथ बातचीत करते हुए कहा, सच तो यह है कि भारत ने ऐसे समय में जी-20 की अध्यक्षता संभाली है, जब दुनिया के लिए भारत का महत्व बढ़ता जा रहा है। यह दुनिया के लिए आंशिक रूप से हमारी आर्थिक उपलब्धियों के कारण अधिक मायने रखता है क्योंकि अब हम पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गए हैं। आज हम वैश्विक कार्यस्थल, वैश्विक प्रतिभा पूल के लिए आवश्यक माने गए हैं। यह मायने रखता है क्योंकि हमने भी आज एक क्षमता का प्रदर्शन किया है। हमने दूसरे देशों की मदद करने की क्षमता प्रदर्शित की है। इसलिए, जी-20 की भारत की अध्यक्षता से अपेक्षाएं और जिम्मेदारियां बहुत असाधारण हैं। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि हमने इंटरनेशनल सोलर अलायंस के जरिए सौर ऊर्जा को




**'यह दुनिया के लिए आंशिक रूप से हमारी आर्थिक उपलब्धियों के कारण अधिक मायने रखता है क्योंकि अब हम पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गए हैं।'**

लेकर दुनिया की सोच बदल दी है। आज हम अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के माध्यम से दुनिया की खान-पान की आदतों को बदलने का प्रयास कर रहे हैं। हमने आपदा प्रतिक्रिया के गठबंधन के माध्यम से आपदाओं का जवाब देने का एक सामूहिक तरीका बनाया है। आज भारत के बारे में पूरी धारणा सिर्फ एक ऐसी जगह नहीं है, जहां प्रौद्योगिकी की ये बड़ी छलांगें लगाई गई हैं, बल्कि यह एक ऐसा देश भी है, जिसे आज वास्तव में वैश्विक प्रगति को आगे बढ़ाने वाले के रूप में देखा जाता है। इसलिए मुझे पूरा विश्वास है कि जब एक दिन आप सभी पीछे मुड़कर देखेंगे, तो आप सभी 2023 को भारत के लिए एक बड़े वर्ष के रूप में याद करेंगे, एक ऐसे वर्ष के रूप में जब हमारी जी-20 अध्यक्षता ने हमें दुनिया के मानचित्र पर एक अलग स्थान पर खड़ा किया। चंद्रयान-3 पर विदेश मंत्री ने कहा, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हम शारीरिक रूप से वहां मौजूद थे, लेकिन मानसिक रूप से हम बेंगलुरु में थे, क्योंकि पूरे समय प्रधानमंत्री के साथ-साथ हमारे मन में भी चंद्रयान का ही विचार था। लेकिन, शाम को बातचीत का एक ही विषय था, बातचीत का वह विषय था चंद्रयान-3 की लैंडिंग। उस दिन मेरे लिए सबसे बड़ी संतुष्टि सभी नेताओं की यह भावना थी कि भारत ने यह कर दिखाया है।

# जोहान्सबर्ग में बहुमंजिला इमारत में आग लगने से 73 की मौत



**जोहान्सबर्ग**, 31 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका की राजधानी जोहान्सबर्ग में एक बहुमंजिला इमारत में आग लगने से कम से कम 73 लोगों की मौत हो गयी है और 52 अन्य झुलस गए हैं। जोहान्सबर्ग आपातकालीन प्रबंधन सेवाओं के प्रवक्ता रॉबर्ट मलाउदज़ी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इससे पहले दिन में, श्री मलाउदजी ने कहा ,

**52 अन्य आग से झुलसे**

दक्षिण अफ्रीका के सबसे बड़े शहर में एक बहुमंजिला इमारत में आग लगने से कम से कम 63 लोग मारे गए और 43 अन्य झुलस गए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स', पर कहा, %इस हादसे में 73 लोगों की मौत हो गई है और 52 लोग झुलस गए हैं। खोज और बचाव अभियान जारी है।% श्री मलाउदज़ी ने दिन की शुरुआत में बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। उन्होंने एक्स पर यह भी कहा कि अग्निशमन और बचाव दल घटनास्थल पर काम कर रहे हैं। इस बीच, साउथ अफ्रीकन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन ने बताया कि आग पांच मंजिला इमारत में लगी थी, जिसमें लोग अवैध रूप से रह रहे थे।

## सुडोकू 6303

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 2 | |
| 5 | 4 | | 9 | | 3 | | | 6 |
| | 9 | 8 | | | | | | |
| 7 | | | 2 | | 5 | | | 8 |
| | | 4 | | | | 5 | | |
| 3 | | | 8 | | 6 | | | 9 |
| | | | | | | 3 | 9 | |
| 8 | | | 5 | | 9 | | 1 | 4 |
| | 1 | | | | | 6 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गो का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शुक्रवार 1 सितम्बर , 2023 भाद्र कृष्ण पक्ष 1**

### राशिफल

मेष - आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम में वृद्धि हो सकती है। सामाजिक रूप से यश और कीर्ति मिलेगी। व्यापार में लाभ होगा। विवाह के योग्य जातकों का रिश्ता पक्का हो सकता है।

वृषभ - आज कोई पुरानी चिंता दूर हो सकेगी। शारीरिक रूप से भी आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। पारिवारिक जीवन में सुख-संतोष का अनुभव होगा। व्यवसाय में आपको यश मिलेगा।

मिथुन - आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। स्वास्थ्य में भी कुछ उतार-चढ़ाव होगा। व्यापार में पार्टनर के साथ मतभेद हो सकते हैं। धन का व्यय अधिक होगा।

कर्क - आज मन को शांत रखकर ईश्वर के नाम का स्मरण करें। इससे एकाग्र होने में दिक्कत नहीं आएगी। गुस्से को वश में रखें। नेगेटिव विचार आपको परेशान कर सकते हैं। धन की तंगी रहेगी। फिर भी दोपहर के बाद आप प्रसन्न रहेंगे।

सिंह - आज आपको मनोरंजन के भरपूर साधन उपलब्ध होंगे। इससे आप मित्रों और स्नेहीजनों के साथ खुशी महसूस करेंगे। पर्यटन की संभावना है। दोपहर के बाद मानसिक रूप से आप थका हुआ महसूस करेंगे।

कन्या - आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायक है। काम में सफलता मिलने से आज आप आनंदित रहेंगे। आपका यश बढ़ेगा। परिवार का वातावरण अनुकूल रहेगा।

तुला - लेखनकार्य और साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। किसी चर्चा में भाग ले सकते हैं। नौकरीपेशा लोग अपने टैलेंट की बदौलत कुछ अच्छा काम कर पाएंगे। यश और कीर्ति में वृद्धि होगी।

वृश्चिक - आज किसी बात को लेकर जिद्दी ना बने रहें। अपने इमोशन पर नियंत्रण रखें। वित्तीय मामलों में लाभ की आशा रख सकते हैं। वस्त्र-आभूषण एवं सौंदर्य प्रसाधनों के मामले में खर्च होगा। माता से लाभ होगा।

धनु - आज मन की कोई चिंता दूर होने से आप काफी हलकापन महसूस करेंगे। परिजनों के साथ किसी खास पारिवारिक चर्चा में भाग ले सकते हैं। मित्रों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी और विरोधी के समक्ष विजय होगी।

मकर - आज धार्मिक विचारों के साथ-साथ धार्मिक कामों पर धन खर्च होगा। अधिक वाद-विवाद से परिवार का वातावरण सौहार्दपूर्ण नहीं रहेगा। ऑफिस में काम में मन नहीं लगेगा। दोपहर के बाद आप का मन चिंता से मुक्त रहेगा।

कुंभ - आज सांसारिक विषयों की बजाए आध्यात्मिक विषयों की तरफ आप का झुकाव अधिक रहेगा।किसी नेगेटिव भावनाओं को महत्व न देकर मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का प्रयत्न करें।

मीन - धन के लेन-देन, उगाही या निवेश करते समय आज सावधानी रखें। किसी के भी काम में जल्दबाज़ी करने से विघ्न आ सकता है। कोर्ट कचहरी की बातों में संभलकर चलने की सलाह आपको दी जाती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# ब्रिटेन ने गैबॉन में असंवैधानिक सैन्य अधिग्रहण की निंदा की

**लिब्रेविले,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने बुधवार को गैबॉन में सत्ता पर असंवैधानिक सैन्य अधिग्रहण की निंदा की और विद्रोहियों से संवैधानिक सरकार बहाल करने का आह्वान किया। कार्यालय ने वेबसाइट पर एक बयान में कहा, ब्रिटेन गैबॉन में सत्ता पर असंवैधानिक सैन्य अधिग्रहण की निंदा करता है और संवैधानिक सरकार बहाल करने का आह्वान करता है। हम मीडिया की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध सहित हाल की चुनावी प्रक्रिया पर उठाई गई चिंताओं को समझते हैं और सभी दलों और नागरिकों से किसी भी चुनावी विवादों का समाधान करने लिए कानूनी और संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करने का आग्रह करते हैं। इससे पहले बुधवार को, गैबोनी के राष्ट्रपति अली बोंगो ओंडिम्बा को 64.2त्न वोट प्राप्त हुए और वह देश के प्रमुख के रूप में तीसरे कार्यकाल के लिए पुन: निर्वाचित हुए। जिसके बाद गैबोनी सेना ने एक टेलीविजन संदेश में चुनाव परिणामों को रद्द करने और सभी संस्थानों को भंग करने की घोषणा की। मीडिया में आई खबरों के अनुसार, राष्ट्रपति को नजरबंद कर दिया गया जबकि उनके बेटे को हिरासत में लिया गया।

# ताइवान के लिए पहली बार संप्रभु राज्य वित्त कार्यक्रम के अंतर्गत अमेरिकी रक्षा सहायता

**वाशिंगटन,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के अध्यक्ष माइकल मैककॉल ने ताइवान के लिए विदेशी सैन्य वित्तपोषण (एफएमएफ) के माध्यम से पहली बार सहायता की घोषणा करने के लिए बिडेन प्रशासन की सराहना की। एफएमएफ कार्यक्रम आमतौर पर संप्रभु राज्यों या अंतरराष्ट्रीय संगठनों के लिए आरक्षित है।


मैककॉल ने बुधवार को एक बयान में कहा, मुझे खुशी है कि अमेरिकी प्रशासन ताइवान को एफएमएफ प्रदान करके हमारे द्विदलीय ताइवान एन्हांस्ड रेजिलिएंस एक्ट लागू कर रहा है। ये हथियार न केवल ताइवान की मदद करेंगे और क्षेत्रीय लोकतंत्रों की रक्षा करेंगे बल्कि अमेरिकी निवारक मुद्रा को भी मजबूत करेंगे। मैककॉल ने यह भी कहा कि यह कदम चीन के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा। अमेरिकी रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी के अनुसार, एफएमएफ रक्षा वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीददारी के लिए पात्र भागीदार देशों को दिया जाता है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि अफ्रीकी संघ ही एकमात्र अन्य गैर-राष्ट्र राज्य है जो एफएमएफ के माध्यम से सैन्य



**चीन के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा यह कदम**

सहायता प्राप्त करता है। रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने कहा कि यह कदम ताइवान के संबंध में अमेरिकी नीति में कोई बदलाव नहीं लाता है। विदेश विभाग ने बुधवार को कांग्रेस को इस बिक्री से अवगत करा दिया है, हालांकि शुरुआती बिक्री केवल आठ करोड़ डॉलर की अनिर्दिष्ट आपूर्ति है, लेकिन इस कदम से चीन का क्रोधित होना स्वभाविक है। ताइवान 1949 से ही चीन द्वारा स्वतंत्र रूप से शासित हो रहा है। बीजिंग इसे अपना प्रांत मानता है, जबकि ताइवान खुद को एक स्वायत्त इकाई मानता है, लेकिन स्वतंत्रता की घोषणा करने से बचता है।

## वर्ग पहेली 6303



**बायें से दायें:-**

१. किसी महाजन-व्यापारी आदि के हिसाब की किताबें
३. नापाक, अशुद्ध
५. जो कभी न टूटे
६. निवासी
७. चंद्रमा
९. प्रार्थी, सवाल करने वाला (उर्दू)
१०. एक दैत्य जिसका वध श्रीकृष्ण ने किया था
१२. दिलचस्प, रुचिकर
१३. रिश्ता, लगाव
१४. डर से घबराया हुआ
१६. खोपड़ी, माथा
१८. लक्ष्मी
२०. हिंसक पशु (उर्दू)
२१. प्रतिपक्षी को लड़ने के लिए दी जानेवाली चुनौती
२३. पिशाच की तरह क्रूर स्वभाव वाला मनुष्य

**ऊपर से नीचे:-**

१. वर्षा
२. गले के नीचे से शुरू होने वाली नली जिससे भोजन पेट में पहुंचता है
३. अनुमान, अंदाजा
४. मुख्यालय, प्रतिरोध
५. मुताबिक
८. लाल कमल
१०. बचा हुआ, अवशेष, बाकी रकम
११. दोष या खराबी दूर करने की क्रिया या भाव
१२. रोकने वाला, विघ्न, रुकावट
१३. युद्ध
१४. बहुत से लोगों का बदहवास होकर एक साथ भागना
१५. अपनी तौल के बराबर अन्न-द्रव्य आदि का दाम
१७. खड़ाऊ, चप्पल
१८. हरगिज
१९. लोभ
२२. ध्वनि, आवाज

## वर्ग पहेली-6302

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | बे | २ ह | या | 3 त | ■ | ४ प | द | ५ चा | प |
| जी | ■ | म | ■ | ६ र | फ्ता | र | ■ | त | ■ |
| ७ वि | ध्वं | स | ■ | स | ■ | ८ व | न | क | ९ रि |
| का | ■ | फ | ■ | १० खा | मो | श | ■ | ■ | पु |
| ■ | ११ ह | र | १२ जा | ना | ■ | ■ | १३ शा | य | द |
| ■ | म | ■ | य | ■ | १४ वि | का | स | ■ | म |
| १५ चा | ल | १६ बा | ज | ■ | श्व | ■ | १७ क | १८ मा | न |
| टु | ■ | ल्य | ■ | १९ पु | स्त | २० क | ■ | हि | ■ |
| २१ का | लि | का | ■ | ल | ■ | २२ ठि | ठु | र | २३ ना |
| र | ■ | २४ ल | ड़ | क | प | न | ■ | ■ | मी |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# मलेशिया ने स्वतंत्रता की 66वीं वर्षगांठ मनाई

**कुआलालंपुर**, 31 अगस्त (एजेंसियां)। मलेशिया ने गुरुवार को परेड, आतिशबाजी और बड़े पैमाने पर समारोहों के आयोजन के साथ स्वतंत्रता दिवस की 66वीं वर्षगांठ मनाई।

बुधवार देर रात के हजारों मलेशियाई लोगों ने देशभक्ति गीत गाकर और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस मनाया और इस उत्सव का समापन गुरुवार सुबह पुत्रजया के प्रशासन केंद्र में राजा सुल्तान अब्दुल्ला सुल्तान अहमद शाह की देखरेख में परेड के साथ हुआ। इस उत्सव में मलेशियाई सम्राट के साथ प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम, कैबिनेट के सदस्य और अन्य अधिकारी शामिल हुए। नर्तकियों और अन्य कलाकारों के अलावा हजारों सैन्य और नागरिक कर्मियों ने स्वतंत्रता



**■ 1957 को मलेशिया ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता प्राप्त की थी**

परेड में भाग लिया। सुल्तान अब्दुल्ला ने मलेशियाई लोगों को यह याद दिलाया कि एकता, सद्भाव, जनता की भलाई ही दक्षिण पूर्व एशियाई देश की कुंजी है। गौरतलब है कि 31 अगस्त 1957 को मलेशिया ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता प्राप्त की थी।

# सेनेगल ने नाइजर पर संभावित आक्रमण के लिए तैयारी शुरू की

**डाकार**, 31 अगस्त (एजेंसियां)। सेनेगल की सेना नाइजर में संभावित सैन्य हस्तक्षेप करने के लिए बेनिन में तैनाती की तैयारी शुरू कर रही है। यह जानकारी सेनेवेब समाचार पोर्टल ने बुधवार को सूत्रों के हवाले से दी।

रिपोर्ट के अनुसार, सेनेगल की सेना ने सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ मबाये सिसे के निर्देश पर 11 अगस्त को अपनी सेना को एकत्रित किया। देश के हवाई वाहक, एयर सेनेगल ने एकत्रित 900 सैनिकों और सैन्य उपकरणों को बेनिन के शहर कोटोनौ में परिवहन करने का अनुरोध किया है, जो निस्संदेह पश्चिम अफ्रीकी राज्यों का आर्थिक समुदाय (ईसीओडब्ल्यूएएस) के बलों के लिए एक रियर बेस जैसा काम करेगा। सेना के एक प्रवक्ता ने पोर्टल से कहा कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है। गौरतलब है कि 26 जुलाई को, नाइजर के राष्ट्रपति गार्ड ने राष्ट्रपति मोहम्मद बाज़ोम को अपदस्थ कर दिया और उन्हें हिरासत में ले लिया। गार्ड के कमांडर, जनरल अब्दुर्रहमान त्चियानी ने खुद को होमलैंड के नेतृत्व वाली सरकार की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय परिषद का कार्यवाहक अध्यक्ष घोषित किया। अधिकांश पश्चिमी देशों के साथ-साथ ईसीओडब्ल्यूएएस ने इसकी निंदा की।

## आज का इतिहास

1807- अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति आरोन बर्र राजद्रोह के मामले में निर्दोष पाये गये।
1878- एम्मा एम नट्ट अमेरिका में पहली महिला टेलीफोन ऑपरेटर बनीं।
1923- ग्रेट कैंटो भूकंप ने जापान के टोक्यो और योकोहामा में भयंकर तबाही मचायी।
1939- जर्मनी का पोलैंड पर आक्रमण करने के साथ ही द्वितीय विश्व युद्ध की शुरुआत हुई।
1947- भारतीय मानक समय को अपनाया गया।
1956- भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की स्थापना हुई।
1956- राज्यों के पुनर्गठन के बाद त्रिपुरा केंद्र शासित प्रदेश बना।
1962- महाराष्ट्र के कोल्हापुर में शिवाजी विश्वविद्यालय की स्थापना।
1964- इंडियन ऑयल रिफाइनरी और इंडियन ऑयल कम्पनी को विलय कर इंडियन ऑयल कॉपरेशन बनाई गयी।
1972- मिस्र और लीबिया ने फेडरेशन बनाया।
1994- उत्तरी आयरलैंड में आयरिश रिपब्लिकन आर्मी ने युद्ध विराम लागू किया।
1997- साहित्यकार महाश्वेता देवी और पर्यावरणविद एम सी मेहता को रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्रदान किया गया।
1998- विक्टर चेर्नोमीर्दिन पुन: रूस के नये प्रधानमंत्री नियुक्त।
2000- चीन ने तिब्बत होते हुए नेपाल जाने वाले अपने एकमात्र रास्ते को बंद किया।
2004- पाकिस्तान के मानवाधिकार विशेषज्ञ मेहर खान विलियम्स को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग ने उप उच्चायुक्त नियुक्त किया।

**परेशानी** पाकिस्तान में आसमान छू रही महंगाई

# देश में दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे विरोध प्रदर्शन

**इस्लामाबाद, 31 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान में विरोध-प्रदर्शन हर गुजरते दिन के साथ गहराता जा रहा है। हजारों लोग उच्च टैरिफ और करों को खारिज करते हुए अपने बिजली बिल जला रहे हैं। जहां हालात तेजी से नियंत्रण से बाहर हो रहे हैं, वहीं पाकिस्तान सरकार ने कहा है कि उसके हाथ पूरी तरह से अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से बंधे हैं। वित्तीय एजेंसी की सहमति के बिना वह कोई राहत नहीं दे सकती। पाकिस्तान की अंतरिम वित्त मंत्री शमशाद अख्तर का कहना है कि सरकार आईएमएफ कार्यक्रम की जंजीरों से बंधी हुई है। उसे करों को लागू करना है।**

बिजली और गैस दरों में और वृद्धि करनी है। ईंधन की कीमतों को बढ़ाना है और कर आधार भी बढ़ाना है। अंतरिम वित्त मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद डॉ. शमशाद ने पहली पॉलिसी

**हजारों लोग उच्च टैरिफ और करों को खारिज करते हुए अपने बिजली बिल जला रहे**

स्टेटमेंट में कहा कि पाकिस्तान एक आयात-निर्भर देश है और कमोडिटी की कीमतों को आगे बढ़ाया जाना चाहिए, क्योंकि हमारे पास राजकोषीय स्थान नहीं है और सब्सिडी के लिए कोई जगह नहीं है, जो लोगों को नुकसान पहुंचाने वाला है - चाहे ईंधन की कीमतों के रूप में हो या बिजली बिल के रूप में। उन्होंने आगे कहा कि हमें वैश्विक बाजारों में ऊंची कीमतों



और सब्सिडी के लिए किसी भी राजकोषीय स्थान की उपलब्धता की कमी के संबंध में बिजली और ईंधन की कीमतों में और वृद्धि करनी होगी। हमारे पास अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) कार्यक्रम पर टिके रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। बड़ी बात यह है कि उनका बयान आईएमएफ कार्यक्रम पर वर्तमान सरकार की निर्भरता और लोगों के सामने अपनी बेबसी व्यक्त करने की उनकी मजबूरी को दर्शाता है, जो बिजली के बढ़ते बिलों, ईंधन की बढ़ी कीमतों और लगाए गए करों से गुस्से में हैं। पाकिस्तानी हर दिन देश के सभी हिस्सों में विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं, सरकार की नीतियों को खारिज कर रहे हैं और अपने बिलों का भुगतान करने से इनकार कर रहे हैं। रावलपिंडी में एक प्रदर्शनकारी ने कहा, हम अपने बिलों का भुगतान नहीं करेंगे। हम बिलों को अस्वीकार करते हैं।

हम इन बिलों और इस सरकार को जला देंगे। उन्होंने हमारे लिए महंगाई के जरिए जीवित रहना असंभव बना दिया है। कोई काम नहीं है, कोई व्यवसाय नहीं है, कोई नौकरियां नहीं हैं और आम आदमी अब आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर है। एक अन्य प्रदर्शनकारी ने कहा, लोगों ने आत्महत्या करना शुरू कर दिया है।

## दुनिया को जानें

# चीन ने साओला तूफान के मद्देनजर किया रेड अलर्ट जारी

**बीजिंग,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने गुरुवार को साओला तूफान के मद्देनजर देश में रेड अलर्ट जारी किया। चार स्तरीय तूफान चेतावनी प्रणाली में यह सबसे गंभीर चेतावनी है। देश में इस साल के नौवें तूफान को देखते हुए दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में तूफान और भारी बारिश होने का अनुमान है।

वेधशाल ने एक बयान में कहा कि यह तूफान आज सुबह पांच बजे दक्षिण चीन के गुआंग्डोंग प्रांत के हुइलाई काउंटी से लगभग 330 किमी दक्षिणपूर्व में समुद्र के ऊपर उठा। तूफान के धीरे-धीरे 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की उम्मीद है। राष्ट्रीय वेधशाला ने कहा कि तूफान से शुक्रवार दोपहर या रात को हुइलाई से हांगकांग तक फैले तटीय इलाकों में कहीं भूस्खलन हो सकता है और इसके बाद यह पश्चिम से दक्षिण की ओर बढ़ेगा और पूर्वी गुआंग्डोंग में बिना बरसे गुजर जाएगा। केंद्र ने कहा कि इस अवधि के दौरान फुज़ियान, गुआंग्डोंग और ताइवान के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होगी और कुछ क्षेत्रों में 100 से 220 मिमी तक बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

# प्रादेशिकी

## बीड़ बिलिंग और इंद्रुनाग पैराग्लाइडिंग साइट 16 सितंबर से शुरू होगी

**शिमला,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में बीड़ बिलिंग और इंद्रुनाग पैराग्लाइडिंग साइट 16 सितंबर से फिर से शुरू होगी। जिला पर्यटन अधिकारी विनय धीमान ने आज यहां बताया कि राज्य में लगातार हो रही बारिश के कारण 15 जुलाई को साइटें सहासिक खेलों के लिए बंद कर दी गई थीं। जिला कांगड़ा के धर्मशाला और बीड़-बिलिंग में पर्यटन कारोबार पैराग्लाइडिंग पर काफी निर्भर करता है। जिले में आने वाले पर्यटक इंद्रुनाग, नरवाणा और बीड़-बिलिंग में पैराग्लाइडिंग का लुत्फ उठाते हैं। इससे टैक्सी, रिक्शा और छोटे-बड़े कारोबारियों को भी लाभ मिलता है। बीड़-बिलिंग में अक्तूबर में पैराग्लाइडिंग का प्री-वर्ल्डकप भी प्रस्तावित है। इसमें दुनिया भर के नामी पैराग्लाइडिंग पायलट भाग लेंगे।

# नवीन प्रौद्योगिकी आधारित पाठ्यक्रमों से मिलेगा युवाओं को रोजगार : सुक्खू

**बिलासपुर,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गुरूवार को कहा कि नवीन प्रौद्योगिकी आधारित पाठ्यक्रमों से युवाओं को रोजगार मिलेगा। श्री सुक्खू ने बिलासपुर जिला में स्थित राजकीय हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज में यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में उभरती हुई प्रौद्योगिकी युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध करवाती है और इसी को ध्यान में रखते हुए वर्तमान प्रदेश सरकार राज्य के तकनीकी संस्थानों में नई पीढ़ी के पाठ्यक्रम शुरू करने को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, रोहड़ू एवं चम्बा में कम्प्यूटर इंजीनियरिंग और इंटरनेट ऑफ थिंग्ज़ व मैकेट्रॉनिक्स के विशिष्ट पाठ्यक्रम आरम्भ किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 17 राजकीय औद्योगिक तकनीकी संस्थानों में इसी अकादमिक सत्र से औद्योगिक क्षेत्र की मांग के अनुरूप इलेक्ट्रिक व्हीकल मकैनिक, तकनीकी मैकेट्रॉनिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्ज़ सहित नई पीढ़ी के अन्य पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। इसके लिए प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई है तथा प्रशिक्षु इसमें गहन रूचि दर्शा रहे हैं। सुक्खू ने कहा कि इन नए मूल्यवर्द्धित पाठ्यक्रमों को आरम्भ करने का उद्देश्य तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना और इसे रोजगारपरक बनाना है। उन्होंने कहा कि इससे औद्योगिक इकाइयों को राज्य में प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल उन्नत प्रौद्योगिकी के लिए बेहतर वातावरण तैयार करने और युवाओं को रोजगार के प्रचुर अवसर उपलब्ध करवाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है।



वर्तमान परिपेक्ष्य में उभरती हुई प्रौद्योगिकी युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध करवाती है और इसी को ध्यान में रखते हुए वर्तमान प्रदेश सरकार राज्य के तकनीकी संस्थानों में नई पीढ़ी के पाठ्यक्रम शुरू करने को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है: सुखविंदर सिंह सुक्खू

## हिमाचल के मंडी में ठप पड़े हैं 375 रूट

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में एचआरटीसी के मंडी मंडल के तहत चलने वाले 940 में से 375 रूट अभी तक ठप पड़े हुए हैं, जिस कारण लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मंडी, कुल्लू और लाहौल-स्पिति जिलों के छह बस डिपो आते हैं जिनमें मंडी, सुंदरनगर, सरकाघाट, धर्मपुर, कुल्लू और केलांग डिपो शामिल हैं। इन छह डिपो में 940 में से 565 रूट सड़कें खुलने के बाद यातायात के लिए बहाल कर दिए गए हैं। सबसे ज्यादा 135 रूट कुल्लू डिपो के प्रभावित हुए हैं। सरकाघाट के 78, मंडी के 71, सुंदरनगर के 47 और धर्मपुर के 34 रूट प्रभावित हुए हैं। एचआरटीसी मंडी मंडल के मंडलीय प्रबंधक विनोद ठाकुर ने बताया कि भारी बारिश के कारण अभी तक निगम की 63 बसें फंसी हुई हैं। कुल्लू और केलांग डिपो की कुछ बसें मंडी में पड्डल मैदान के पास और बाहर बीते जुलाई महीने से बेकार खड़ी हुई हैं। हालांकि कुल्लू और केलांग से चलने वाले अधिकतर लांग रूट मंडी से चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक निगम को भारी बारिश के कारण 12 से 15 करोड़ के नुकसान का अनुमान है। इसमें मंडी डिपो की एक बस थट्टा गांव के पास पहाड़ी से मलबा आने के कारण बह गई है। उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे सड़कें खुल रही हैं वैसे-वैसे रूटों को बहाल किया जा रहा है। बस सड़कें बंद होने के कारण बस सेवाएं बहाल न होने से आम लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

## सीपीएस की नियुक्तियों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई 18 सितम्बर के लिए टली

**शिमला,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। प्रदेश हाईकोर्ट में उप मुख्य मंत्री सहित सीपीएस की नियुक्तियों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई 18 सितम्बर के लिए टल गई। मामले की सुनवाई के पश्चात कोर्ट ने अंतरिम राहत के तौर पर सभी सीपीएस को काम करने से रोकने की मांग को फिलहाल लंबित रखने का फैसला सुनाया। याचिकाकर्ता ऊना से विधायक सतपाल सिंह सत्ती और अन्य 11 विधायकों ने मामले के अंतिम निपटारे तक सभी सीपीएस को काम करने से रोकने के आदेशों की मांग की थी। प्रार्थियों की ओर से अंतरिम राहत के लिए दायर आवेदन को सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ध्यान में रखते हुए निपटाने की गुहार लगाई थी। मामले पर बहस के दौरान सरकार द्वारा मामले से जुड़ी सभी याचिकाओं की गुणवत्ता पर सवाल उठाया। सरकार की ओर से महाधिवक्ता अनूप रत्तन ने मामले की पैरवी करते हुए कहा कि सभी याचिकाएं हाईकोर्ट के नियमों के अनुसार दायर नहीं की गई है। इसलिए इन याचिकाओं को इसी आधार पर खारिज किए जाने का आवेदन सरकार की ओर से दायर किया गया है। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश अजय मोहन गोयल की खंडपीठ ने प्रार्थियों के अंतरिम राहत की मांग वाले आवेदन को लंबित रखते हुए कहा कि पहले सरकार द्वारा उठाए गए गुणवता के मुद्दे को निपटाया जाना जरूरी है।

सीपीएस की नियुक्तियों को विभिन्न याचिकाओं के माध्यम से चुनौती दी गई है। सबसे पहले वर्ष 2016 में पीपल फॉर रिस्पांसिबल गवर्नेंस संस्था ने सीपीएस को चुनौती दी थी। अब नई सरकार की ओर से सीपीएस की नियुक्ति किए जाने पर उन्हें प्रतिवादी बनाये जाने के लिए आवेदन किया गया है। मंडी निवासी कल्पना देवी ने भी सीपीएस की नियुक्तियों को लेकर याचिका दायर की है। ऊना से विधायक सतपाल सिंह सत्ती और अन्य 11 विधायकों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सत्य पाल जैन ने पैरवी की। प्रार्थियों ने इस याचिका में उप-मुख्यमंत्री समेत सीपीएस की नियुक्ति को चुनौती दी है। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी एक आवेदन दायर कर याचिका की गुणवत्ता पर सवाल उठाए और उनकी ओर से पैरवी करने वाले पूर्व महाधिवक्ता श्रवण डोगरा ने उप मुख्यमंत्री को निजी प्रतिवादी बनाए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई। उनका कहना है कि पूरे देश में लगभग 11 उप मुख्यमंत्री संवैधानिक प्रावधानों के तहत नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने खुद को इस मामले से बाहर किए जाने की गुहार भी लगाई है। याचिकाओं में अर्की विधानसभा क्षेत्र से सीपीएस संजय अवस्थी, कुल्लू से सुंदर सिंह, दून से राम कुमार, रोहड़ू से मोहन लाल ब्राक्टा, पालमपुर से आशीष बुटेल और बैजनाथ से किशोरी लाल की नियुक्ति को चुनौती दी गई है। सभी याचिकाओं में आरोप लगाया गया है कि पंजाब में भी ऐसी नियुक्तियां की गई थीं, जिन्हें पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के समक्ष चुनौती दी थी जिन्हें कोर्ट ने असंवैधानिक ठहराया था।



- उप मुख्यमंत्री की नियुक्ति का मामला भी टला
- शिमला हाईकोर्ट में चल रही है सुनवाई

## सार संक्षेप

### भाजपा केवल बयानबाजी कर अपना राजनीतिक हित साधने में लगी : प्रतिभा सिंह

**शिमला।** हिमाचल की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह ने आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केवल बयानबाजी कर अपना राजनीतिक हित साधने में लगी हैं। प्रभावित लोगों को कोई भी राहत उसके नेताओं द्वारा नहीं दी जा रही हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अगर भाजपा को प्रभावित लोगों की जरा भी पीड़ा होती तो वह केंद्र सरकार से विशेष मदद का आग्रह करती। उन्होंने कहा है कि भाजपा आपदा की इस विकट स्थिति में घड़याली आंसू बहा रही हैं। भाजपा प्रदेश के लोगों को गुमराह नही कर सकती। प्रतिभा सिंह ने भाजपा से फिर आग्रह किया है कि वह अपने सभी नेताओं व सांसदों को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिल कर प्रदेश में आई इस आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करवा कर विशेष आर्थिक पैकेज की मांग करें जिससे प्रदेश में पुनर्निर्माण कार्यो में तेजी लाई जा सकें। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री ने प्रदेश में आई इस आपदा में हुए भारी जानमाल के नुकसान पर एक भी सांत्वना का शब्द नहीं बोला है जो बहुत ही दुखदाई हैं। उन्होंने प्रदेश में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से लोगों के हुए भारी जानमाल के नुकसान पर कांग्रेस पार्टी के राहत कार्यो पर संतोष व्यक्त हुए कहा है कि संगठन और प्रदेश सरकार के बीच बेहतर तालमेल से प्रभावित लोगों की हरसंभव मदद की जा रही हैं। उन्होंने संगठन के नेताओं और कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा है कि आपदा की इस घड़ी में प्रभावित लोगों को हरसंभव मदद करना कांग्रेस का प्रमुख लक्ष्य है जिसमे वह पूरी तरह सफल हो रही हैं।

### चंबा-चुवाड़ी सुरंग विकास के लिए महत्वपूर्ण : पठानिया

**चंबा, (डलहौजी)।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि चंबा-चुवाड़ी सुरंग चंबा जिले के विकसित होने के साथ-साथ लोगों को आर्थिक रूप से अधिक अधिक सशक्त बनाने के लिए भी एक बेहतर अवसर उपलब्ध करवाएगी। श्री पठानिया ने आज विश्रामगृह डलहौजी में जन समस्याओं के समाधान को लेकर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मीडिया कर्मियों से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सुरंग नेटवर्क को विस्तार देने के लिए राज्य सरकार ने भुबू जोत, भावा-पिन घाटी तथा चंबा-चुवाड़ी सुरंग को विशेष प्राथमिकता प्रदान की है। ज़िला में साहसिक, धार्मिक, नैसर्गिक पर्यटन की मौजूद अपार संभावनाओं, उत्कृष्ट हस्तकला कृतियों तथा जैविक कृषि एवं बागवानी उत्पादों को भी और बल मिलेगा। साथ में उन्होंने राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चंबा-चुवाड़ी सुरंग के निर्माण कार्यों को वर्तमान सरकार के कार्यकाल में पूरा करना सुनिश्चित बनाया जाएगा।

### सुडोकू 6302 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 1 | 9 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 7 | 2 |
| 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 6 | 3 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 3 | 2 | 4 | 9 | 7 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 9 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 3 | 4 |

## हिमाचल प्रदेश के गरीब छात्रों का हक मार रही है सुक्खू सरकार : ठाकुर

**शिमला,** 31 अगस्त (वार्ता) हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय (एसपीयू) मंडी के कार्य क्षेत्र में कटौती करने के मुख्यमंत्री के फ़ैसले की निंदा करते हुए कहा कि सुक्खू सरकार प्रदेश के गरीब छात्रों का हक मार रही है। उन्होंने कहा कि सरकार एक विश्वविद्यालय और नहीं खोल सकती है, इसलिए पूरे कि सरकार द्वारा खोले गये विश्वविद्यालय को बंद करने की साज़िश कर रही है। सुक्खू सरकार एसपीयू मंडी के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। जयराम ठाकुर ने कहा एसपीयू के कार्य क्षेत्र से ज़िला चम्बा, कांगड़ा के साथ-साथ आनी और निरमंड के कॉलेजों को बाहर करना मंडी विश्वविद्यालय के साथ उन ज़िलों की छात्रों के साथ भी धोखा है, जो उसमें पढ़ाई कर रहे थे। सरकार का यह फ़ैसला हिमाचल प्रदेश के गरीब छात्रों का हक़ मारने का फ़ैसला है। उन्होंने कहा सरकार के इस दुर्भावनापूर्ण फ़ैसले की वजह से हज़ारों छात्र और उनके परिजनों को भी समस्या का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जनहित के लिए संस्थाओं को सुचारू रूप से चलाना सरकार का काम है। इसलिए बदले की भावना से कार्रवाई करने के बजाय सरकार अपना काम करे तो बेहतर होगा। श्री जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार का काम है सरकारी संस्थाओं को चलाना। संस्थाओं की चलाने में आने वाली बाधाओं को दूर करना। सत्ता में आने के बाद से ही सरकार सिर्फ़ पूर्व सरकार द्वारा जनहित के लिए गए कामों को टारगेट कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का काम है शिक्षा को सर्व सुलभ बनाए, लोगों को घर के नज़दीक से नज़दीक शिक्षा प्राप्त करने की व्यवस्था उपलब्ध करवाए लेकिन सरकार अलग दुर्भावना से काम कर रही है।

# चंबा में जर्मनी की केएफडब्लयू एजेंसी के सहयोग से प्रस्तावित 4 पावर प्रोजेक्टों का निर्माण अब बिजली बोर्ड ही करेगा

**शिमला,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। चंबा जिला में जर्मनी की केएफडब्लयू ऐजेंसी के सहयोग से प्रस्तावित 4 पावर प्रोजेक्टों का निर्माण अब बिजली बोर्ड ही करेगा। ऊर्जा विभाग के सचिव ने इस बाबत बिजली बोर्ड के प्रबंध निदेशक को पत्र लिखा है। अलबत्ता पत्र में ऊर्जा सचिव ने इन प्रोजेक्टों का कार्य तय अवधि में पूरा करने के मकसद से किसी सक्षम अधिकारी को तैनात कर हर 15दिनों में इसकी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को भेजने की शर्त लगा दी है। ऊर्जा विभाग की इस शर्त का मकसद से न सिर्फ प्रोजेक्टों का कार्य तय अवधि में पूरा करना , बल्कि इनकी लागत को बढने् से रोकना भी है। पावर प्रोजेक्टों को बिजली बोर्ड को वापस सौंपे जाने के ऊर्जा विभाग के फैसले को कर्मचारियों की जीत के तौर पर देखा जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि चंबा जिला में 15 मेगावाट की साई कोठी-एक, 18 मेगावाट का साई कोठी-दो , 16 मेगावाट की देवी कोठी तथा 18 मेगावाट की हेला बिजली परियोजनाओं का निर्माण होना है। विगत में सरकार ने इन प्रोजेक्टों को बिजली बोर्डको सौंपा था। मगर बीते दिनों इन्हें हिमाचल पावर कारपोरेशन के सुपुर्द करने का फैसला लिया गया। नतीजतन बिजली कर्मियों ने भवें तरेर ली। बिजली कर्मियों के तेवरों को देखते हुए सरकार ने इन पावर प्रोजेक्टों को लेकर .योजना विभाग से राय मांगी।

योजना विभाग ने साफ किया कि जर्मनी की केएफडब्लयू एजेंसी का बिजली बोर्ड के साथ प्रोजेक्टों के क्रियान्वयन को लेकर समझौता हुआ है। इन प्रोजेक्टों को केएफडब्लयू 880 करोड़ की रकम देगा। बिजली बोर्ड इस पर 18 करोड़ से अधिक खर्च कर चुका है। क्रियान्वयन ऐजेंसी बदले जाने से पहले केएफडब्लयू की अनुमति आवश्यक है। साथ ही वित्त पोषक ऐजेंसी के मान जाने की स्थिति में भी सरकार को बोर्ड को 18 करोड़ की रकम देनी होगी। साथ ही नई क्रियान्वयन ऐजेंसी के साथ दोबारा वित्त पोषक ऐजेंसी का समझौता होगा। जाहिर है कि इससे प्रोजेक्टों की स्थापना में विलंब होगा। नतीजतन लागत बढ़ेगी। तमाम मुद्दों पर योजना विभाग की राय जानने के बाद सरकार ने इन प्रोजेक्टों को बिजली बोर्ड को वापस करने का फैसला लिया।

उधर जानकारों का कहना है कि केएफडब्लयू से केंद्र सरकार के माध्यम से इन प्रोजेक्टों को ऋण मिल रहा। 880 करोड़ की ऋण की राशि में 500 करोड़ के करीब केंद्रीय अनुदान है। लिहाजा इन प्रोजेक्टों से प्रदेश को सस्ती बिजली मिलेगी। नतीजतन उपभोक्ताओं को फायदा होगा।



# हिमाचल प्रदेश में मौसम साफ होने के बाद रेस्टोरेशन का कार्य तेजी से शुरू

हिमकिरण मांटा

शिमला, 31 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में मौसम साफ होने के बाद रेस्टोरेशन का कार्य तेजी से शुरू हो गया है। लोक निर्माण मंत्र विक्रमादित्य सिंह ने अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं कि 15 सितंबर तक प्रदेश में जहां पर भी रिटेनिग वॉल या डंगे लगाए जाने हैं। उनके टेंडर कॉल किए जाए। उन्होंने अधिकारियों को दोटूक कहा है कि इसको लेकर किसी भी तरह की कोताही न बरती जाए। प्रदेश में भारी बारिश के बाद कई जगहों पर अभी भी रोड छोटे वाहनों के लिए खोले गए हैं। यहां पर बसें व ट्रक अन्य बड़े वाहन नहीं चल पा रहे हैं। जिससे लोगों को दिक्कतें हो रही है। इनमें से कई जगह पर रिटेनिंग वॉल लगनी है या फिर डंगे लगाए जाने हैं। ताकि बड़े वाहनों के चलने योग्य रोड हो सके। ऐसे में मंत्री ने जल्द से जल्द इनके टेंडर करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। सचिवालय में पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि उन्होंने मंडी व बिलासपुर में भी अपने विभाग के अधिकारियों के साथ रिव्यू बैठक की, जिसमें उन्होंने उन्हें प्राथमिकता के आधार पर बंद पड़ी सड़कों को खोलने के निर्देश दिए हैं। इतना ही नहीं जो लिंक रोड पंचायतों को जा रहे हैं उन्हें भी खोलने को कहा गया है। वहीं जहां पर अभी डंगे नहीं लग सकते और वहां पर टेक्निकल ओपनियन की जरूरत है तो अधिकारियों को कहा गया है कि यहां पर तुरंत एक्सपर्ट राय लेकर सड़क को ठीक किया जाए।



### चीफ इंजीनियरों के साथ होगी मंडे मीटिंग

लोनिवि मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि उन्होंने निर्णय लिया है कि अब हर सोमवार को हर जोन के चीज इंजीनियर के साथ बैठक की जाएगी। इनसे हर सप्ताह प्रोग्रेस रिपोर्ट ली जाएगी, ताकि आगे चरणबद्ध तरीके से बढ़ सकें। ऐसे में विभाग के हर कार्य पर उनकी नजर रहेगी। ऑनलाइन वह इस बैठक में अपने कार्यालय से जुड़ेंगे।

### पंडोह कैंची मोड बनने में लगेगा 2 माह का समय

लोनिवि मंत्री ने कहा कि बारिश के कारण फोरलेन को भारी नुकसान पहुंचा है। पंडोह के कैंची मोड के पास भारी लैंडस्लाइड हुआ। जिससे बनने में अब दो महीने का समय लगेगा। उन्होंने कहा कि एनएचएआई के चेयरमैन ने भी मंडी का निरीक्षण किया है। इस दौरान उन्होंने बारीकी से फोरलेन को देखा। जिसके बाद फोरलेन में हो रही कटिंग को लेकर कहा कि अब फोरलेन में फोरमेशन कटिंग नहीं होगी। एनएचएआई 50 से 70 डिग्री के बीच ही स्टेप कटिंग की जाएगी, ताकि नुकसान न हो।

# प्राकृतिक आपदा के बीच राज्य सरकार 500 करोड़ रुपए कर्ज लेगी

**शिमला,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। बरसात के कारण आई प्राकृतिक आपदा के बीच राज्य सरकार 500 करोड़ रुपए कर्ज लेने जा रही है। इसके लिए 5 सितम्बर को नीलामी प्रक्रिया होगी तथा 6 सितम्बर को सरकार के खाते में यह राशि जमा हो जाएगी। यह कर्ज 15 वर्ष की अवधि तक लिया जा रहा है, जिसको 6 सितम्बर, 2038 को वापस लौटाना होगा। इस तरह राज्य पर अब तक करीब 76,500 करोड़ रुपए का कर्ज चढ़ चुका है। इससे पहले राज्य सरकार ने गत जून और जुलाई माह की अवधि के बीच 2,000 करोड़ रुपए कर्ज लिया था। इस प्रकार सरकार मौजूदा वित्तीय वर्ष में अब तक 2,300 करोड़ रुपए कर्ज ले लेगी। यानि मौजूदा सरकार अपने कार्यकाल में अब तक करीब, 7,500 करोड़ रुपए कर्ज ले चुकी है। सरकार इस कर्ज से विकास कार्यों के साथ प्रतिबद्ध देनदारियों जैसे वेतन व पैंशन की अदायगी करेगी।



प्राकृतिक आपदा के बीच गंभीर वित्तीय संकट के दौर से गुजर रही राज्य सरकार को आर्थिक संसाधन जुटाने में परेशानी आ रही है। राज्य सरकार की यह परेशानी इसलिए ज्यादा बढ़ गई है, क्योंकि केंद्र सरकार वित्त वर्ष में कर्ज लेने की सीमा में 5,500 करोड़ रुपए की कटौती कर चुकी है। इससे पहले राज्य सरकार वित्त वर्ष के दौरान 14,500 करोड़ रुपए तक कर्ज ले सकती थी, लेकिन अब 8,500 करोड़ रुपए तक ही कर्ज लिया जा सकेगा। इस समय राज्य सरकार के ऊपर कर्मचारी-पैंशनरों की करीब 12,000 करोड़ रुपए की वित्तीय अदायगियां लंबित है। यह राशि नए वेतनमान के एरियर व डी.ए. की लंबित राशि है, जिसको अभी तक चुकाया नहीं जा सका है।

# शानन पावर प्रोजेक्ट को लेकर हिमाचल की उम्मीदें परवान चढ़ेंगी

■ हिमकिरण मांटा

शिमला। 31 अगस्त (देशबन्धु)। मंडी जिला के जोगिंद्र नगर में स्थित शानन पावर प्रोजेक्ट को लेकर हिमाचल की उम्मीदें परवान चढ़ेंगी। केंद्र सरकार ने शानन पावर प्रोजेक्ट को लेकर पंजाब सरकार से स्थिति साफ करने को कहा है। केंद्र के इस पत्र के बाद हिमाचल को शानन प्रोजेक्ट वापस मिलने की उम्मीद जगी है। प्रोजेक्ट के वापस मिलने की स्थिति में इससे हिमाचल की आर्थिकी को 200 करोड़ की बूस्टर डोज मिलेगी।

1932 में शानन पावर प्रोजेक्ट पंजाब सरकार के पास लीज पर है। प्रोजेक्ट की 99 साल की लीज की अवधि मार्च 2024 में खत्म हो रही है। प्रोजेक्ट की लीज की अवधि खत्म होने से पहले ही सुखविंदर सरकार साफ कर चुकी है कि वह शानन प्रोजेक्ट को अपने अधीन लेगी। इसे लेकर सरकार ने तमाम तैयारियां भी कर ली हैं। आवश्यक हुआ तो सरकार मामले को लेकर अदालत का दरवाजा भी खटखटा सकती है।



- केंद्र सरकार ने शानन पावर प्रोजेक्ट को लेकर पंजाब सरकार से स्थिति साफ करने को कहा
- प्रोजेक्ट के वापस मिलने की स्थिति में हिमाचल की आर्थिकी को 200 करोड़ की बूस्टर डोज मिलेगी

प्राप्त जानकारी के मुताबिक राज्य सरकार को सूचना मिली है कि केंद्र ने पत्र लिखकर शानन बिजली घर को लेकर पंजाब से अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा है। ये हिमाचल के लिए एक सकारात्मक संकेत है। शानन प्रोजेक्ट की लीज के प्रावधानों के बाद ये प्रोजेक्ट हिमाचल को वापिस मिलना है। इस बिजलीघर से 200 करोड़ रुपए सालाना की कमाई होती है। इस कमाऊ पूत को छोडने् के लिए पंजाब भी आसानी से तैयार नहीं होगा। फिलहालए अब हिमाचल सरकार की नजरें केंद्र के रुख और पंजाब के जवाब पर टिक गई हैं।

हिमाचल सरकार की मांग पर केंद्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय ने लीज अवधि से जुड़े कानूनी पहलुओं को लेकर विधि मंत्रालय से सलाह ली है। उसके बाद पंजाब सरकार से जवाब लिया जा रहा है। पंजाब पुनर्गठन एक्ट के तहत केंद्र सरकार अपना मत रखेगी। उल्लेखनीय है कि शानन प्रोजेक्ट ब्रिटिश काल का है। तब मंडी के राजा ने इस प्रोजेक्ट को लेकर एक समझौता साइन किया था। अभी हिमाचल सरकार ने भी इस बारे में पंजाब सरकार को कई पत्र लिखे हैं , लेकिन इनका कोई लिखित जवाब अभी तक पड़ोसी राज्य से नहीं मिला है। उसके बाद हिमाचल सरकार ने केंद्र से इस मामले में हस्तक्षेप के लिए कहा और सारा रिकार्ड केंद्रीय मंत्रालय को भेजा है। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू खुद इस मामले में रुचि ले रहे हैं। वे चाहते हैं कि हर हाल में लीज अवधि पूरी होते ही हिमाचल को उसका हक मिल जाए। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस मुद्दे पर बीते दिनों केंद्रीय उर्जा मंत्री आरके सिंह से चर्चा की। फिर आरके सिंह जून 2023 में हिमाचल दौरे पर आए और उनकी सीएम सुक्खू से बैठक भी हुई। आरके सिंह किन्नौर दौरे पर आए थे। उस समय भी आरके सिंह को राज्य सरकार ने इस बिजली प्रोजेक्ट को लेकर सारी वस्तुस्थिति समझाई थी। हिमाचल ने अपने हक में तर्क दिए थे। फिर ऊर्जा क्षेत्र में मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार रामसुभग सिंह भी आरके सिंह से मुलाकात करने के लिए दिल्ली पहुंचे थे।

## फर्जी पत्र मामले में मनोज शर्मा को मिली जमानत

**शिमला,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। आईएएस अधिकारी हरिकृष्ण मीणा के नाम सोशल मीडिया पर कथित भ्रष्टाचार को लेकर जारी हुए फर्जी पत्र मामले में गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी मनोज शर्मा को आज जिला अदालत ने जमानत दे दी। पुलिस ने बीते सोमवार को आरोपी मनोज शर्मा को हिरासत में लिया था।

पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को हिरासत में लिया था। इनमें से तीन आरोपियों को पूछताछ के बाद छोड़ दिया था। जबकि एक आरोपी को हिरासत में लेकर अदालत में पेश किया था। अदालत ने उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा था।

जानकारी के मुताबिक पूछताछ में पुलिस को कई अहम सुराग मिले है। इसके आधार पर पुलिस इस केस को आधे से ज्यादा सुलझा चुकी है। आरोपी से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने इस फर्जी पत्र की मूल कॉपी बरामद कर ली है। जांच में सामने आया है कि चंबा जिला के भरमौर (ठींतउवनत) निवासी आरोपी मनोज शर्मा ने इस फर्जी पत्र का फोटो खींचा और फिर इसे इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। अधिकारी की छवि बिगाड़ने की नीयत से इस पत्र को आगे वायरल किया गया था।

शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी ने बताया कि इंटरनेट मीडिया में वायरल फर्जी पत्र को बरामद कर कब्जे में ले लिया गया है। मामले में जांच जारी है और इसे लेकर जल्द महत्वपूर्ण तथ्य सामने आएंगे।

## बिजली अधिशासी अभियंता हुए सेवानिवृत्त

**मवाना।** विद्युत वितरण खंड प्रथम मवाना में अधिशासी अभियंता देशराज सोनी आज सेवानिवृत्त हो गये। उन्होंने मवाना में बिजली विभाग में अधिशासी पद पर करीब चार साल तक सेवाएं दी हैं। देशराज सोनी की तैनाती मवाना विद्युत वितरण खंड प्रथम में अधिशासी पद पर 29 अगस्त 2019 को तैनाती हुई है। गुरुवार को मवाना बिजली कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में सभी बिजली अफसरों व कर्मियों ने विदाइ दी और उनके द्वारा मवाना नगर में कराये गये कार्यो का उल्लेख किया। वहां पर एसडीओ रामपरसू पटेल, पीएस राना, सहायक अभियंता राजस्व शांतनु, अवर अभियंता अमित त्रिपाठी, मनोज कुमार, अनंता के अलावा सभी लिपिक व संविदा कर्मी उपस्थित रहे। अधिशासी अभियंता देशराज सोनी ने कहा कि मवाना की जनता के प्यार को कभी भूल नहीं सकूंगा। उनकी नौकरी के चार साल कैसे कट गये, पता नहीं चला।

# सरकार की योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने में सहयोग करें प्रबुद्धजन: योगी

**बलरामपुर,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रबुद्धजनों के साथ संवाद करते हुए प्रदेश सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रबुद्धजन सरकार की योजनाओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजनाओं से जोड़ा जाए, उन्हें चिन्हांकित किया जाए। शासन स्तर पर जो भी योजनाएं संचालित हो रही हैं, उनके प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। इसके साथ ही व्यक्तिगत स्तर पर भी डॉक्टर्स, प्रोफेसर एवं अन्य प्रबुद्धजन अपनी योग्यता का लाभ आमजन तक अवश्य पहुंचाएं।

दो दिन के दौरे पर बलरामपुर पहुंचे श्री योगी आज सुबह देवीपाटन मंदिर पहुंचे। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर उन्होने देवीपाटन मंदिर में पूजा अर्चना की। सीएम ने रूद्राभिषेक में भी भाग लिया। इसके बाद वो गौशाला पहुंचे और यहां गायों को दुलार किया और गुड़ व चारा खिलाया। इस अवसर पर विभिन्न वर्गो के प्रबुद्ध जनों के साथ संवाद करते हुए सीएम योगी ने उनसे आग्रह किया कि वो जिस भी फील्ड के



**प्रबुद्धजन सरकार की योजनाओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजनाओं से जोड़ा जाए, शासन स्तर पर जो भी योजनाएं संचालित हो रही हैं, उनके प्रति लोगों को जागरूक किया जाए : योगी आदित्यनाथ**

विशेषज्ञ हैं, उसका लाभ आमजन तक अवश्य पहुंचाएं। इसके साथ ही सरकार की योजनाओं के विषय में लोगों को जागरूक करें। उन्होंने डॉक्टरों से संवाद करते हुए कहा कि वो प्राइवेट प्रैक्टिस करते हुए भी जन कल्याण का कार्य करते रहें। जो लोग भी जरूरतमंद हैं, उनकी मदद करें। जिस किसी को भी इलाज में सरकारी योजना का लाभ दिलाने की आवश्यकता हो, उसके लिए प्रयास करें। उन्होने कहा 'शासन की ओर से जन आरोग्य, आयुष्मान समेत तमाम योजनाएं संचालित हो रही हैं, इनका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में आप अहम कड़ी साबित हो सकते हैं।'

### योगी ने ग्रीन हाइड्रोजन नीति का प्रभावी ड्राफ्ट तैयार करने के दिए निर्देश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को यूपीनेडा के अधिकारियों के साथ यूपी ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2023 की तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को नई ग्रीन हाइड्रोजन नीति के ड्राफ़्ट में संशोधन करते हुए एक प्रभावी ड्राफ़्ट तैयार करने के निर्देश दिये। साथ ही इस क्षेत्र में काम करने वाले स्टेक होल्डर से भी परामर्श लेने के निर्देश दिये ताकि नीति के तहत निवेशकों और उपयोगकर्ताओं को इसका ज़्यादा से ज़्यादा फ़ायदा मिल सके। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन एक स्वच्छ ऊर्जा एवं औद्योगिक ईंधन होने के कारण नेट जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा। ऐसे में ग्रीन हाइड्रोजन नीति को लेकर विभाग केंद्र सरकार की नीति का गहन अध्यन कर एक प्रभावी नीति तैयार करे।

### सपा को दलित नहीं, सिर्फ उनके वोटों से मतलब : ब्रजेश पाठक

मऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गुरुवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) ने सदैव दलित समाज का अपमान किया है। उनके नेताओं को दलितों से नहीं सिर्फ उनके वोटों से मतलब है। उन्होने आरोप लगाया कि सपा दलित महापुरुषों का भी अपमान करती है। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों के लिए काम किया। उनके जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। भाजपा ने उनकी जन्मस्थली को तीर्थ स्थल घोषित किया एवं तमाम अन्य योजनाएं भी शुरू किया। श्री पाठक घोसी विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव को लेकर कोपागंज स्थित बापू डिग्री कॉलेज में सामाजिक समरसता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी सदैव दलितों का शोषण करती है।

# मरीजों का अब और भी बेहतर इलाज संभव



- **सीके बिरला हॉस्पिटल ने सर्जिकल रोबोट लॉन्च किया**
- **वर्ल्ड स्टैंडर्ड की स्वास्थ्य सेवाएं देना प्राथमिकता: विपुल जैन**

**मेरठ,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। सीके बिरला हॉस्पिटल ने अत्याधुनिक दा विंची सर्जिकल रोबोट लॉन्च करने के लिए इंटुएटिव इंडिया के साथ सहयोग किया है। सीके बिरला हॉस्पिटल के चीफ बिजनेस ऑफिसर विपुल जैन की मौजूदगी में ये इवेंट आयोजित किया गया। इनके अलावा इंटुएटिव इंडिया के सीनियर वाइस प्रेसिडेंड, चीफ कमर्शियल एंड मार्केटिंग ऑफिसर हेनरी चार्ल्टन और वाइस प्रेसिडेंट व कंट्री जीएम मंदीप सिंह कुमार भी मौजूद रहे। इस एमओयू के साथ सीके बिरला अस्पताल सर्जिकल एक्सीलेंस और मरीज केंद्रित केयर को और आगे बढ़ा रहा है। यह सहयोग सीके बिरला अस्पताल और इंटुएटिव के साझा टारगेट को अचीव करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जिसमें मिनिमली इनवेसिव तकनीक के जरिए मरीजों को इलाज मुहैया कराना है। इंटुएटिव की फोर्थ जनरेशन रोबोटिक असिस्टेड तकनीक सपोर्ट के लिए तैयार है। इसकी मदद से सर्जरी, सटीकता, बेहतर रिजल्ट और सर्जरी के बाद की दिक्कतों में कमी जैसे फायदे मिलेंगे। दा विंची सिस्टम के इनोवेटिक फीचर्स जैसे कि एडवांस उपकरण और विजन की सहायता से डॉक्टरों को फायदा मिलता है, वो पूरे कंट्रोल और सटीकता के साथ सर्जरी कर पाते हैं। सीके बिरला हॉस्पिटल के चीफ बिजनेस ऑफिसर विपुल जैन ने इस मौके पर कहा, हमारा मकसद अपने मरीजों को एडवांस तकनीक का इस्तेमाल करते हुए वर्ल्ड स्टैंडर्ड की स्वास्थ्य सेवाएं देना है।

इंटुएटिव के साथ इस सहयोग के जरिए हमारा उद्देश्य रोबोट की मदद से इलाज देकर सर्जरी की प्रैक्टिस को बेहतर बनाना है। रोबोटिक असिस्टेड सर्जरी के कई फायदे हैं। इसमें ब्लड लॉस कम होता है, दर्द कम होता है, रिकवरी तेजी से होती है और सर्जरी एकदम सटीक होती है। दा विंची सिस्टम के आने से हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूती मिलेगी और मरीजों के लिए हम बेहतर से बेहतर इलाज मुहैया करा पाएंगे।

## सार संक्षेप

### कहासुनी के बाद युवक की हत्या

**मेरठ।** बुधवार रात सहकर्मी ने एक युवक की कैंची से गोद कर हत्या कर दी गई। इसका वीडियो भी सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि युवक 4 लोगों के साथ कारखाने में बैठकर काम कर रहा है, तभी अचानक युवक उठता है। फिर दूसरे युवक पर हमला कर देता है। साथ काम करने वाले लोग दोनों को अलग करने की हर कोशिश करते हैं। इस दौरान आरोपी पास में रखी कैंची उठाता है और युवक के सीने में 2-3 बार घोंप देता है। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो जाता है। कारखाना मालिक की सूचना पर घरवाले पहुंचे थे। युवक को आनन-फानन में अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने ब्ब्ज्ट का क्टत् कब्जे में लेकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। ब्रह्मपुरी थाना प्रभारी विष्णु कौशिक ने बताया कि आरोपी फरहान और दानिश कैंचियों पर पॉलिस करने का काम करते थे, पॉलिस करने के दौरान मजाक के चलते दोनों में कहासुनी हो गई। इसी दौरान आरोपी फरहान ने दानिश को कैंची मार दी, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर घटनास्थल से कैमरों की फुटेज को कब्जे में ले लिया है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### संघर्ष व प्रेरणा की मिसाल बनी रूचि, 11 सालों में पाया मुकाम

**मवाना।** मवाना तहसील के मवाना खुर्द गांव की निवासी रूचि के संघर्ष की दास्तान प्रेरणादायक है। इस बेटी ने अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपने पति व परिवार के सहयोग से 11 साल तक बेजोड़ मेहनत की। रूचि ने जब कामयाबी की उड़ान भरी तो साथ में पति भी सरकारी अफसर की नौकरी पा गये। मवाना खुर्द निवासी 77 वर्षीय मंगत सिंह प्रजापति राष्ट्रीय स्वयं सेवक से जुड़े है। कई साल पहले अपने बेटे जीआईसी के प्रवक्ता कमल किशोर के साथ गंगानगर जाकर रहने लगे। बेटी रूचि की शादी नवम्बर 2011 में मोदीनगर निवासी हरीश कुमार के साथ कर दी। बीएससी, एलएलबी के बाद एलएलएम करने के बाद पति हरीश कुमार व उनके परिवार वालों ने रूचि को पीसीएस जे की परीक्षा की तैयारी के लिए सहयोग दिया। रूचि के लिए पीसीएस जे की परीक्षा देने का यह अंतिम अवसर था, जिसमें उन्होंने कामयाबी हासिल कर ली है। उनके भाई कमल किशोर ने बताया कि उनकी बहन को अंतिम वर्ष में 220 रैंक पर कामयाबी मिली।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन

**मवाना,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। तहसील क्षेत्र में भाई बहन का त्योहार रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से हर जगह रक्षाबंधन के गीतो के साथ बहन ने भाई की कलाई से प्यार बांधा है भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना..की आवाज गूंजने लगी। सुबह से ही बहनें उपवास रखकर अपने-अपने भाई की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। छोटे बच्चों से लेकर बड़ों ने भी अपने भाई के माथे पर तिलक लगाते हुए उनकी आरती उतारी। भाइयों ने भी बहनों से राखी बांधने के बाद उन्हें जीवनभर सुरक्षा करने का वचन दिया तथा उनके सुख समृद्धि की कामना की।




### संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र शाहीन परवेज से उसके गलत आचरण के चलते संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उसके किसी कृत्य या लेनदेन के मैं अथवा मेरा परिवार उत्तरदायी नहीं हैं। शाहिद मिर्जा पुत्र मो. यूसुफ, 707 गोमतीनगर सरधना (मेरठ)।


## वार्ड 44 के पार्षद ने रक्षाबंधन पर्व मनाया



**मेरठ,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। गुरूवार को वार्ड 44 के पार्षद उत्तम सैनी ने वार्ड 44 में अपनी स्वच्छता बहनो से राखी बंधवाकर रक्षा बंधन को पर्व बनाया और अपनी बहनों का आर्शीवाद लिया। क्षेत्र के अंदर एक नई शुरूआत करते हुए वार्ड के अंदर सफाई करने वाली सभी स्वच्छता बहनों से राखी बंन्धवाई। उत्तम सैनी ने बताया कि भाई बहन के इस पर्व को हर साल क्षेत्र के अंदर मनाया जायेगा क्योंकि सभी स्वच्छता मित्र एक परिवार की तरह है और हर पर्व ये परिवार एक साथ मनाया करेगा। कार्यक्रम में-उमेश अग्रवाल, महेंद्र पटेल, नितिन जॉली, सुनील सैनी, अनुज कुमार, दीप सिंघल, उदित अग्रवाल आदि रहे।

## ट्रांसफार्मर के कल पुर्जे बेच लाखों का बंटवारा, ओडियो वायरल

- **बंटवारे में हिस्सा नहीं मिलने पर हुआ खुलासा**
- **दो सदस्यीय समिति तीन दिन में देगी जांच रिपोर्ट**

**मवाना,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। मवाना नगर में मकदूमपुर रोड को मवाना मिल से जोड़ने वाली आउटर वाले बाहरी क्षेत्र से 250 केवीए के ट्रांसफार्मर के कल पुर्जे बेचकर लाखों रुपये का बंटवारा कर लिया गया। सभी बिजली कर्मियों को बंटवारे में हिस्सा नहीं मिला तो ओडियो वायरल कर दिया गया। ट्रांसफार्मर कल पुर्जे बेचे जाने की आंच से बचने को बिजली अफसरों ने जांच के नाम पर दो सदस्यीय टीम बना दी गई। तीन दिन में रिपोर्ट देने के आदेश दिये गये हैं। यह मामला नगर और विभाग में चर्च का विषय बना हुआ है।

यह मामला विद्युत वितरण खंड प्रथम से जुड़ा है। बिजली विभाग के कर्मियों के बीच में जारी ओडियो में कहा गया है कि मुबारिकपुर रोड पर 250 केवीए का ट्रांसफार्मर किन्हीं कारणों से जल गया। नगरीय आबादी को बिजली आपूर्ति सुचारू करने के लिए मवाना नगर के बाहरी छोर पर लगाये गये 250 केवीए के ट्रांसफार्मर को वहां से हटाकर 12 जून 23 को मुबारिकपुर रोड पर लगा बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी गई। इसके बाद मेरठ वर्कशाप से आवंटित हुए 250 केवीए ट्रांसफार्मर को बिजली कर्मियों ने बाहरी छोर पर लगे बिजली जोड़े पर रखवा दिया। ओडियो के अनुसार वहां रखे ट्रांसफार्मर को 11 हजार की लाइन से नहीं जोड़ा गया। 25 जून को तेज बारिश हुई तो चोरों ने उस ट्रांसफार्मर को चोरी की नीयत से खोला। उसमें तीनों क्राईल सिल्वर की थी। इसीलिए चोर ट्रांसफार्मर को नीचे गिराकर छोड़ गये। ट्रांसफार्मर के नीचे गिरने से तेल बिखर गया। मौके पर पहुंचे विभाग के कर्मियों ने उसमें से तीनों क्वाईल को लाखों रुपये में बेच दिया और क्षेत्र के अवर अभियंता को सूचना देकर ट्रांसफार्मर चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा दी। ओडियो में हुई बातचीत में पांच कर्मियों के नाम बताये गये और कहा गया कि कई कर्मियों को बंटवारे में कुछ नहीं मिला। मुख्य रूप से पांच कर्मियों ने ट्रांसफार्मर के कल पुर्जे लाखों रुपये में बेच हजम कर लिया। 250 केवीए क्षमता के नये ट्रांसफार्मर की कीमत करीब छह लाख रुपए बताई गई है। ओडियों में साफ कहा गया है कि इस तरह के मामले पहले भी कई बार हो चुके है लेकिन सभी कर्मियों के शामिल होने पर उजागर नहीं हो सके।

**ओडियो जारी हुआ, हड़कंप मचा**

ट्रांसफार्मर के कल पुर्जे बेचने का ओडियो जारी होने पर विभाग के अफसरों में हड़कंप मच गया। कारण है कि ओडियो में जिनके नाम लिये जा रहे है, वे सब अफसरों के कृपा पात्र बने हुए है। वे ही सब कर्मी नगर में कालोनियों के विद्युतीकरण कराने में अफसरों का सहयोग करते रहे हैं।

## श्रावण पूर्णिमा पर 41वें सामूहिक सुंदर काण्ड का आयोजन



मेरठ, 31 अगस्त (देशबन्धु)। सहयोग सामाजिक संस्था द्वारा श्रावण पूर्णिमा पर 41वें सामूहिक सुंदर काण्ड का पाठ ब्रह्मपुरी में किया गया। जिसका शुभारंभ रश्मि जैन और विपिन कुमार जैन ने संयुक्त रूप से हनुमान जी की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित और पुष्प माला अर्पित कर किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था के मुख्य संरक्षक डॉ प्रेम कुमार शर्मा ने श्रावण मास का महत्व बताते हुए कहा कि सावन पूर्णिमा को इसलिए खास माना जाता है क्योंकि इस दिन भगवान विष्णु के साथ साथ भगवान शिव की पूजा करने से विशेष कृपा प्राप्त होती है । उन्होंने बताया कि सावन मास का समापन सावन पूर्णिमा पर होता है। इस दिन रक्षाबंधन पर्व मनाया जाता है।

# अखिलेश यादव बोले, भाजपा 2024 में सत्ता से हो जाएगी विदा

**इटावा,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जनता ही भाजपा को 2024 में सत्ता से बाहर करेगी। भाजपा 2014 में आई थी और 2024 मे सत्ता से विदा हो जाएगी। सपा मुखिया अखिलेश यादव गुरुवार को रक्षा बंधन पर इटावा जिले के सैफई में अपने पैतृक आवास पर आए थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा।



**जनता ही भाजपा को 2024 में सत्ता से बाहर करेगी। भाजपा 2014 में आई थी और 2024 मे सत्ता से विदा हो जाएगी : अखिलेश यादव**

उन्होंने कहा कि भाजपा ने जनता को धोखा दिया है। जनता ही भाजपा को 2024 में सत्ता से बाहर करेगी। भाजपा 2014 में सत्ता में आई थी और 2024 मे सत्ता से विदा हो जाएगी। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा प्रदेश है, जहां पर 80 लोकसभा सीटें हैं। मुंबई में होने वाली बैठक को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि लगातार इंडिया गठबंधन की बैठक हो रही है। पहली बैठक पटना, दूसरी बैठक बेंगलुरु में हुई और गुरुवार से महाराष्ट्र के मुंबई में बैठक होने जा रही है। पूरे देश की जनता को भरोसा यह गठबंधन है। भाजपा देश से बाहर जाएगी। सपा मुखिया ने कहा कि आज उन्हें रक्षाबंधन पर याद आया 200 रुपए सिलिंडर पर कम करना है। रक्षाबंधन पर महंगाई और चीजों पर रेट कम हो जाता, तो जनता को और राहत मिलती। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के बयान का पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि वह पद के लायक नहीं थे। उनकी जिम्मेदारी है कि स्वास्थ्य विभाग को मजबूत करें। वो अपना विभाग छोड़कर हर एक बीमारी देख रहे हैं। उन्होंने अपने विभाग को ही बीमार कर दिया है।

## पुलिस के हत्थे चढ़े सात वाहन चोर

**मवाना,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। थाना पुलिस ने गुरूवार को चेकिंग के दौरान तीन चोरी की मोटरसाइकिल सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया है। सातों मोटरसाइकिल चोर नगर में चलाये गये चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस के हत्थे चढ़ गए। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने तीन मोटसाइकिल सहित 315 बोर का तमचा के साथ कारतूस भी बरामद किये। गुरूवार को पुलिस ने सातों मोटरसाइकिल चोरों का चालान कर दिया गया। थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि बुधवार देर रात लगभग 8 बजे नगर में चलाये जा रहे चैकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर फलावदा रोड स्थित जाट कॉलेज के पास से मुरसलीम पुत्र इकबाल, सनी पुत्र वीरपाल, गुड्डू पुत्र आजाद, अंकुश पुत्र बबलू, गौरव पुत्र विनोद, विपिन पुत्र नजर सिंह और शोयेब पुत्र यासीन को खाली पड़ा ग्राउण्ड और शोयेब का घेर चोरी की तीन मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार किया। पुलिस ने चोरों के पास से एक मोटर साईकिल का चौसिस, पार्टस के साथ अवैध हथियार भी बरामद किये।



**चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद**

## जिला कारागार में राखी लेकर पहुंची बहनें, बांधा रक्षासूत्र

- **भावुक होकर भाइयों ने दिए दिया उपहार**
- **जेल प्रशासन ने संभाली व्यवस्था**

**मेरठ,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। चौधरी चरण सिंह जिला कारागार में गुरुवार को रक्षाबंधन के पर्व पर बहनों ने कारागार पहुंचकर बंदी भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। जहां भाइयों ने बहनों की सुरक्षा का आश्वासन दिया और उपहार भेंट किए। उपहार पाकर बहनों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। इस दौरान बहनों ने कारागार प्रशासन की ओर से की गई व्यवस्थाओं की जमकर तारीफकी। वहीं महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस के पुख्ता इंतजाम रहे। चौधरी चरण सिंह जिला कारागार में गुरुवार को भारी संख्या में बहनें बंदी भाइयों को राखी बांधने के लिए पहुंची। इस दौरान कारागार प्रशासन ने बंदियों की बहनों व रिश्तेदारों को मिलाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए थे। ताकि दूर दराज से पहुंची बहनों को किसी तरह की कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।

जेल प्रशासन की ओर से तेज धूप में पहुंची बहनों के लिए टेंट व चाय नाश्ते की पुख्ता व्यवस्थाएं की गई थी। जहां बहनों ने कारागार प्रशासन की इन व्यवस्थाओं को देखते हुए जमकर तारीफ की। रक्षाबंधन पर्व के दौरान जिला कारागार में बहनों को मिलने के लिए किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। इसको लेकर कारागार प्रशासन ने सभी महिलाओं को बंदियों से मिलने के लिए अलग-अलग शेड्यूल तैयार किए और उन्हें मिलने दिया गया। जिला कारागार में पहुंची बहनों वह भाइयों के बीच प्यार को देखकर भाई और बहनों के आंसू छलक गए। जहां भाइयों ने बहनों की सुरक्षा का आश्वासन दिया। और जेल से छूटने के बाद अपराध की दुनिया से दूर रहने का वचन दिया। जिला कारागार में ऐसी 10 महिलाएं बंद हैं जिनके भाई नहीं है।

## आयोजन

### शनिवार को होगा मेगा जॉब फेयर अपॉर्चुनिटी 2023 का आयोजन

# युवाओं को रोजगार देने पहुंचेंगी 50 से ज्यादा कंपनियां

**मेरठ, 31 अगस्त (देशबन्धु)। शनिवार को विनायक विद्यापीठ व क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में मेगा जॉब फेयर अपॉर्चुनिटी 2023 का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राष्ट्रीय स्तर की 50 से ज्यादा नामचीन कंपनियां बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करेगी। कंपनीयां 8 हजार से लेकर 35 हजार तक के वेतनमान पर अभ्यर्थी को विभिन्न पदों पर रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। इस जॉब फेयर द्वारा नामचीन कंपनियों में पूरी तरह नि:शुल्क प्रक्रिया के माध्यम से चयन कराया जाएगा।**

- **मेरठ समेत आसपास के क्षेत्र के लिए खास अवसर**
- **रोजगार मेले में ढाई से तीन हजार प्रतिभागियों के पहुंचने की संभावना**

यह जानकारी विनायक विद्यापीठ के निदेशक इंजि. विकास कुमार ने दी, उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में 2500 से 3 हजार प्रतिभागियों की आने की संभावना है। वही संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा ने बताया कि यह जॉब फेयर पूरी तरह से निरूशुल्क है इसमें अभ्यर्थी से किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा, कोई भी अभ्यर्थी इस जॉब फेयर में प्रतिभाग कर सकता है उसके लिए अभ्यर्थी को इस लिंक https://sewayojan-up-nic-in/IEP/registration-asp पर अपना पंजीकरण कराना अति आवश्यक होगा और यदि किसी कारणवश इस लिंक पर पंजीकरण नही होता, तो अभ्यर्थी 2 सितंबर को संस्थान में भी अपना पंजीकरण करा सकता है, उन्होंने बताया कि जो भी अभ्यर्थी इस जॉब फेयर में प्रतिभाग करना चाहता है वह 2 सितंबर को अपने साथ 3 रिज्यूमे एवं अपने सभी शैक्षणिक दस्तावेजों की फोटोकॉपी, जिसमे आधार कार्ड अति आवश्यक है, के साथ विनायक विद्यापीठ, मोदीपुरम पहुचे । जॉब फेयर से संबंधित अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी हासिल करना चाहे तो हेल्पलाइन नंबर .91 8630286566 एवं .91 9997369496 पर संपर्क कर सकता हैं।



**इंजी. विकास कुमार**



**प्रवीन शर्मा**

### ये कंपनियां ले रही हिस्सा

आरएमजी फ्यूचर विजन प्राइवेट लिमिटेड, पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड, निमसन हर्बल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, पैराकोट प्रोडक्ट्स लिमिटेड, पॉलिमेडिकोर लिमिटेड, वोरियस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटिड, कार्ड एक्सपर्टाइज प्राइवेट लिमिटेड, मून फार्मा, माय मोनी मंत्रा, पुखराज हेल्थकेयर, रिलायंस निप्पोन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटिड, एबीएम फिनटेक, स्मार्ट वेब सॉल्यूशंस, क्वेस कॉर्पोरेशन, लक्ष्य हॉस्पिटल, टाइमस्प्रो, भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस, स्पेक्टर्म, डिक्सन टैक्नोलॉजी (इंडिया) लिमिटिड, संजीवनी आयुर्वेदिक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, एलआईसी ऑफ इंडिया, तूफान बायो ऑर्गेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड, कोजेंट ई-सर्विस आदि कंपनियां हिस्सा लेंगी।

## फिल्म 'स्त्री' में मेरा किरदार कल्पना से परे : अभिषेक बनर्जी

**मुंबई।** अभिनेता अभिषेक बनर्जी हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री' की 5वीं सालगिरह मना रहे हैं। इस फिल्म में उन्होंने राजकुमार राव के दोस्त जना का किरदार निभाया था। अभिषेक बनर्जी ने कहा कि उनका 'स्त्री' फिल्म का किरदार उनकी कल्पना से भी परे है। फिल्म 'स्त्री' के 5 साल पूरे होने के बारे में बात करते हुए अभिषेक ने कहा कि जना को जीवंत हुए पांच साल बीत चुके हैं। इस किरदार ने जो यात्रा की है, वह मेरी कल्पना से भी परे है। 'स्त्री' से शुरुआत करने और इस किरदार के ब्रह्मांड का विस्तार करने के बाद जना की यात्रा उल्लेखनीय रही है। उन्होंने आगे कहा कि जबकि मैंने अपनी फिल्मी यात्रा गहरे किरदारों के साथ शुरू की, जना के किरदार ने मुझे अपने हास्य पहलुओं को अपनाने का मौका दिया।

### शोधकर्ताओं द्वारा अध्ययन में दावा

# सूखी अदरक का पाउडर कोविड-19 के इलाज में प्रभावी



- सुरक्षित, प्रभावी, तुरंत लागू करने योग्य और लागत-कुशल तरीका
- प्रतिभागियों ने 15 दिनों तक सुंठी पाउडर का चार बार रोज़ाना सेवन किया

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, आईआईटी-बीएचयू व गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन में दावा किया गया है कि सुंठी (सूखी अदरक का पाउडर) कोविड-19 के प्रबंधन में प्रभावी साबित हो सकता है।

अध्ययन के अनुसार सुठी का इस्तेमाल कोविड-19 के प्रसार को रोकने में कारगर है। बीएचयू के वैद्य सुशील कुमार दुबे ने बताया कि यह अपनी तरह का पहला अंतर-विषयी अध्ययन है, जो कोरोना वायरस के संबंध में उच्चतम महत्व की औषधि (सुंठी) के आयुर्वेदिक संश्लेषण की चिकित्सकीय सुरक्षा और प्रभावकारिता पर प्रारंभिक प्रमाण प्रदान करता है।

उन्होंने बताया कि वाराणसी में सरकार द्वारा संचालित कोविड-19 अस्पतालों में भर्ती कोरोना वायरस संक्रमित रोगियों के घर के सदस्यों और स्वास्थ्य कर्मियों (डॉक्टर, नर्स, वार्ड बॉय, पैरामेडिक) समेत 800 से अधिक प्रतिभागियों पर अध्ययन किया गया।

डॉ. दुबे ने कहा कि इस अध्ययन के लिए वाराणसी के तत्कालीन जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा द्वारा सहयोग उपलब्ध कराया गया। इस अध्ययन में बहु-केंद्रीय, नॉन-रैंडमाइज्ड, ओपन-लेबल, सिंगल-आर्म, प्री-पोस्ट डिज़ाइन का उपयोग किया गया।

प्रतिभागियों ने 15 दिनों तक सुंठी पाउडर का चार बार रोज़ाना सेवन किया, दो बार मौखिक रूप से (2 ग्राम) और दो बार नासिका द्वारा (0.5 ग्राम) लिया। उनका 15, 30 और 90 दिनों के बाद अध्ययन किया गया।

इसके अलावा, फाइटोकेमिकल विश्लेषण में लिक्विड क्रोमाटोग्राफी को मास स्पेक्ट्रोमेट्री के साथ जोड़कर किया गया।

शोधकर्ताओं के मुताबिक नतीजों से स्थापित हो पाया कि अदरक में फाइटोकेमिकल्स होते हैं, जो कोविड-19 के प्रसार को रोकने में मदद करते हैं, और इसका आयुर्वेदिक संश्लेषण कोविड-19 के लक्षणों व प्रसार को कम करने में मददगार हैं।

इस अध्ययन के नतीजे जर्नल ऑफ हर्बल मेडिसिन में प्रकाशित हुए हैं, जो ब्रिटेन में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल हर्बलिस्ट्स की औपचारिक पत्रिका है। ब्रिटेन में हर्बल चिकित्सकों का अग्रणी पेशेवर संगठन है। वैद्य सुशील दुबे के अनुसार यह अध्ययन, अब तक इस प्रतिष्ठित पत्रिका में प्रकाशित भारत के मात्र दो कोविड-19 संबंधित चिकित्सा अध्ययनों में से एक है।

अध्ययनकर्ताओं का सुझाव है कि सम्पूर्ण विश्व में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों के कोविड 19 निवारण और प्रबंधन प्रोटोकॉल में सूखी अदरक को शामिल करना संक्रमण के ख़तरे की जद में आने वाले लोगों में कोरोना वायरस संक्रमण को रोकने के लिए सुरक्षित, प्रभावी, तुरंत लागू करने योग्य, और लागत-कुशल तरीका हो सकता है।

इस शोध दल में डॉ. सुनील कुमार मिश्रा (आईआईटी बीएचयू) तथा डॉ. हितेश जानी (गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय) शामिल हैं।

# बीएचयू के चिकित्सकों ने पहला एलोजेनिक स्टेम सेल किया प्रत्यारोपण

### रक्त कैंसर से पीड़ित 11 वर्षीय बच्चा

**वाराणसी,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के बाल रोग विभाग के चिकित्सकों ने दोबारा तीव्र लिम्फोब्लास्टिक ल्यूकेमिया (रक्त कैंसर) से पीड़ित 11 वर्षीय बच्चे में पहला एलोजेनिक स्टेम सेल प्रत्यारोपण किया है। विभाग की प्रोफेसर एवं प्रभारी डॉ. विनीता गुप्ता ने बताया कि दो वर्षों में विभाग द्वारा किया गया यह 15वां स्टेम सेल प्रत्यारोपण है। पहले 14 प्रत्यारोपण ऑटोलॉगस स्टेम सेल प्रत्यारोपण थे, जहां स्टेम कोशिकाएं रोगी से स्वयं एकत्र की गईं थीं।



इन्हें बाल चिकित्सा ठोस ट्यूमर (पेट में ट्यूमर और लिम्फ नोड्स के कैंसर) के लिए किया गया था। एलोजेनिक ट्रांसप्लांट के लिए डोनर की पहचान की गई और पाया गया कि मरीज अपनी बड़ी बहन से पूरी तरह मेल खाता है। डोनर (बड़ी बहन) से एफेरेसिस की प्रक्रिया द्वारा स्टेम सेल एकत्र किए गए और रोगी को दिए गए। मरीज़ ने प्रक्रिया को अच्छी तरह से सहन किया और दो महीने अस्पताल में रहने के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।

प्रत्यारोपण डॉ. विनीता गुप्ता, डॉ. प्रियंका अग्रवाल और उनके साथियों, जूनियर रेजिडेंट्स और नर्सिंग अधिकारियों की टीम द्वारा किया गया।

# दिलीप साहब और लता मंगेश्कर के बीच भाई-बहन जैसा रिश्ता था : सायरा बानो



**मुंबई,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री सायरा बानो का कहना है कि उनके पति दिलीप कुमार और लता मंगेश्कर के बीच भाई-बहन जैसा रिश्ता था और दोनों हर साल रक्षा बंधन पर मिला करते थे।

सायरा बानो ने रक्षाबंधन के मौके पर अपने दिवंगत पति दिलीप कुमार और लता मंगेशकर के बीच के कुछ पलों के बारे में फैंस को बताया है। सायरा ने बताया कि दोनों के बीच भाई-बहन जैसा रिश्ता था और अपनी कार्य प्रतिबद्धताओं में व्यस्त होने के बावजूद दोनों हर रक्षाबंधन पर मिलते थे। सायरा बानु ने दिलीप कुमार और लता की कुछ तसवीरें शेयर कर लिखा, भारतीय सिनेमा के कोहिनूर दिलीप साहब और भारतीय संगीत उद्योग की स्वर कोकिला लता मंगेशकर के बीच अपने शानदार स्टारडम की चकाचौंध से परे एक रिश्ता था। एक यात्रा के दौरान दिलीप साहब ने लताजी से उर्दू के सही उच्चारण के महत्व का जिक्र किया और कहा कि कैसे नुक्ता जैसी एक सरल चीज भी शब्दों को सुंदर बना देती है हर मायने में एक आज्ञाकारी बहन लताजी ने उनकी सलाह पर ध्यान दिया और एक उर्दू पढ़ाने वाले की सहायता ली। फिल्मी दुनिया के दोनों दिग्गजों के बीच का बंधन 'आखिर तक' बरकरार रहा। लताजी अक्सर दिलीप साहब से मिलने हमारे घर आती थीं और वे दोपहर का खाना या रात का खाना एक साथ खाते थे।

पिछली बार जब वह यहां आई थीं, तो उन्होंने प्यार से दिलीप साहब को अपने हाथों से खाना खिलाया था।

# डाक विभाग के माध्यम से देवी-देवताओं के लिए तीन हजार से अधिक राखियां भेजीं

**लखनऊ,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में तीन हजार से अधिक लड़कियों और महिलाओं ने डाक से विभिन्न देवताओं के लिए राखियां भेजी हैं। पोस्टमास्टर जनरल मुख्यालय क्षेत्र, लखनऊ, विवेक कुमार दक्ष ने कहा कि अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर और हनुमान गढ़ी में राम लला सहित विभिन्न मंदिरों में 3,000 से अधिक राखी पहुंचाई गई हैं।



ये देश भर के लोगों द्वारा भेजी गई थीं। लोग डाक के माध्यम से स्थानीय हनुमान सेतु मंदिर और मनकामेश्वर मंदिर में भी राखियां भेज रहे हैं।

मनकामेश्वर मंदिर के मुख्य पुजारी महंत देव्यागिरि ने कहा कि 'कुछ लोग भगवान के साथ त्योहार मनाना शुभ मानते हैं।' विभाग ने त्योहार के लिए शहर में लगभग 5,000 विशेष राखी कवर भी बेचे। दक्ष ने कहा, त्योहार से संबंधित सभी डिलीवरी को पूरा करने की कोशिश में विभाग के 1,000 से अधिक कर्मचारियों ने दिन-रात काम किया। उन्होंने कहा कि स्कूली छात्रों सहित लोगों द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लगभग 3,000 राखी पोस्ट मेल की गईं। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को 900 से अधिक पोस्ट पहुंचाई गईं।

# अब इंस्टाग्राम पर भी बन सकेगी 10 मिनट लंबी रील

**सैन फ्रांसिस्को,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। इंस्टाग्राम अपने यूजर्स के लिए जल्द ही एक खुशखबरी लेकर आने वाला है। मेटा के स्वामित्व वाला इंस्टाग्राम यूजर्स के लिए 10 मिनट तक की लंबी रील्स बनाने की तकनीक पर काम कर रहा है। द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार मोबाइल डेवलपर और लीकर एलेसेंड्रो पलुजी ने बुधवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर दो साइड-बाय-साइड रील्स पेजों के स्क्रीनशॉट साझा करते हुए इस बात की जानकारी दी। इसमें एक 3 मिनट लंबी और एक 10 मिनट की वीडियो शेयर की गई। उन्होंने कहा कि इंस्टाग्राम 10 मिनट तक लंबी रील्स बनाने की क्षमता पर काम कर रहा है। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि मेटा ने अभी तक रील्स का विस्तार करने की योजना की पुष्टि नहीं की है। रील्स को 10 मिनट तक करने से यह यूट्यूब वीडियो के करीब पहुंच जाता है, लेकिन वीडियो प्रतिद्वंद्वी टिकटॉक जितना नहीं,




जो पहले से ही वीडियो रिकॉर्ड करने के लिए अधिक समय प्रदान करता है। टिकटॉक फ्री यूजर्स के लिए 10 मिनट तक की लंबी वीडियो प्रदान करता है, साथ ही 20 मिनट तक के लिए अतिरिक्त भुगतान पर प्रशंसकों को पसंदीदा क्रिएटर्स की अधिक सामग्री देखने को मिलती है। इस बीच, इंस्टाग्राम एक नए ग्रुप फीचर का परीक्षण कर रहा है, जो यूजर्स को स्टोरी में एक से अधिक लोगों को टैग करने की अनुमति देगा। इंस्टाग्राम प्रमुख एडम मोसेरी ने कहा कि हम एक ही स्टोरी पर एक से अधिक लोगों को टैग करने की सुविधा पर काम कर रहे हैं। यह सुविधा मददगार होगी, क्योंकि एक बार में कई लोगों को टैग करने से स्टोरी साफ-सुथरी और व्यवस्थित हो जाएंगी।

# एआई जनरेटेड तस्वीरों की पहचान के लिए नए टूल का परीक्षण कर रहा है गूगल



**सैन फ्रांसिस्को,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। गूगल ने वॉटरमार्किंग और एआई से जनरेटेड तस्वीरों की पहचान के लिए एक नया टूल लॉन्च किया है। यह एक ऐसी टेक्नोलॉजी है जो एक डिजिटल वॉटरमार्क को सीधे एक तस्वीर के पिक्सल में एम्बेड करती है, जिससे यह मानव आंखों के लिए अदृश्य हो जाता है। लेकिन पहचान के लिए पता लगाने योग्य हो जाता है। गूगल क्लाउड के साथ साझेदारी में गूगल डीपमाइंड ने एक नए टूल 'सिंथआईडी' का बीटा संस्करण लॉन्च किया है।

सिंथआईडी इमेज का उपयोग करने वाले सीमित संख्या में वर्टेक्स एआई ग्राहकों के लिए उपलब्ध है, जो कंपनी के नवीनतम टेक्स्ट-टू-इमेज मॉडल में से एक है। यह फोटोरियलिस्टिक तस्वीरें बनाने के लिए इनपुट टेक्स्ट का उपयोग करता है। गूगल डीपमाइंड ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा कि जेनरेटिव एआई विशाल रचनात्मक क्षमता को अनलॉक कर सकता है, यह नए जोखिम भी प्रस्तुत करता है जैसे रचनाकारों को जानबूझकर या अनजाने में गलत जानकारी फैलाने में सक्षम बनाना। इसमें कहा गया है, 'एआई जनरेटेड सामग्री की पहचान करने के लिए लोगों का सक्षम होना महत्वपूर्ण है।' डीपमाइंड के अनुसार छवियों में फिल्टर जोड़ने, उनके रंग बदलने के बाद भी सिंथआईडी अपनी जगह पर बना रहता है।

टूल का निर्माण करने के लिए डीपमाइंड ने दो एआई मॉडल को छवियों के 'विविध' सेट पर एक साथ प्रशिक्षित किया, एक वॉटरमार्किंग के लिए और एक पहचान के लिए।

# ग्रैमी अवॉर्ड्स विजेता कैमिलो ने दिलजीत दोसांझ के साथ गाया 'पलपिटा'

**मुंबई,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। ग्रैमी अवॉर्ड्स विजेता रहे गायक कैमिलो ने बॉलीवुड स्टार दिलजीत दोसांझ के साथ नए गाने 'पलपिटा' पर काम किया है। यह कोक स्टूडियो के दूसरे सीजन के लिए जारी किया गया एक मूल ट्रैक है। 'पलपिटा' को स्पेनिश में कैमिलो और पंजाबी में दिलजीत ने गाया है, जो दोनों संस्कृतियों के एक अविश्वसनीय मिलन को दिखाता है।



यह रिलीज कैमिलो द्वारा पहली बार जापान में दो म्यूजिक कॉन्सर्ट में सुर्खियां बटोरने के बाद हुई है। कैमिलो ने कहा कि मैंने हमेशा भारतीय संस्कृति और इसकी परंपराओं के प्रति आकर्षण महसूस किया है। मुझे एक बार वहां जाने का मौका मिला और मुझे इससे प्यार हो गया। वर्षों बाद मैंने देखा कि पंजाबी संगीत के साथ क्या हो रहा है और कैसे दिलजीत जैसे कलाकार दुनिया भर में अपने संगीत, संस्कृति और ध्वनि को साझा कर रहे हैं। मैं लंबे समय से दिलजीत की प्रशंसा करता रहा हूं, यह सहयोग को जीवंत होते देखना एक अविश्वसनीय आश्चर्य है। उन्होंने आगे कहा कि स्टूडियो में उनके साथ काम करना एक बेहतर अनुभव था क्योंकि मुझे वास्तव में उनके विशाल हृदय, उनकी धुनों की समृद्धि, उनकी दयालुता और उनकी टीम को देखने और महसूस करने का मौका मिला था।

# रक्षाबंधन पर पचास हजार से अधिक लोग बने ऐतिहासिक बग्वाल के साक्षी

### फल-फूल के साथ ही देखते-देखते पत्थरों की होने लगी बरसात

**देवीधुरा/नैनीताल,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। रक्षाबंधन के मौके पर उत्तराखंड के कुमाऊं के चंपावत जिले में खेली जाने वाली ऐतिहासिक बग्वाल के इस बार चालीस से पचास हजार लोग साक्षी बने। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने भी गुरुवार को मां बाराही धाम पहुंच कर बग्वाल का आनंद लिया। मुख्यमंत्री ने बाराही धाम में पूजा अर्चना की और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। अद्भुत बग्वाल को देखने के लिए न केवल कुमाऊं बल्कि अन्य प्रदेशों से भी हजारों श्रद्धालु देवीधुरा पहुंचे। मंदिर परिसर और आसपास मकानों की छतें दर्शकों से भरी रहीं। पूरे मेले परिसर में तिल रखने की जगह नहीं थी। रणबांकुरे खोलीखाण मैदान में जुटने लगे। चम्याल, गहड़वाल, लमगड़िया व बालिग खाम के रणबांकुरे एक एक कर मैदान में उतरे। बग्वाल से पहले सभी ने मंदिर की परिक्रमा की।

इसके बाद अद्भुत पाषाण युद्ध बग्वाल शुरू हुआ। फल-फूल के साथ ही देखते देखते पत्थरों की बरसात होने लगी। सात मिनट तक बग्वाल खेली गई। कई दर्जन रणबांकुरे घायल हो गए। इनका मौके पर ही उपचार किया गया। बग्वाल बंद होने के साथ ही बग्वाली बीर आपस में गले मिले।

देवीधुरा के ऐतिहासिक खोलीखांण मैदान में पौराणिक काल से रक्षा बंधन के दिन बग्वाल खेली जाती है। चार खाम और सात थोक के लोग बग्वाल खेलते हैं। मान्यता है कि मां बाराही को मनाने के लिए स्थानीय लोग बग्वाल खेलते हैं।

# भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक को समताप मंडल से छलांग लगाने वाली पहली महिला बनने की उम्मीद

- पृथ्वी से 42.5 किमी की ऊंचाई पर समताप मंडल से स्काइडाइविंग करने और चार रिकॉर्ड तोड़ने वाली पहली महिला
- स्वाति वार्ष्णेय राइजिंग यूनाइटेड के हेरा प्रोजेक्ट द्वारा चयनित तीन उम्मीदवारों में से एक

**न्यूयॉर्क,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक को पृथ्वी से 42.5 किमी की ऊंचाई पर समताप मंडल से स्काइडाइविंग करने और चार रिकॉर्ड तोड़ने वाली पहली महिला बनने की उम्मीद है। स्वाति वार्ष्णेय राइजिंग यूनाइटेड के हेरा प्रोजेक्ट द्वारा चयनित तीन उम्मीदवारों में से एक हैं, जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। संगठन ने घोषणा की है।

यदि वह 2025 में स्काइडाइव करती हैं, तो हेरा प्रोजेक्ट को उम्मीद है कि वह चार उच्चतम ऊंचाई से 1.1 किमी तक मुक्त गिरावट, सबसे लंबे समय तक मुक्त गिरावट का समय सहन करना, 264 किलोमीटर प्रति घंटे की सहायता के बिना ध्वनि अवरोध को तोड़ना, और एक किमी से अधिक की उच्चतम चालक दल वाले गुब्बारे की उड़ान का मौजूदा रिकॉर्ड तोड़ देंगी।

संगठन ने कहा कि राइजिंग यूनाइटेड में, हम महिलाओं को आगे बढ़ाने और एसटीईएम शिक्षा में युवा महिलाओं की रुचि को प्रेरित करने के लिए रिकॉर्ड और सीमाओं को तोड़ते हुए एक ऐतिहासिक यात्रा शुरू कर रहे हैं।




स्पेस डॉट कॉम के अनुसार, वार्ष्णेय ने मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से सामग्री विज्ञान में पीएचडी की है और ऊर्ध्वाधर फ्रीफॉल में विशेषज्ञता के साथ 1,200 से अधिक छलांग लगाई है।

'अंतरिक्ष के किनारे पर पहला महिला मिशन' के रूप में प्रस्तावित, इस परियोजना में अन्य दो दावेदार लातीनी मूल की एलियाना रॉड्रिक्वेज और डायना वैलेरिन जिमेनेज शामिल हैं। इस परियोजना में विशेष रूप से अल्पसंख्यक समूहों की लड़कियों के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी में रुचि बढ़ाने के लिए स्कूलों में शैक्षिक कार्यक्रम शामिल होंगे।

वार्ष्णेय ने स्पेस डॉट कॉम को बताया कि स्काइ डाइविंग मेरे वैज्ञानिक प्रशिक्षण से मिलता-जुलता है। यह मेरे लिए आजीवन सीखने के इस लक्ष्य को आगे बढ़ाने का एक और अवसर है। वार्ष्णेय, जिन्होंने स्काइ डाइविंग में एक दशक बिताया है, ने मीडिया आउटलेट को बताया कि मेरी शैक्षणिक प्रगति और मेरे करियर की गति वास्तव में स्काइ डाइविंग के साथ जुड़ गई है। इसलिए मैंने स्काइ डाइविंग शुरू कर दी। उसने टेंडेम जंपिंग की कोशिश की और बाद में उसे एक शौक के रूप में अपना लिया। उन्होंने स्पेश डॉट कॉम को बताया कि मैं वास्तव में कुछ ऐसा चाहती थी, जो पूरी तरह से अलग हो। उन्होंने कहा कि यह ज्ञान की एक और खोज की कभी न खत्म होने वाली यात्रा बन गई, जो मेरे शैक्षणिक करियर के साथ-साथ चली। उल्लेखनीय है कि समतापमंडल पृथ्वी से लगभग 6 किमी से 50 किमी ऊपर है।

# बेटी सुहाना पर गर्व महसूस कर रहे हैं शाहरूख खान



**मुंबई,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान अपनी बेटी बेटी सुहाना के फिल्म द आर्चीज के साथ डेब्यू करने पर गर्व महसूस कर रहे है। जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' के साथ शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान, बोनी कपूर-श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा डेब्यू करेंगे। फिल्म द आर्चीज़ 7 दिसम्बर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। शाहरुख खान ने सेट से सुहाना की एक फोटो शेयर की है। इस फोटो में सुहाना बेड पर लेटी हुई दिखाई दे रही हैं। इस फोटो में उनके साथ बेड पर एक बिल्ली भी है। शाहरुख खान ने नोट शेयर करते हुए लिखा है, तुम्हें अपनी फेवरेट जगह यानी कैमरे के सामने देखते हुए बहुत खुशी हो रही है। तुम कैमरे के सामने काफी सहज और सुंदर लग रही हो और चमक भी रही हो। मुझे तुम पर गर्व है। हालांकि, ये जो तुम्हारी को-स्टार है, ये बिल्ली इसे अभी कैमरे के सामने आने के लिए थोड़ी और प्रैक्टिस और कोचिंग की जरूरत है। सुहाना ने इस नोट का रिप्लाई करते हुए एक स्टोरी शेयर की। उन्होंने स्टोरी पर लिखा- आई लव यू!

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

| सर्वाधिक बढने वाले शेयर | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 2.50 प्रतिशत |
| एलटी | 2.09 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.95 प्रतिशत |
| एचडीएफसी | 1.01 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.89 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.97 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.67 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.59 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.56 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार जारी तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



## जुलाई में आठ प्रमुख उद्योगों का उत्पादन सूचकांक आठ फीसदी बढ़ा


**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। आठ प्रमुख उद्योगों का सूचकांक (आईसीआई) जुलाई 2023 में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में आठ प्रतिशत बढ़ गया।

सरकार द्वारा गुरुवार को जारी अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, कोयला, इस्पात, प्राकृतिक गैस, सीमेंट, बिजली, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक और कच्चे तेल के उत्पादन में जुलाई में एक साल पहले के मुकाबले वृद्धि देखी गई।

आठ प्रमुख उद्योगों में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में शामिल वस्तुओं का 40.27 प्रतिशत हिस्सा शामिल है।

इस बीच, अप्रैल 2023 के लिए आठ प्रमुख उद्योगों के सूचकांक की अंतिम वृद्धि दर को 3.5 प्रतिशत से संशोधित कर 4.6 प्रतिशत कर दिया गया है।

जुलाई 2023 में कोयला उत्पादन जुलाई 2022 की तुलना में 14.9 प्रतिशत बढ़ गया, कच्चे तेल




का उत्पादन 2.1 प्रतिशत, प्राकृतिक गैस उत्पादन 8.9 प्रतिशत और पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादन 3.6 प्रतिशत बढ़ गया।

जुलाई 2023 में उर्वरक उत्पादन भी जुलाई 2022 की तुलना में 3.3 प्रतिशत बढ़ गया। इस्पात उत्पादन में 13.5 प्रतिशत, सीमेंट में 7.1 प्रतिशत और बिजली उत्पादन में 6.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

## अप्रैल-जुलाई में राजकोषीय घाटा 6.06 लाख करोड़ रुपये रहा



**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, मौजूदा वित्त वर्ष की अप्रैल-जुलाई अवधि में सरकार का राजकोषीय घाटा 6.06 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। अप्रैल-जून में यह 4.51 लाख करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों में राजकोषीय घाटा पूरे साल के लक्ष्य 17.87 लाख करोड़ रुपये का 33.9 प्रतिशत हो गया है।

अप्रैल-जुलाई 2022 में राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 2022-23 के लक्ष्य का 20.5 प्रतिशत था।

इस साल जुलाई में मासिक राजकोषीय घाटा 1.54 लाख करोड़ रुपये था, जबकि जुलाई 2022 में सरकार ने 11,040 करोड़ रुपये का राजकोषीय अधिशेष दर्ज किया था। 2023-24 के लिए सरकार का राजकोषीय घाटा लक्ष्य सकल घरेलू उत्पाद का 5.9 प्रतिशत है, जो 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद के 6.4 प्रतिशत से कम रहा था है।

## सातवें जंगी जहाज के लिए सेल ने आपूर्ति की चार हजार टन स्टील प्लेट

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। सरकारी क्षेत्र के उपक्रम भारतीय इस्पात प्राधिकरण (सेल) ने नौसेना की स्वदेशी युद्धपोत विनिर्माण की पी17 ए परियोजना के तहत सातवें जंगी जहाज के निर्माण के लिए लगभग 4000 टन की विशेष स्टील प्लेटों की पूरी मात्रा की आपूर्ति की है। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ , अपनी पत्नी सुदेश धनखड़ के साथ इस श्रृंखला के सातवें जंगी जहाज आईएनएस महेंद्रगिरी का शुक्रवार को मुंबई में जलावतरण करेंगे। इन युद्धपातों का जलावतरण देश की समुद्री सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है। सेल ने इन पोतों के लिए मजतूत इस्पात की आपूर्ति में अपने योगदान की जानकारी दे देते हुए गुरुवार को एक विज्ञपति में कहा कि कंपनी पी17ए युद्धपोतों के विकास में एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में उभरी है। सेल के अनुसार यह भारत के रक्षा स्वदेशीकरण को आगे बढ़ाने में उसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस युद्धपोत में स्टील की आपूर्ति करने के अलावा भी सेल की भूमिका रही है । कंपनी ने हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा लॉन्च किए गए छठे युद्धपोत ' विंध्यगिरि ' निर्माण के लिए भी चार हजार टन विशेष स्टील की आपूर्ति की थी। पी17ए परियोजना में मेसर्स मझगांव डॉक लिमिटेड ने कुल चार जहाजों और मेसर्स जीआरएसई



ने तीन जहाजों का निर्माण शामिल है । मझगांव डॉक लिमिटेड द्वारा तीन जहाजों का लॉन्च सितंबर 2019 और सितंबर 2022 के बीच हुआ, जबकि मेसर्स जीआरएसई ने दिसंबर 2020 और अगस्त 2023 के बीच तीन जहाजों को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। इन जहाजों के लिए स्टील आपूर्ति के मामले में सेल का योगदान लगभग 28,000 टन है, जो विशेष उपयोग के लिए उच्च-स्तरीय स्टील उत्पादों की आपूर्ति करने की कंपनी की क्षमताओं को रेखांकित करता है। भारत के रक्षा क्षेत्र को समर्थन देने के में सेल ने न केवल पी17 ए परियोजना के लिए स्टील की आपूर्ति की है, बल्कि विमान वाहक आईएनएस विक्रांत, आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस सूरत जैसे युद्धपोतों और आर्टिलरी बंदूक धनुष सहित विभिन्न रक्षा परियोजनाओं के लिए स्टील प्रदान करने में भी अभिन्न भूमिका निभाई है।

## इस त्योहारी सीजन में ज्यादा कमाई की पेशकश दे रही हैं 27 प्रतिशत भारतीय कंपनियां : रिपोर्ट

**बेंगलुरु,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। एक रिपोर्ट से यह बात सामने आई है कि 27 प्रतिशत कंपनी मालिक इस त्योहारी सीजन के दौरान कर्मचारियों को बढ़ी हुई कमाई की पेशकश कर रहे हैं। जॉब पोर्टल इनडीड की रिपोर्ट इस बात की जांच करती है कि कैसे उद्योग कार्यबल की मांगों को पूरा करने और रोजगार के दृष्टिकोण में एक अद्वितीय आयाम जोड़कर अवसर पैदा करने के लिए उत्सव का लाभ उठाते हैं। नौकरी चाहने वालों के लिए कंपनियों ने ऐसे लाभ प्रदान करने के लिए कमर कस ली है जो ज्यादातर उम्मीदवारों को पसंद आते हैं। हालांकि, जब कुछ भत्तों की बात आती है, तो नौकरी चाहने वाले और कंपनी मालिक पूरी तरह से एक साथ नहीं होते हैं। 16 प्रतिशत नौकरी चाहने वालों को उत्सव के पुरस्कार और उपहार पसंद आते हैं, लेकिन केवल 9 प्रतिशत कंपनी मालिक ही इन्हें पेश कर रहे हैं। इसी तरह नौकरी चाहने वालों में से 14 प्रतिशत के लिए प्रदर्शन-आधारित सराहना प्राथमिकता है, लेकिन केवल 8 प्रतिशत कंपनियां ही ऐसा महसूस करती हैं। इस बेमेल को संभवत: इस तथ्य के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है कि कंपनियां बढ़ी हुई कमाई और इंसेंटिव प्रदान कर रही हैं। रिपोर्ट से पता चला है कि कंपनियों को आगामी त्योहारी सीजन के लिए नियुक्ति गतिविधि में 18 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है।

## अमेरिका के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापार पर कार्यबल का गठन

नई दिल्ली, 31 अगस्त (एजेंसियां)। इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापार बढ़ाने के लिए भारत-अमेरिका टास्क फोर्स की गुरुवार को यहां शुरुआत की गई। इसका लक्ष्य एक दशक के भीतर दोनों देशों के बीच इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापार को 100 अरब डॉलर तक बढ़ाना है। इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) ने यहां लॉन्च मीटिंग आयोजित की, जिसमें दूरसंचार विभाग (डीओटी), अमेरिकी दूतावास, प्रमुख अमेरिकी और भारतीय कंपनियों, निवेश बैंकिंग बिरादरी और वाशिंगटन डी.सी. स्थित सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग (आईटीआई) परिषद के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

ट्राई के पूर्व अध्यक्ष राम सेवक शर्मा को टास्क फोर्स का अध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने कहा, इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए भारत-अमेरिका टास्क फोर्स दो तकनीकी शक्तियों के विलय का प्रतिनिधित्व करता



है। यह उद्घाटन बैठक एक आशाजनक भविष्य की ओर पहला कदम है जहां उद्योग के नेतृत्व में दोनों देश इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापार और नवाचार में पारस्परिक विकास हासिल करने के लिए सहयोग करते हैं। भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण उद्योग 2025-26 तक 300 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन का लक्ष्य बना रहा है। टास्क फोर्स के प्रमुख उद्देश्यों में व्यापार को बढ़ावा देना, नवाचार को बढ़ावा देना, नौकरियां पैदा करना और वैश्विक तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र के साथ निर्बाध एकीकरण प्राप्त करना शामिल है। इसका उद्देश्य सेमीकंडक्टर उन्नति, उन्नत दूरसंचार, आईसीईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति श्रृंखला जैसी पहलों पर भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाना है। आईसीईए के अध्यक्ष पंकज मोहिन्द्रू ने कहा, हमारी सामूहिक दृष्टि और लक्ष्य महत्वाकांक्षी हैं, और इसे वास्तविकता बनाने के लिए हमारे पास सही दिमाग, सही साझेदारी और सही भावना है। अगला दशक भारत और अमेरिका दोनों के इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग के लिए परिवर्तनकारी होगा। इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए भारत-अमेरिका टास्क फोर्स इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापार परिदृश्य को नया आकार देने के लिए एक अभूतपूर्व अवसर का प्रतिनिधित्व करता है।

## शेयर बाजार की तेजी पर ब्रेक


**मुंबई** 31 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, यूटिलिटीज, तेल एवं गैस और सर्विसेज समेत ग्यारह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार की पिछले लगातार तीन दिन की तेजी पर ब्रेक लग गया।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 255.84 अंक लुढ़ककर 64831.41 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 93.65 अंक की गिरावट लेकर 19253.80 अंक पर आ गया। हालांकि दिग्गज कंपनियों की तरह छोटी कंपनियों में लिवाली हुई लेकिन मझौली कंपनियों के शेयर फिसल गए। इससे मिडकैप 0.02 प्रतिशत उतरकर 31,200.60 अंक जबकि स्मॉलकैप 0.79 प्रतिशत उछलकर 37,143.67 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3768 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1777 में बिकवाली जबकि 1844 में लिवाली हुई वहीं 147 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 35 कंपनियां लाल जबकि शेष 16 हरे निशानी पर रही।

बीएसई के 11 समूहों में लिवाली हुई। इस दौरान कमोडिटीज 0.37, ऊर्जा 0.84, एफएमसीजी 0.71, वित्तीय सेवाएं 0.41, यूटिलिटीज 1.28, ऑटो 0.18, बैंकिंग 0.65, तेल एवं गैस 1.32, पावर 0.51, टेक 0.09 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.04 प्रतिशत लुढ़क गए।

विदेशी बाजारों का रुझान मिश्रित रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.02, हांगकांग का हैंगसेंग




0.55 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.55 प्रतिशत उतर गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.53 और जापान के निक्केई में 0.88 प्रतिशत की तेजी रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 91 अंक की तेजी के साथ 65,178.33 अंक पर खुला और मजबूत लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 65,277.04 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बिकवाली के दबाव में कारोबार के अंतिम चरण में यह 64,723.63 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 65,087.25 अंक के मुकाबले 0.39 प्रतिशत टूटकर 64,831.41 अंक पर रहा।

निफ्टी भी 28 अंक बढ़कर 19,375.55 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,388.20 अंक के उच्चतम जबकि 19,223.65 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,347.45 अंक की तुलना में 0.48 प्रतिशत गिरकर 19,253.80 अंक पर आ गया।

सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में बजाज फाइनेंस 1.34, एशियन पेंट 1.33, इंडसइंड बैंक 1.20, एसबीआई 1.12, पावरग्रिड 1.03, टीसीएस 0.97, एक्सिस बैंक 0.87, टाटा मोटर्स 0.73, रिलायंस 0.47, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.46, एचडीएफसी बैंक 0.44, एनटीपीसी 0.18, एलटी 0.10, भारती एयरटेल 0.08 और इंफोसिस 0.07 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, मारुति 2.22, टाइटन 1.09, अल्ट्रासिमको 1.02, टाटा स्टील 0.78, आईसीआईसीआई बैंक 0.42, एचसीएल टेक 0.41, टेक महिंद्रा 0.41, जियो फाइनेंस 0.41 और विप्रो ने 0.29 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## उपभोक्ता संरक्षण में होगा कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग : रोहित कुमार सिंह

नई दिल्ली, 31 अगस्त (एजेंसियां)। उपभोक्ता मामलों के विभाग ( डीओसीए) के सचिव रोहित कुमार सिंह ने गुरुवार को कहा कि उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए सावधानी के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद ली जा सकती है । श्री सिंह यहां , आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) और उपभोक्ता विषय पर कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे । इस कार्यक्रम में एआई के लाभों को प्राप्त करते हुए उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के मुद्दों का पता लगाने के लिए डीओसीए और हितधारकों के बीच रचनात्मक बातचीत की गई । श्री सिंह ने कहा कि प्रौद्योगिकी जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रचलित है और दैनिक जीवन में लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है और उसका प्रभाव बढ़ रहा है । इसलिए, उपभोक्ताओं के साथ उनके संबंधों के संबंध में इन प्रौद्योगिकियों के प्रभावों के बारे में सावधान रहना और भी अधिक आवश्यक है । कार्यशाला में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों की निगरानी, उपभोक्ता शिकायतें दर्ज करने की सुविधा में एआई तकनीक के उपयोग पर भी चर्चा की गई । विभिन्न हितधारकों और विशेषज्ञों ने खरीदारी की प्राथमिकताओं की पहचान करने, खरीदारी के पैटर्न, उन्नत अनुशंसाएं, ग्राहकों को भविष्य कहने वाला समर्थन के साथ-साथ गोपनीयता संबंधी चिंताओं, चूक के मामले में दायित्व सौंपने में कठिनाई, एल्गोरिथम पूर्वाग्रह सहित एआई की चुनौतियों के संदर्भ में एआई के फायदों पर चर्चा की ।

## पाम ऑयल चढ़ा, गेहूं और चीनी सस्ती

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में जबरदस्त तेजी रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में पाम ऑयल के दाम चढ़ गये जबकि गेहूं और चीनी में नरमी रही वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 57 रिंगिट उबलकर 3858 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.14 सेंट की तेजी लेकर 62.77 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में पाम ऑयल में 134 रुपये की तेजी को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चीनी 100 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हो गई वहीं गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान गेहूं 50 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया जबकि चावल के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 8000-8100, मूंग दाल 9100-9200, उड़द दाल 11300-11400, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## मुंबई में अगस्त में 10,550 संपत्तियों की रजिस्ट्री, एक दशक का रिकार्ड : नाइट फ्रैंक

**मुंबई,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। मुंबई शहर में इस वर्ष अगस्त में कुल 10,550 अचल संपत्तियों (मकान/भवन आदि) का पंजीकरण होने का अनुमान है।

नाइट फ्रैंक इंडिया की गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार इससे राज्य सरकार को 790 करोड़ रुपये का पंजीकरण शुल्क मिलने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मुंबई में इस बार अगस्त माह में पिछले वर्ष इसी माह की तुलना में सम्पत्तियों के पंजीकरण और राजस्व में 23 प्रतिशत की वृद्धि दिखी है।

रिपोर्ट के अनुसार अगस्त 2023 में कुल पंजीकृत संपत्तियों में से 80 प्रतिशत आवासीय और शेष गैर-आवासीय संपत्तियाँ हैं।



नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार इस बार का अगस्त महीना अचल सम्पत्तियों की पंजीकरण संख्या और सरकार को इससे होने वाले राजस्व, दोनों की दृष्टि से एक दशक का सबसे अच्छा महीना साबित हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है, ' यह ब्याज दरों और संपत्ति की कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद मुंबई के आवासीय रियल एस्टेट क्षेत्र की स्थायी मजबूती और संपत्ति खरीदारों के अटूट विश्वास को इंगित करता है।

मजबूत मांग के चलते शहर के मध्य और पश्चिमी उपनगरीय इलाकों में शुरू की गयी नयी आवासीय परियोजनाएं में वृद्धि दिख रही है।

रिपोर्ट के अनुसार 2023 के शुरुआती आठ महीनों के दौरान, शहर में कुल 83,263 अचल सम्पत्तियों का पंजीकरण हुआ है जो एक उल्लेखनीय आंकड़ा है। इससे राज्य के खजाने में 7,242 करोड़ रुपये की आमदनी हुई है। यह उपलब्धि 2013 के बाद किसी भी वर्ष की इस अवधि की सबसे अच्छी उपलब्धि है।

नाइट फ्रैंक इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने एक बयान में कहा, मुंबई के आवासीय बाजार में मजबूती बनी हुई है। संपत्ति की कीमतों में वृद्धि और बड़े मकान खरीदने की खरीदारों की बढ़ती प्राथमिकता के कारण मुंबई में एक करोड़ रुपये या उससे महंगे मकानों की का पंजीकरण लगातार बढ़ रहा है।

### सार संक्षेप

## एयरोफ्लेक्स इंडस्ट्रीज का आईपीओ 83 प्रतिशत प्रीमियम पर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** मुंबई स्थित एयरोफ्लेक्स इंडस्ट्रीज ने गुरवार को बीएसई पर 82.78 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 197.40 रुपये पर मजबूत लिस्टिंग की शुरुआत की। पैंटोमैथ कैपिटल एयरोफ्लेक्स इंडस्ट्रीज आईपीओ में एकमात्र बुक रनिंग लीड मैनेजर है। एयरोफ्लेक्स और इसके प्रमोटर ने 76 करोड़ रुपये के प्री-आईपीओ के साथ कुल 427 करोड़ रुपये जुटाए। एयरोफ्लेक्स आईपीओ को 97.11 गुना सब्सक्राइब किया गया था जिसमें संस्थागत निवेशकों के लिए हिस्से को 194.73 गुना सब्सक्राइब किया गया था। निप्पॉन म्यूचुअल फंड, इनवेस्को म्यूचुअल फंड और व्हाइट ओक म्यूचुअल फंड ने एयरोफ्लेक्स की एंकर बुक का नेतृत्व किया। एयरोफ्लेक्स आईपीओ को 27 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे, जो इस साल अब तक किसी भी आईपीओ में प्राप्त आवेदनों की सबसे अधिक संख्या है।

## शिपरॉकेट के स्वामित्व वाली ओमुनी ने की 35 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी

**नई दिल्ली।** शिप्रॉकेट के स्वामित्व वाले रिटेल सास (सॉफ्टवेयर-ए-ए-सर्विस) प्लेटफॉर्म ओमुनि ने इस महीने की शुरुआत में पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत अपने लगभग 35 प्रतिशत कार्यबल या लगभग 60-70 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। इंक 42 ने सूत्रों के हवाले से बताया कि नौकरी में कटौती ने तकनीकी, उत्पाद और बिक्री टीमों के कर्मचारियों को प्रभावित किया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि बेंगलुरु स्थित कंपनी सीईओ और सह-संस्थापक मुकुल बाफना और सीटीओ सुमीत चंडोक सहित वरिष्ठ प्रबंधन टीम को भी बाहर कर देगी। शिपरॉकेट के एक प्रवक्ता के हवाले से कहा गया, शिपरॉकेट में, हम एक पूर्ण-स्टैक ई-कॉमर्स सक्षम मंच का निर्माण कर रहे हैं और हमेशा साझेदारी, विलय और अधिग्रहण के माध्यम से अपने व्यापारियों के लिए एक बड़ा व्यावसायिक प्रभाव पैदा करने के अवसरों की तलाश में रहते हैं। यह कहा गया कि, जैसा कि हम ओमुनि सहित अधिग्रहणों के साथ तालमेल तलाशते हैं, इसके परिणामस्वरूप अक्सर संगठन-व्यापी स्तर पर कार्यबल का एकीकरण होता है और हमने विभिन्न समूह कंपनियों में कुछ टीमों को एकीकृत किया है। एक कंपनी के रूप में, हम अपने दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध हैं। प्रभावित कर्मचारियों को दो महीने का वेतन मिलेगा। ओमुनि, जिसकी स्थापना 2014 में हुई थी, ब्रांडों और खुदरा विक्रेताओं के लिए एक सर्वव्यापी खुदरा मंच है। शिपरॉकेट ने पिछले साल जुलाई में स्टॉक और नकद सौदे में200 करोड़ रुपये में ओमुनी को अरविंद इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड से खरीदा था। इस बीच, घरेलू हेल्थटेक स्टार्टअप केनको हेल्थ ने अपने 20 फीसदी कर्मचारियों को हटा दिया है। सूत्रों के हवाले से इनट्रैकर ने बताया कि कंपनी ने कम से कम 50-60 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है, हालांकि यह संख्या अधिक भी हो सकती है।

# खेल जगत

## इंटर मियामी को नैशविले ने बराबरी पर रोका, मेसी गोल नहीं कर सके



**वाशिंगटन,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। इंटर मियामी की नौ मैचों की जीत का सिलसिला उस समय समाप्त हो गया जब उन्हें मेजर लीग सॉकर मुकाबले में नैशविले ने गोलरहित घरेलू ड्रा पर रोक दिया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मेजबान टीम के पास 70त्न कब्ज़ा था और गोल पर 13 शॉट थे, लेकिन फोर्ट लॉडरडेल के डीआरवी पीएनके स्टेडियम में नैशविले की रक्षा को तोड़ने में असफल रहे। मेसी के लिए रात का सर्वश्रेष्ठ स्कोरिंग मौका उस समय आया जब उन्होंने डैक्स मैक्कार्टी द्वारा गिराए जाने के बाद क्षेत्र के किनारे के पास फ्री-किक जीता। लेकिन सात बार के बैलन डी ओर विजेता ने परिणामी सेट पीस के साथ खराब संपर्क किया, दीवार के ऊपर से एक कमजोर शॉट भेजा लेकिन सीधे गोलकीपर इलियट पैनिक्को के पास पहुंच गया। परिणाम के कारण इंटर मियामी 15-टीम ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस स्टैंडिंग में 14वें स्थान पर है, जो प्ले-ऑफ स्थानों से 13 अंक पीछे है।

## हरमनप्रीत हांगजू एशियाई खेलों में भारत की पुरुष हॉकी टीम के कप्तान, हार्दिक उपकप्तान



- आकाशदीप, दिलप्रीत, सिमरनजीत और जुगराज सिंह को नहीं मिली जगह
- सविता होंगी भारत की महिला टीम की कप्तान, दीप ग्रेस उपकप्तान

**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (देशबन्धु)। हॉकी इंडिया ने किया एशियाई खेलों के लिए चुनी हॉकी टीमों को किया सम्मानित भारत की हांगजू एशियाई खेलों के लिए चुनी गई पुरुष और महिला हॉकी टीमों हॉकी इंडिया ने अपने अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोलानाथ सिंह की मौजूदगी विशेष विदाई समारोह में सम्मानित कर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर हॉकी इंडिया ने खिलाडि़यों के परिवार जनों उनके माता पिता को भी सम्मानित किया। भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमें 19 सितंबर को बेंगलुरु से एशियाई खेलों में शिरकत करने हांगजू रवाना होंगी। जाने माने ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह हांगजू (चीन) में एशियाई खेलों में भारत की पुरुष हॉकी टीम के कप्तान होंगे जबकि आक्रामक मिडफील्डर हार्दिक सिंह टीम के उपकप्तान होंगे। वहीं अनुभवी गोलरक्षक सविता को भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तानी सौंपी गई जबकि फुलबैक दीप ग्रेस एक्का उपकप्तान होंगी। हॉकी इंडिया ने आधिकारिक रूप से एशियाई खेलों में 24 सितंबर से शुरू होने वाले हॉकी मुकाबले के भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीम की घोषणा बृहस्पतिवार को दी। भारत की हांगजू एशियाई खेलों के लिए चुनी गई पुरुष और महिला हॉकी टीमों हॉकी इंडिया ने अपने अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोलानाथ सिंह की मौजूदगी विशेष विदाई समारोह में सम्मानित कर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर हॉकी इंडिया ने खिलाडि़यों के परिवार जनों उनके माता पिता को सम्मानित किया। भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमें

हालांकि हॉकी इंडिया और अंतर्राष्ट्रीय हॉकी संघ (एफआईएच) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. नरिंदर बत्रा ने हॉकी इंडिया द्वारा टीम की औपचारिक घोषणा से करीब एक पखवाड़े पहले ही एशियाई खेलों के लिए चुनी गई भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीम की सूची इसके अध्यक्ष दिलीप टिर्की से कुछ खिलाडि़यों को न चुने जाने पर अपनी नाराजगी के साथ पहले ही अपने सूत्रों से जारी कर दी थी। चेन्नै में चौथी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीत इतिहास रचने वाली भारतीय हॉकी टीम बढि़या प्रदर्शन करने वाले सदाबहार स्ट्राइकर आकाशदीप सिंह व नवोदित सेल्वम कार्ति व ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह को टीम की जगह एशियाई खेलों के लिए टीम में स्ट्राइकर ललित उपाध्याय, अभिषेक के साथ फुलबैक संजय को चुना गया है। भारत की एशियाई खेलों में शिरकत कर जा रही पुरुष हॉकी टीम के 15 खिलाड़ी वही हैं जो भुवनेश्वर और राउरकेला में हुए विश्व कप में नौवें स्थान पर रहने वाली टीम के है। 2018 में जकार्ता में पिछले एशियाई खेलों में शिरकत करने वाली कांसा जीतने वाली भारतीय टीम के मौजूदा कप्तान हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक, विवके सागर प्रसाद, वरुण कुमार, मनदीप सिंह , ललित उपाध्याय सहित आठ सदस्य ही मौजूदा टीम में हैं।

एफआईएच रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज भारत की पुरुष हाल ही में बेशक हाल ही में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के साथ हांगजू एशियाई खेलों में स्वर्ण की मजबूत दावेदार है। बावजूद इसके आकाशदीप सिंह को बढि़या प्रदर्शन के बावजूद टोक्यो ओलंपिक की एशियाई खेलों से बाहर कर उनके साथ एक बार फिर अन्याय किया ही गया साथ ही खासतौर पर स्ट्राइकर- लिंकमैन के रूप में खेलने वाले दिलप्रीत सिंह और सिमरनजीत को टीम से बाहर रखने के भारत के चीफ कोच क्रेग फुल्टन के फैसले पर भी भी सवाल उठेंगे ही। भारत की टीम में आकाशदीप सिंह और दिलप्रीत सिंह निश्चित रूप से सुखजीत, शमशेर व गुरजंट से बेहतर विकल्प होते।

वहीं हांगजू एशियाई खेलों के लिए गोलरक्षक सविता की अगुआई वाली पिछली बार की उपविजेता दुनिया की सातवें नंबर की भारतीय महिला हॉकी टीम खासी संतुलित है और इस बार बेशक वह रजत पदक को स्वर्ण पदक में बदलने का दम रखती है लेकिन नवजोत कौर और शर्मिला कुमारी को टीम में न चुना जरूर कुछ चौंकाने वाला है। जकार्ता में 2018 एशियाई खेलों में भारत की कप्तान रही अब भारत की सब जूनियर महिला खिलाडि़यों की कोच की जिम्मेदारी संभालने वाली कप्तान रानी रामपाल भले ही कहें उन्होंने अभी भी हॉकी नहीं टांगी और भारत के लिए फिर खेलने का सपना संजोए हैं लेकिन हकीकत वह भी जानती हैं और हॉकी इंडिया भी।

**भारत की एशियाई खेलों के लिए 18 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम : गोलरक्षक** : पीआर श्रीजेश व कृष्ण बहादुर पाठक। **रक्षापंक्ति** :हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), जर्मनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, वरुण कुमार, संजय। **मध्य पंक्ति** : हार्दिक सिंह (उपकप्तान) मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलकांत शर्मा, सुमित। **अग्रिम पंक्ति** : ललित कुमार उपाध्याय, मंदीप सिंह, अभिषेक , गुरजंट सिंह, सुखजीत सिंह, शमशेर सिंह।

**भारत की एशियाई खेलों के लिए 18 सदस्यीय महिला हॉकी टीम : गोलरक्षक** : सविता (कप्तान), बिच्छू देवी। **रक्षापंक्ति** : इशिका चौधरी, दीप ग्रेस एक्का, निकी प्रधान, उदिता, सुशीला चानू,। **मध्यपंक्ति** : नेहा गोयल, निशा वारसी, मोनिका, नवनीत कौर, सलीमा टेटे, सोनिका। **अग्रिम पंक्ति** :वंदना कटारिया, ललरेमसियामी, दीपिका,संगीता कुमारी, वैष्णवी फाल्के।

## दक्षिण अफ्रीका के गुणवत्तापूर्ण तेज गेंदबाज विपक्षी टीम के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर सकते हैं : कैलिस



**जोहान्सबर्ग,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के महान क्रिकेटर जैक्स कैलिस का मानना है कि भारत में 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक होने वाले आगामी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में टीम का गुणवत्तापूर्ण तेज आक्रमण एक बार फिर उनकी उम्मीदों की कुंजी होगा।

दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक 50 ओवर का विश्व कप नहीं जीता है, उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन चार बार सेमीफाइनलिस्ट रहा है। वे 7 अक्टूबर को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 1996 के चैंपियन श्रीलंका के खिलाफ अपने 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप अभियान की शुरुआत करेंगे। आईसीसी ने कैलिस के हवाले से कहा, मुझे लगता है कि दक्षिण अफ्रीका की ताकत हमारा गेंदबाजी आक्रमण है। हमारे पास कुछ गुणवत्ता वाले तेज गेंदबाज हैं जो विपक्षी टीम के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर सकते हैं। और मुझे लगता है कि अगर दक्षिण अफ्रीका आगे बढ़ता है तो वे एक प्रमुख भूमिका निभाएंगे। पूर्व तेज हरफनमौला खिलाड़ी कैलिस को लगता है कि दक्षिण अफ्रीका के लिए महत्वपूर्ण बात यह होगी कि प्रतियोगिता से पहले अंतिम समय में अपनी भूमिकाओं में बदलाव से बचना होगा। क्रिकेट विश्व कप में सफल होने के लिए दक्षिण अफ्रीका को एक चीज बदलने की जरूरत है, वह यह है कि हमने विश्व कप से पहले जो क्रिकेट खेला है, उसे जारी रखें। हमारे पास विश्व कप से पहले अच्छा क्रिकेट खेलने का इतिहास है। किसी कारण से, चीजें बदल जाती हैं। शायद हम बहुत ज्यादा चाहते थे। मुझे लगता है कि खिलाड़ी बहुत ज्यादा चाहते थे और आप उस क्षेत्र से बाहर चले गए हैं जो आपको करना था। हो सकता है कि वे अपनी भूमिकाओं से बाहर जा रहे हों क्योंकि वे बहुत ज्यादा चाहते थे। अपनी भूमिकाओं पर कायम रहें। अपने बगल वाले साथी पर भरोसा रखें और बस वही क्रिकेट खेलें जो आप खेल रहे हैं। इंग्लैंड में 2019 विश्व कप के दौरान दक्षिण अफ्रीका के कप्तान फाफ डु प्लेसिस, जहां वे सेमीफाइनल में पहुंचने में असफल रहे, ने चेतावनी दी कि भारत में परिस्थितियों के अनुकूल होना टेम्बा बावुमा के पुरुषों के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। दक्षिण अफ्रीका की सफेद गेंद वाली टीम मजबूत स्थिति में है। उन्हें उस विश्व कप में जाने का कुछ वास्तविक अनुभव है। सभी टीमों के लिए जो उपमहाद्वीप से नहीं हैं, उनके लिए जाहिर तौर पर हमेशा उपमहाद्वीप में जाने की चुनौती होती है। खासकर 50 ओवर के क्रिकेट में। मुझे लगता है कि टी20 क्रिकेट में सतहें थोड़ी अधिक समतल होती हैं और आपको कुछ बहुत अच्छी पिचें मिलती हैं। 50 ओवर के क्रिकेट में, आप उस टूट-फूट को दूर कर सकते हैं और स्पिनर वास्तव में अपने आप में आ जाते हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा कि मेजबान भारत और कई बार की विजेता ऑस्ट्रेलिया प्रतियोगिता में हराने वाली टीमें होंगी। मुझे लगता है कि दक्षिण अफ्रीका के पास वास्तव में एक अच्छी टीम है। घरेलू परिस्थितियों में भारत जैसी टीम से पार पाना कठिन होगा। दूसरी टीम जिसे आप कभी नजरअंदाज नहीं कर सकते, वह ऑस्ट्रेलिया है, जो आईसीसी आयोजनों में बहुत सफल रही है।

## भारत कड़े संघर्ष के बावजूद पाक से 4-5 से हार गया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 31 अगस्त (देशबन्धु)। भारत दूसरे हाफ में गजब का जीवट दिखाने के कड़े संघर्ष के बावजूद अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से बुधवार रात पुरुष एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वालीफायर में इलीट पूल मैच में सलाला (ओमान) में कड़े संघर्ष में 4-5 से हार गया। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में चेन्नई में खेलने वाले एहतेशाम असलम (दूसरे व तीसरे मिनट) के दो तथा जकारिया हयात (पांचवें मिनट), अब्दुल रहमान (13 वें मिनट) और अब्दुल राणा (26) के एक एक गोल से पाकिस्तान ने मैच में बराबर अपना दबाव बनाए रखा। वहीं भारत के लिए गुरजोत सिंह (12) ने पहले हाफ तथा मनिंदर सिंह(17 वें व 29 मिनट) ने दो दूसरे हाफ में दो तथा मुहम्मद रहील (21वें मिनट) एक गोल दागा। भारत की चेन्नै में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम के इकलौते खिलाड़ी जुगराज सिंह हैं।

मोहम्मद रहील, पवन राजभर और मनिंदर सिंह की हैट्रिक तथा जुगराज सिंह के दो तथा सुखविंदर के एक गोल से भारत ने इससे पहले अपने दूसरे मैच में ओमान को 12-2 से करारी शिकस्त दी। ओमान के लिए फहद अल लवाती और राशिद अल फजारी ने एक एक गोल किया। और एहतेशाम असलम ने दूसरे मिनट में रिवर्स हिट से तीसरे मिनट में भारत के हमले पर गोलरक्षक अली रजा के पैड से लगकर लौटती गेंद को अगले ही मिनट गोल में डाल दो मिनट में दो गोल कर पाकिस्तान को 2-0 से तथा जिकिरया हयात ने पांचवें में गोल कर तथा पाकिस्तान की बढ़ 3-0 कर दी लेकिन भारत के गुरजोत ने हाफ टाइम से तीन मिनट पहले गोल कर स्कोर 1-3 कर दिया। अगले ही मिनट हयात ने गोल कर पाकिस्तान को हाफ टाइम तक 4-1 की बढ़त दिला दी थी। भारत ने बराबर पाने के मकसद दूसरे हाफ में पूरी ताकत हमलों पर झोंक दी। भारत के मनिंदर सिंह ने दूसरे हाफ के दूसरे मिनट में रिवर्स हिट से तथा कुछ मिनट बाद मोहम्मद रहील ने गो स्कोर 3-4 कर दिया।

## जोकोविच तीसरे दौर में पहुंचे, रूड, सितसिपास हुए उलटफेर का शिकार



**न्यूयॉर्क,** 31 अगस्त (एषेंसिणं) सर्बिया के दूसरी सीड नोवाक जोकोविच ने अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में स्पेन के बर्नाब मिरालेस को हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया, हालांकि पांचवीं सीड कैस्पर रूड और सातवीं सीड स्टेफानोस सितसिपास उलटफेर का शिकार हो गए।

चीन के झांग झीजेन ने अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए नॉर्वे के रूड को तीन घंटे 18 मिनट में 6-4, 5-7, 6-2, 0-6, 6-2 से हराया। स्विट्जरलैंड के डोमिनिक स्ट्राइकर ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम आयोजन के तीसरे दौर के यूनान के सितसिपास को कड़े मुकाबले में 7-5, 6-7(2), 6-7(5), 7-6(6), 6-3 से हराया। दूसरी ओर, जोकोविच ने अपने 24वें ग्रैंड स्लैम खिताब की ओर एक और मज़बूत कदम बढ़ाते हुए मिरालेस को 6-4, 6-1, 6-1 से हरा दिया।

सर्बियाई दिग्गज ने अपना पहला मैच सीधे सेटों में जीतकर सोमवार एटीपी रैंकिंग में नंबर एक पर वापसी की और मिरालेस के खिलाफ भी उनका प्रदर्शन प्रभावशाली रहा। जोकोविच ने इस मुकाबले में सभी छह ब्रेक पॉइंट बचाते हुए दो घंटे दो मिनट में जीत दर्ज की। उन्होंने अपने पहले दो मैचों में सिर्फ 11 गेम गंवाए हैं।

जोकोविच ने जीत के बाद कहा, उन्होंने अच्छी शुरुआत की। हमारी कुछ रैलियां लंबी और थकाने वाली थीं, इसलिए इसमें थोड़ा अधिक समय और प्रयास लगा। मेरे लिए एक ब्रेक काफी था। दूसरे सेट में मैं अच्छा खेला। तीसरे की शुरुआत में, कुछ करीबी गेम हुए लेकिन आखिरी चार गेम में मैंने वास्तव में अच्छा खेल दिखाया। कोर्ट पर खेलते हुए मैं जिस तरह से महसूस कर रहा हूं, उससे मैं खुश हूं।

अगले दौर में जोकोविच का सामना हमवतन लासलो जेरे से होगा। जोकोविच ने जेरे के बारे में कहा, वह बहुत अच्छे फॉर्म में हैं। यह सर्बियाई टेनिस के लिए बहुत अच्छा है कि हम तीसरे दौर में भिड़ रहे हैं। एक सर्बियाई निश्चित रूप से चौथे दौर में पहुंचेगा, जो हमारे टेनिस जगत के लिए अच्छा होगा।

## बुमराह के आने से हमारी गेंदबाजी मजबूत हुई : शमी



नयी दिल्ली, 31 अगस्त (एषेंसिणं) लंबे समय तक जसप्रीत बुमराह की कमी महसूस करने के बाद भारत के अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ मोहम्मद शमी ने कहा है कि उनकी वापसी से भारतीय गेंदबाज़ी मज़बूत हो गई है। शमी ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम पर कहा, लंबे समय से हमारे पास जस्सी (बुमराह) नहीं था, इसलिए हमें उसके जैसे अच्छे खिलाड़ी की कमी महसूस हुई।

उन्होंने कहा, आपको कभी-कभी ऐसा लगता है कि काश यह खिलाड़ी वहां होता, ताकि आपका संयोजन सेट हो सके। इसलिए जस्सी के होने से, खासकर सीमित ओवर प्रारूप में, हमारी गेंदबाजी बहुत मजबूत हो गई है। वह फिट दिख रहे हैं और अच्छा खेल रहे हैं, उम्मीद है कि हम एशिया कप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उल्लेखनीय है कि बुमराह कमर में स्ट्रेस फ्रैक्चर होने के कारण करीब 11 महीने क्रिकेट से दूर रहे और उन्होंने इसी माह आयरलैंड टी20 दौरे के लिए टीम में वापसी की। शमी को पूरा विश्वास है कि बुमराह, सिराज और उनकी तिकड़ी एशिया कप और उसके बाद होने वाले विश्व कप में भारत के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। शमी ने कहा, बड़े मैचों के लिए हमेशा अच्छी तैयारी होती है क्योंकि हमने प्रशिक्षण शिविर में अभ्यास किया है। मुझे नहीं लगता कि हमें स्थिति का बहुत अधिक विश्लेषण करने की जरूरत है, हमारे पास कौशल और गेंदबाजी लाइनअप है, इसलिए हमें ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं। मुझे एक बात कहनी है कि जब भी वनडे मैच आते हैं तो ध्यान केंद्रित करना बहुत जरूरी होता है। इसलिए हमें ध्यान केंद्रित करना होगा और उचित योजना बनानी होगी।

उन्होंने कहा, मेरे पास नई गेंद है या टीम को मैच के दौरान किसी भी चरण में मेरी जरूरत है तो मैं हमेशा मौजूद रहता हूं। मुझे नई गेंद या पुरानी गेंद से गेंदबाजी करने में कोई झिझक नहीं है। हम तीनों (बुमराह, शमी और सिराज) बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं, इसलिए यह प्रबंधन पर निर्भर करता है कि कौन खेलेगा।

## वायाकॉम 18 को मिले बीसीसीआई के प्रसारण अधिकार



**मुंबई,** 31 अगस्त (एषेंसिणं) रिलायंस इंडस्ट्रीज और पैरामाउंट ग्लोबल के संयुक्त अधिग्रहण वाली मीडिया कंपनी वायाकॉम 18 ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सभी घरेलू मैचों के डिजिटल और टीवी प्रसारण अधिकार हासिल कर लिए हैं। बीसीसीआई ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की।

वायाकॉम 18 के पास इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के डिजिटल प्रसारण अधिकार पहले ही थे। अब भारतीय पुरुष और महिला टीम के घरेलू मैच भी वायाकॉम 18 ही प्रसारित करेगा।

बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, अगले पांच वर्षों के लिये लीनियर (टीवी) और डिजिटल दोनों के लिये बीसीसीआई मीडिया अधिकार जीतने पर को वायाकॉम 18 को बधाई। भारतीय क्रिकेट दोनों ही क्षेत्रों में आगे बढ़ता रहेगा क्योंकि आईपीएल और डब्ल्यूपीएल के बाद हम बीसीसीआई मीडिया अधिकारों के साथ साझेदारी भी बढ़ाएंगे। हम साथ मिलकर क्रिकेट प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित करना जारी रखेंगे। उल्लेखनीय है कि स्टार स्पोर्ट्स ने 2018 में 6,138 करोड़ रुपये (60 करोड़ रुपये प्रति मैच) की कीमत चुकाकर भारत के घरेलू मैचों के डिजिटल और टीवी प्रसारण अधिकार हासिल किये थे। वायाकॉम 18 ने आज हुई नीलामी में 5,966.4 करोड़ (67.8 करोड़) की कीमत चुकाई है।

शाह ने ट्वीट किया, वर्षों से आपके समर्थन के लिये स्टार स्पोर्ट्स और डिज़्नी प्लस हॉटस्टार को भी बहुत-बहुत धन्यवाद। आपने भारतीय क्रिकेट को दुनिया भर के प्रशंसकों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है।

## पृथ्वी शॉ ने काउंटी सीजन 2024 के लिए नॉर्थम्पटनशायर लौटने की पुष्टि की



**नई दिल्ली,** 31 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के दाएं हाथ के बल्लेबाज पृथ्वी शॉ की काउंटी सीजन-2024 के दूसरे भाग के लिए नॉर्थम्पटनशायर में वापसी की पुष्टि हो गई है। पृथ्वी शॉ ने इस गर्मी में क्लब के साथ अपने कार्यकाल में तत्काल प्रभाव डाला, जिसमें घुटने की चोट के कारण उनका कार्यकाल छोटा होने से पहले समरसेट के खिलाफ 153 गेंदों में 244 रन की रिकॉर्ड तोड़ पारी भी शामिल थी। क्लब द्वारा जारी एक बयान में शॉ ने कहा, मैं अगली गर्मियों में नॉर्थम्पटनशायर वापस जाने के लिए बहुत उत्साहित हूं। भले ही यह जल्दी खत्म हो गया था, लेकिन मैंने वास्तव में वहां अपने समय का आनंद लिया। इसका हिस्सा बनने के लिए यह एक शानदार क्लब है और मुझे लगा कि सभी ने तुरंत इसका स्वागत किया।

अन्य काउंटी टीमों की गहरी रुचि के बावजूद, शॉ ने कहा कि उनकी प्राथमिकता हमेशा एक और वर्ष के लिए नॉर्थम्पटनशायर लौटने की थी। जहां उन्हें काउंटी चैम्पियनशिप और वन डे कप दोनों में चयन के लिए उपलब्ध होने की उम्मीद है। उनका जून 2024 से सीज़न के अंत तक क्लब के साथ जुड़ने का कार्यक्रम है। मेरा लक्ष्य हमेशा टीम के लिए गेम जीतने में मदद करना है और इस बार घायल होना और जल्दी छोड़ना बहुत निराशाजनक था। टूर्नामेंट के बाद कुछ टीमें मुझसे संपर्क कर रही थीं और अगले साल उनके लिए खेलने के बारे में बात करना चाहती थीं, लेकिन मुझे लगता है कि नॉर्थम्पटनशायर के साथ मुझे अभी भी बहुत कुछ हासिल करना है। उन्होंने इस साल मुझे मौका दिया और मैं वापस आकर बहुत खुश हूं।

घुटने की चोट के कारण उनका कार्यकाल छोटा होने से पहले, 23 वर्षीय शॉ ने अपने 4 मैचों में 143 की औसत से 429 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 152 रहा और जिसमें उनका रिकॉर्ड तोड़ने वाला 244 रन लिस्ट ए के इतिहास में छठा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर था। मुख्य कोच जॉन सैडलर भी शॉ का ड्रेसिंग रूम में वापस स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं, जिनकी आखिरी अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति 2021 में हुई थी। उन्होंने कहा, पृथ्वी एक शानदार बल्लेबाज हैं और उसने इतने कम समय में हमारे लिए जो किया वह अविश्वसनीय था। वह अपनी चोट के कारण अधिक समय तक नहीं टिक पाने से पूरी तरह निराश थे क्योंकि वह कुछ और रेड-बॉल क्रिकेट खेलना चाहते थे। इसलिए, अगले साल उनके लिए ऐसा करने का मौका वास्तव में हम सभी के लिए रोमांचक है।

### सरे ने काउंटी सीजन के शेष तीन मैचों के लिए बी. साई सुदर्शन के साथ अनुबंध किया

लंदन। इंग्लिश क्लब सरे ने इस सीजन के अपने शेष तीन काउंटी चैम्पियनशिप मुकाबलों के लिए शीर्ष क्रम के भारतीय बाएं हाथ के बल्लेबाज बी साई सुदर्शन के साथ अनुबंध किया है। सुदर्शन 3 सितंबर से द ओवल में वारविकशायर के खिलाफ शुरू होने वाले सरे के मैच के साथ-साथ नॉर्थेंट्स (19-22 सितंबर, द ओवल) और हैम्पशायर (26-29 सितंबर, एजेस बाउल) के खिलाफ मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। 21 वर्षीय सुदर्शन ने भारत ए टीम का प्रतिनिधित्व किया है और श्रीलंका में एसीसी इमर्जिंग मेन्स एशिया कप में पाकिस्तान ए के खिलाफ शतक बनाया है, जहां उन्होंने पिछले महीने पांच मैचों में 220 रन बनाए थे। सुदर्शन भारतीय घरेलू क्रिकेट सर्किट में तमिलनाडु के लिए खेलते हैं और आठ प्रथम श्रेणी मैचों में दो शतक सहित उनका औसत 47.6 है। सुदर्शन आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए खेलते हैं और इस साल के फाइनल में उन्होंने अहमदाबाद में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हार के दौरान शानदार 96 रन बनाए। आईपीएल 2023 में सुदर्शन ने आठ पारियों में 141.40 की स्ट्राइक रेट से 362 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने दलीप ट्रॉफी और देवधर ट्रॉफी में दक्षिण क्षेत्र के लिए खेलने से पहले लाइका कोवई किंग्स के लिए इस साल के तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) में छह मैचों में 371 रन बनाए। दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट के व्यस्त कार्यक्रम के साथ, मुझे खिलाड़ियों की हमारी उपलब्ध टीम में साई सुदर्शन को शामिल करते हुए खुशी हो रही है। जिन लोगों का मैं बहुत सम्मान करता हूं, उन्होंने साई की अत्यधिक अनुशंसा की है, जिनमें भारतीय खेल के कुछ महान खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिन्होंने उन्हें करीब से देखा है और उनके साथ काम किया है।

## सार संक्षेप

### कोको गॉफ मिर्रा एंड्रीवा को हराकर तीसरे दौर में पहुंचीं

**न्यूयॉर्क।** नंबर 6 वरीयता प्राप्त अमेरिका कीकोको गॉफ ने इस साल ग्रैंड स्लैम में दूसरी बार अपनी साथी किशोरी मिर्रा एंड्रीवा को बुधवार को मात देते हुए 75 मिनट में लगभग 6-3, 6-2 से जीत दर्ज की और यहां यूएस ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गयीं। परिणाम ने गॉफ को फ्लशिंग मीडोज में पांच मुकाबलों में तीसरी बार और इस साल किसी प्रमुख मुकाबले में तीसरी बार तीसरे दौर में पहुंचा दिया है। दो सप्ताह पहले सिनसिनाटी में चैंपियन बनी अमेरिकी ने अपनी जीत का सिलसिला सात मैचों तक बढ़ाया है, जो उसके करियर के अब तक के टूर स्तर पर तीसरा सबसे लंबा है। 19 वर्षीय गॉफ ने इससे पहले अपने ग्रैंड स्लैम डेब्यू में रौलां गैरो के तीसरे दौर में 16 वर्षीय एंड्रीवा को 6-7(5), 6-1, 6-1 से हराया था। यह जोड़ी डब्ल्यूटीए रैंकिंग में चार सर्वोच्च रैंक वाले किशोरों में से दो हैं, जिसमें नंबर 63 रैंक वाली एंड्रीवा केवल गॉफ से पीछे हैं और दो चेक 18 वर्षीय लिंडा नोस्कोवा और लिंडा फ्रुहविर्टोवा हैं - जिनमें से बाद वाली की उन्हें गारंटी है कि यूएस ओपन के बाद आगे निकल जाए।

### फीबा विश्व कप में अमेरिका ने जॉर्डन को रौंदा

**मनीला।** अमेरिका ने फीबा विश्व कप में एक और प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 2006 के बाद पहली बार 100 से अधिक अंकों के साथ लगातार गेम हासिल किए और जॉर्डन को 110-62 से रौंद दिया। सोमवार को ग्रीस को 109-81 से हराने के बाद, अमेरिका ने एक गेम शेष रहते हुए राउंड 16 में स्थान हासिल कर लिया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रुप सी में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए उन्हें बुधवार को केवल जीत की जरूरत थी। जॉर्डन के खिलाफ, जिसे लगातार हार का सामना करना पड़ा था, अमेरिका ने शुरू से ही आक्रामकता दिखाई और 62-33 के आधे समय के स्कोर के साथ जीत लगभग पक्की कर ली। यूएस रोस्टर के सभी 12 खिलाड़ियों ने स्कोरशीट में योगदान दिया, जिसमें एंथोनी एडवर्ड्स 22 अंकों के साथ उल्लेखनीय रहे। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने आठ रिबाउंड और चार सहायता हासिल करते हुए मैदान से 16 में से 8 शॉट लगाए। मिनेसोटा टिम्बरवॉल्व्स के स्टार खिलाड़ी ने कहा, आगे बढ़ने के लिए हमारी गहराई महत्वपूर्ण होगी; हम सभी 12 स्कोर कर सकते हैं। हमारा तालमेल महत्वपूर्ण है क्योंकि हम एक-दूसरे से ऊर्जा लेते हैं। उस गहराई का होना वास्तव में महत्वपूर्ण है। जॉर्डन की ओर से, रोंडे हॉलिस जेफरसन ने 20 अंक और सात रिबाउंड का योगदान देते हुए अपना असाधारण फॉर्म बनाए रखा।